सूर्योदय : 6:25
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-145 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 16 नवम्बर 2024

13 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# दीपों से जगमग हुई काशी

## 25 लाख दीयों से जगमगाए 84 घाट



- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विश्व के सबसे बड़े और सुंदर घाट 'नमो घाट' का उद्घाटन किया
- धरती जहां की पारस है, नाम उसका बनारस है : जगदीप धनखड़

# नमो घाट दुनिया का सबसे बड़ा घाट : धनखड़

**वाराणसी।** देव दीपावली के पावन अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का काशी आगमन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने नमो घाट का लोकार्पण किया। उनके साथ सूबे के सीएम व राज्यपाल भी मौजूद रहीं। देव दीपावली पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नमो घाट का लोकार्पण कर कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा घाट है। उन्होंने कहा कि ये बात जब उन्होंने सीएम योगी से कही तो सीएम ने कहा कि भारत के अलावा घाट है की कहां। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज वह पल हमारे जीवन में आया है, जिसकी कल्पना मैंने कभी नहीं की थी। ये बहुत बड़ा दायित्व था। नमो घाट का लोकार्पण काशी आकर करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तो मुख्यमंत्री योगी के प्रयास से प्रदेश बदल रहा है। अपना भारत बदल रहा है और बड़ी तेजी से बदल रहा है। भारत की उपलब्धियों को दुनिया सराह रही है। कहा कि धरती जहां की पारस है, नाम उसका बनारस है। धनखड़ ने कहा कि भारत सनातन की भूमि है। काशी इसका प्रतीक है। उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति को संजोए रखने वाली काशी निरंतर विकास कर रही है। सनातन हमें एक रहने और मजबूत रहने का संदेश देता है।

### काशी में दिखा देवलोक जैसा नजारा



### रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग काशी

कार्तिक पूर्णिमा पर बनारस में देव दिवाली की अद्भुत छटा देखने को मिली। शाम होने के साथ ही गंगा तट पर दीपों को असंख्य माला जली तो ऐसा लगा जैसे पूरा देव लोक काशी में उतर आया है। इस अद्भुत नजारे को जिस किसी ने भी देखा वो बस देखता ही रह गया। गंगा तट के दोनों तरफ 25 लाख दीपक जलाए गए। वाराणसी के नमो घाट पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दीप जलाकर इस दीपोत्सव का शुभारंभ किया। उसके बाद सभी 84 घाटों पर लाखों दीप जल गए। इस अद्भुत नजारे को घाटों के अलावा पर्यटक गंगा की गोद से निहारते रहे।

### देव दीपावली पर उमड़ा जनसैलाब

देव दीपावली के इस अवसर पर काशी के 84 घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। गंगा आरती के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखने लायक था। देश के कोने-कोने से आए पर्यटकों ने दीपों की जगमगाहट और गंगा की महाआरती का आनंद लिया। घाटों पर भक्तिभाव की भव्यता देखते ही बन रही थी। दीपों की रोशनी से पूरा काशी नगरी आलोकित हो उठा। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ बेकाबू हो गई। कई लोग बैरिकेडिंग को पार कर आगे बढ़ते देखे गए। **नमो घाट बना आधुनिकता और परंपरा का संगम**- देव दीपावली के इस अवसर पर नमो घाट का लोकार्पण एक नई शुरुआत की प्रतीक बना। यह घाट आधुनिकता और पारंपरिक मूल्यों का अद्भुत संगम है। यहां की भव्यता और संरचना श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। **काशी में दिखा भक्ति का अद्वितीय उत्सव**- देव दीपावली पर काशी में दिव्यता और भक्ति का संगम देखने को मिला। दीपों की झिलमिलाहट, गंगा की महिमा और गूंजते हुए हर-हर महादेव के जयकारे ने हर किसी को भावविभोर कर दिया। काशी की यह देव दीपावली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की अनोखी झलक है। उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, और लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह आयोजन भारतीय परंपरा और आधुनिकता का अनूठा मेल साबित हुआ।

### काशी में हुआ अद्भुत बदलाव : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नमो घाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वे देव दीपावली के इस अद्वितीय पर्व के साक्षी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी की सूरत बदल गई है। पहले जहां गंगा के जल को स्नान के लिए भी असुरक्षित माना जाता था, वहीं आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नमामी गंगे परियोजना के तहत किए गए प्रयासों के कारण जल आचमन के योग्य हो गया है। सीएम ने कहा कि जिसे नमो घाट के रूप में जाना जाता है, उसे काशी की जनता नरेन्द्र मोदी घाट कहकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपना आभार प्रकट करती है। उन्होंने नमो घाट को लेकर कहा कि यह केवल एक घाट नहीं है बल्कि एक अद्वितीय स्थल है।

# अगर प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान पढ़ा होता तो नफरत नहीं फैलाते : राहुल

- हमारी 'मोहब्बत की दुकान' है, उनका 'नफरत का बाजार' है



**सिमडेगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संविधान को ''कूड़ेदान में डालने की कोशिश करने'' का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान पढ़ा होता तो उन्होंने ''नफरत नहीं फैलाई होती और समाज को नहीं बांटा होता'।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां एक चुनावी रैली में दावा किया, ''भाजपा संविधान को कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान पढ़ा होता तो उन्होंने नफरत नहीं फैलाई होती और समाज को नहीं बांटा होता।' उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''हमारी 'मोहब्बत की दुकान' है, उनका 'नफरत का बाजार' है; हम भाजपा की 'नफरत और हिंसा' को मोहब्बत से खत्म कर सकते हैं।'' राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि वह गरीबों का सम्मान करते हैं लेकिन वह कृषि ऋण तो माफ नहीं करते। मोदी पर उन्होंने मुंबई के धारावी में एक लाख करोड़ रुपये की जमीन उद्योगपतियों को सौंपने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा, ''हम प्रधानमंत्री मोदी से नहीं डरते, वह तो अरबपतियों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं।'

# प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में करेंगे संशोधनः अमित शाह

- विधानसभा चुनाव से पहले अमित शाह का बड़ा दावा

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे नेताओं के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी वक्फ बोर्ड कानून बदलना चाहते हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उद्धव जी, ध्यान से सुनिए, आप सभी जितना चाहें विरोध कर सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करेंगे। राहुल बाबा कहते थे कि उनकी सरकार लोगों के खातों में तुरंत पैसे जमा करेगी। आप हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने वादे पूरे नहीं कर पाए। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने वादा किया है कि लड़की बहन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और दुनिया की कोई भी ताकत इसे हमसे नहीं छीन सकती। वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के बारे में अच्छे शब्द बोलने की चुनौती दी।

### महाराष्ट्र में पांडव और कौरव के बीच लड़ाई



अमित शाह ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में दो खेमे हैं, एक पांडव जिसका प्रतिनिधित्व भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति कर रही है और दूसरा कौरव जिसका प्रतिनिधित्व महा विकास अघाड़ी कर रही है। उद्धव ठाकरे का दावा है कि उनकी शिवसेना असली है। क्या असली शिवसेना औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने के खिलाफ जा सकती है? क्या असली शिवसेना अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने के खिलाफ जा सकती है? असली शिवसेना भाजपा के साथ खड़ी है।

# मऊ में बाइक टकराने पर दो पक्षों में बवाल, पथराव में पुलिस की गाड़ियों के टूटे शीशे, सीओ घायल

**मऊ।** मऊ के घोसी थाना क्षेत्र के बड़ा गांव में दो बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद ने एक बड़ी घटना का रूप ले लिया। दो बाइकों की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ा कि चाकूबाजी की घटना हो गई। चाकूबाजी में दो युवकों के घायल होने की खबर है। इसके बाद दो गुट आपस में भिड़ गए और जमकर पथराव हुआ। इस दौरान मौके पर शांति बहाली के लिए पुलिस पहुंची। लेकिन भीड़ की तरफ से किए जा रहे पथराव में सीओ कोतवाल भी घायल हो गए। वहीं चाकूबाजी की घटना में घायल युवक सुक्खू राजभर को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के लिए किया गया रेफर किया गया है। चाकूबाजी की घटना के बाद उग्र भीड़ द्वारा जमकर पथराव किया गया। पथराव में पुलिस की गाड़ियों के शीशे टूट गए। वहीं उग्र भीड़ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी निशाना बनाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की खिड़की के शीशे भी पथराव में टूट गए। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।


Prof . Shamim Nikhat Memorial Fiction Award Committee
Cordially invites you to grace the occasion of



Dr. Shamim Nikhat Urdu Fiction Award-2024
To be conferred by
Hon'ble Justice Syed Aftab Husain Rizvi
to Renowned Fiction Writer
Mr. Noorul Hasnain (Maharashtra)

Waqar Mahdi Rizvi Sahafat Award 2024
Conferred by Dr. Taqi Abidi (Canada) to
Senior Journalist Mr. Pradeep Kapoor

Dr. Shamim Nikhat Memorial Lecture
to be delivered by Renowned Fiction Critic
Prof. Anwar Pasha (JNU, Delhi)

Presided by : Prof. Syed Wasim Akhtar, Chancellor, Integral University
Chief Guest : Hon'ble Ammar Rizvi, Ex Acting Chief Minister, U.P.
Guest of Hounour : Prof. Shahzad Anjum, Jamia Millia Islamia, Delhi
Tassurat : Prof. Mohd. Kazim, Dr. Khan Ahmad Farooq & Dr. Imtiyaz Ahmad
Nizamat : Prof. Abbas Raza Nayyar

SUNDAY, 17TH NOVEMBER 2024 (2:30 PM)
VENUE: KAIFI AZMI ACADEMY, NISHATGANJ, LUCKNOW

Abdussami | Karrar Zaidi | Yasmin Anjum | Prof. Reshma Parveen
Taqdis Fatima | S. Asim Raza | Dr. S.H.A. Kazmi | Dr. Moosi Raza
& SHAGIRDAN-E-SHARIB

Shoa Fatima Educational & Charitable Trust & Society, Lucknow
# 9936673292, 8299105803


### जनजातीय गौरव दिवस

### पीएम मोदी ने दी जमुई को 6,640 करोड़ की सौगात

# जिनको किसी ने नहीं पूछा 'मोदी' उन्हें पूजता है

- हमारी शीर्ष प्राथमिकता आदिवासी लोगों के लिए 'पढ़ाई, कमाई और दवाई
- 150 रुपये के स्मारक सिक्के और 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट का भी विमोचन किया



**जमुई।** बिहार के जमुई जिले में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6640 करोड़ की योजनाओं की का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

वहीं इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा की 150 जयंती पर 150 रुपये के स्मारक सिक्के और 5 रुपये का स्मारक डाक टिकट का भी विमोचन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा के वंशज बुद्धराम मुंडा और मंडल मुर्मू को पीएम ने सम्मानित किया। भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत की. आदिवासी लोगों के लिए 'पढ़ाई, कमाई और दवाई' को अपनी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने इस समुदाय के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय बनाया तथा बजट 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये किया। पीएम मोदी ने भाषण में कहा कि आज हमारे बीच बिरसा मुंडा जी और सिद्दो कान्हू जी के वंशज भी मौजूद हैं और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। पीएम मोदी ने आज के दिन की महत्ता बताते हुए कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा है। देव दीपावली है। गुरुनानक जयंती है और आज ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उन्होंने इस अवसर देशवासियों को बधायां दी। पीएम ने कहा जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कई योजनाएं चला रही हैं जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। कहा कि देश के आदिवासी समुदाय को पहले न्याय नहीं मिलता था। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अगर देश को आजादी एक परिवार की वजह से मिली तो बिरसा मुंडा ने 'उलगुलान' आंदोलन क्यों शुरू किया था ? उन्होंने कहा ''अनेक आदिवासी नेताओं ने स्वतंत्रता संघर्ष में अहम भूमिका निभाई थी।'' मोदी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने कभी आदिवासी लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं किया। उन्होंने कहा, ''हमारी शीर्ष प्राथमिकता आदिवासी लोगों के लिए 'पढ़ाई, कमाई और दवाई' है।

# पूरे हर्षोल्लास के साथ उत्सवपूर्ण वातावरण मे संपन्न लखनऊ पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा के प्रांगण में वार्षिकोत्सव रूबरू पूरे हर्षोल्लास के साथ उत्सवपूर्ण वातावरण मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि प्रमोद सिंह यादव चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ,लखीमपुर एवं सांसद डॉ.एस.पी. सिंह , संस्थापक - चेयरमैन लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के द्वारा हुआ। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित सम्मानित जनों का स्वागत सैपलिंग देकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ सीनियर वर्ग के छात्रों ने शिव-वंदन की सुंदर प्रस्तुति के द्वारा किया। विद्यालय के बच्चों ने परिवार-महत्व को बताने वाले कार्यक्रम घरौंदा, स्वाध्याय की भावना को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम पेज-टनल, प्राइमरी के बच्चों का जल के अंदर की दुनिया पर आधारित कार्यक्रम इन द डार्क डेप्थस, नृत्य एरोबिक्स उनलिस, क्लाउन डांस, लोककला पर आधारित कठपुतली डांस, राष्ट्रगर्व पर आधारित ऐतिहासिक नाटिका शिवाजी, विश्व के विभिन्न देशों के नृत्यों पर आधारित कार्यक्रम इंटरनेशनल डिलाइट, क्वायर सिंगिंग स्पेक्ट्रम, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को बताने वाला ह्यूमन वर्सेस ए.आई., विभिन्न प्रदेशों के नृत्य-कलाओं पर आधारित फ्यूजन आफ डांस लाइफ, कृष्ण-दर्शन पर आधारित डिवाइन कृष्णा एवं ग्रैंड फिनाले आदि कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने सभी कार्यक्रमों की मुक्त-कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने आई.सी.एस.ई. परीक्षा-2024 के 85त्न से अधिक प्राप्तांको के लिए ट्रॉफी तथा 90त्न से अधिक प्राप्तांक पाने वाले 36 छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, सैपलिंग एवं उनके माता-पिता को शाल देकर सम्मानित किया । संस्था द्वारा आयोजित परीक्षा कलाम ऑफ द अवार्ड 2024-25 में लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज मैं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र नीलनंदन, को रुपए 51000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया द्य साथ ही उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर विजय तोलानी एजुकेशनल मोटीवेटर उपस्थित रहे। सांसद डॉ.एस.पी. सिंह, फाउंडर चेयरमैन, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज ने, सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की एवं विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति व छात्र-छात्राओं के उत्कर्ष परीक्षा परिणाम की सराहना की। सभी उपस्थित अभिभावकों को अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी इनचार्जेस, शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुतियां के लिए धन्यवाद दिया।

# उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मना जनजाति गौरव दिवस, सोनहा में हुआ भव्य कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** जिले के सुदूरवर्ती सीमावर्ती जनजातीय क्षेत्र के ग्राम सोनहा के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर ÷जनजाति गौरव दिवस÷ को उत्साह, उल्लास, और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेंद्र शुक्ला ने डीपीआरओ विशाल सिंह, परियोजना अधिकारी यूके सिंह,अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों संग फीता काट कर किया पीओ यूके सिंह ने जनजातीय गौरव और संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के आंदोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया। जनजातीय क्षेत्र के लिए चलाई जा रही विकासपरक कार्यक्रमों की विस्तृत एवं बिंदुवार जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जनजातीय समुदाय के गौरवमयी इतिहास के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि जनजातीय समुदाय के मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता को प्रेरणा का स्रोत है। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला व पीओ यूके सिंह ने डीपीआरओ विशाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास तेजस्वी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एस के सचान संग विभिन्न विभागीय स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान थारू जनजाति की महिलाओं-बालिकाओं से एक एक कर मुलाकात कर संवाद किया।

एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं थारू महिलाओं ने थारू होली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा।

इसके बाद विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं की सौगातें दी। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन परियोजना अधिकारी यूके सिंह और जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) तेजस्वी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

## योजनाओं को लेकर जनजातीय क्षेत्र पहुंचा अफसरो का दल

जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय अधिकारियों का दल केंद्र, प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को लेकर जनजातीय क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बैंकिंग, समाज कल्याण, कृषि, स्वास्थ्य, आयुर्वेद, खाद एवं रसद, जनजाति विकास, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टालो का अवलोकन कर जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए।

## जनजाति गौरव दिवस पर हुआ अलंकरण

ब्लॉक प्रमुख और जिला स्तरीय अफसरो ने पीओ यूके सिंह के संयोजन में जनजाति समाज की जिला पंचायत सदस्य लीला देवी, थारू जनजाति संघ के अध्यक्ष फूल सिंह राणा, बड़ी संख्या में नीट, इंजीनिरिंग जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित थारू समाज के युवाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## कवियों ने सुनाया जनजातीय समाज का गौरव गान

जनजाति गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनजाति समाज पर एक लघु फिल्म दिखाई गई। इसके बाद जिले के कवि राजेंद्र तिवारी कंठक, कमलेश धुरंधर ने कविता के माध्यम से बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके उपरीता और व्यक्तित्व को सुनाया।कार्यक्रम में प्रिंसिपल संध्या शुक्ला सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के पुरुष महिला एवं छात्र-छात्र मौजूद रहे। वही प्रशांत बाजपेई द्वारा मंच संचालन किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी जनजातीय समाज की संस्कृति और सभ्यता की झांकी

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्राथमिक विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं ने जनजातीय समाज की संस्कृति और सभ्यता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया कुलदीप कुमार पुत्र चन्द्रभाल निवासी कैमहरा थाना फरधान उम्र 26 वर्ष।

## मशीन में फंसकर कट गया मजदूर का हाथ तो हुई मौत

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के नुनिहाई स्तिथ पाइप बनाने वाली अतुल फैक्ट्री में आज सुबह काम करते समय एक मजदूर का हाथ मशीन की बेल्ट में आ जाने से कटकर अलग हो गया। मौके पर काम कर रहे फैक्ट्री में अन्य कर्मचारियों ने जब चीखने की आवाज सुनी तब मशीन को बंद करवा कर इलाज के लिए भेजा। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक कर्मचारी टूंडला के नगला झम्मन निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र फैक्ट्री में काम कर रहे थे। तभी अचानक से उसका हाथ मशीन की बेल्ट में आ गया और कटकर अलग हो गया। आनन-फानन में घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना एत्माद्दौला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

कर्मचारियों ने बताया कि टूंडला के नगला झम्मन निवासी 50 वर्षीय राजेन्द्र रोजाना की तरह फैक्ट्री में काम कर रहे थे। काम करने के दौरान अचानक से उनका हाथ मशीन की बेल्ट में फस गया। मशीन की चपेट में आने से राजेन्द्र का हाथ कटकर अलग हो गया। आनन-फानन में घायल को लोडिंग टैम्पो से पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। काम करने वाले कर्मचारियों का आरोप है कि फैक्ट्री में न एम्बुलेंस और न ही अन्य आपात सुविधाएं उपलब्ध हैं जिस कारण घायल राजेन्द्र को लोडिंग टैम्पो से अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया है। जहाँ उसकी मौत हो गई। समय रहते अगर इलाज मिल जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। सूचना पर थाना एत्माद्दौला पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। थाना एत्माद्दौला प्रभारी राजेन्द्र त्यागी ने बताया कि मशीन की चपेट में हाथ आ जाने के कारण कटकर अलग हो गया था। ईलाज के दौरान राजेन्द्र की मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार



**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा दो वांछित वारंटियों फहीम पुत्र मतीन खान तथा गोविंद शर्मा पुत्र चंद्रपाल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना उसावां पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में पांच लोगों सतपाल,हिमांशु,विपिन,गोविंद और परविंदर को गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में हुई युवक की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र में गांव मथना निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। छेड़छाड़ की तहरीर मिलने पर पुलिस ने युवक की तलाश में बृहस्पतिवार रात तीन बजे दबिश दी थी, जहां से उसके छोटे भाई को अपने साथ ले गई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है गांव मथना निवासी हरिनाम का विशाल वर्मा 25 वर्ष का गांव की ही किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी होने पर किशोरी के परिजनों ने छेड़खानी का आरोप लगाकर एलआरपी चौकी पुलिस को तहरीर दी थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए रात करीब तीन बजे आरोपी की तलाश में उसके घर दबिश दी। इसकी जानकारी होते ही आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। दबाव बनाने के लिए आरोपी के छोटे भाई को पुलिस उठा ले गई पुलिस जाने के एक घंटे बाद आरोपी युवक का शव उसी के घर के बाहर पड़ा मिला। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो चीख पुकार मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों ने लड़की पक्ष के लोगों पर विशाल की हत्या और शव घर के बाहर फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के परिजनों के मुताबिक विशाल की शादी हो चुकी थी। शादी के बाद दंपती में अनबन थी। सात साल पहले ही दोनों के बीच तलाक हो गया था। इसके बाद विशाल ने दूसरी शादी नहीं की। इसी बीच गांव की ही नाबालिग लड़की से प्रेमप्रसंग हो गया। जानकारी होने पर लड़की पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। विशाल के खिलाफ तहरीर दे दी। विशाल के परिजनों ने लड़की के घरवालों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। सूत्र बताते हैं कि लड़की पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद चौकी प्रभारी एलआरपी पशुपति नाथ ने आरोपी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी थी। परिजनों ने बताया कि रात तीन बजे पुलिस विशाल की तलाश करते हुए घर पहुंची थी। घर पर विशाल नहीं मिला तो उसके छोटे भाई को अपने साथ ले आई थी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक का छोटा भाई सूरज वर्मा ने चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सूरज ने पुलिस पर जबरन असलहा रखने की बात स्वीकारने का आरोप लगाया है। इसका विरोध करने पर पुलिस ने सूरज की पिटाई करने की बात कही है। सूरज का कहना था कि पुलिस उससे यह बात कहलाना चाहती थी कि उसके पास नाजायज असलहा है, जिसे वह पुलिस को सौंप दें।

## मण्डलायुक्त ने ओवर रेटिंग करने वालों पर की कार्रवाई

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने शराब बिक्री में ओवर रेटिंग की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये मण्डल के सभी जनपदों में उप जिलाधिकारियों के माध्यम से शराब की दुकानों की जाँच करायी तथा जनपद मुजफ्फरनगर एवं शामली में ओवर रेटिंग की शिकायतें सही पायी जाने पर उन्होंने शासन व आबकारी आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की संस्तुति की।

मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद ने ओवर रेटिंग रोकने हेतु कुछ प्रस्ताव भी शासन को भेजे है, जिन पर शासन द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गयी है। अब मण्डलायुक्त के प्रस्ताव अनुसार शराब क्रय करने वाले ग्राहकों को निकट भविष्य में खरीदारी के समय पीओएस मशीन से स्कैनिंग के बाद बिल व भुगतान पर्ची भी प्राप्त होगी, जिससे ओवर रेटिंग पर अंकुश लग सकेगा।

# अंध विश्वास के खिलाफ वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलायी शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में आयोजित अंध विश्वास के विरूद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रयोगों के माध्यम से जागरूक किया।

देवबंद विकास खंड के खेड़ा मुगल स्थित बनारसी दास इंटर कॉलेज व पुवांरका विकास खंड के देवला स्थित राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रमों का उद्घाटन नैनी प्रयागराज स्थित एकता इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार मिश्रा व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की के रिसर्च स्कॉलर सुमित कुमार मावी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। बनारसी दास इण्टर कॉलेज खेड़ामुग़ल के प्रधानाचार्य डॉ.राम लखन सिंह व राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज देवला की प्रधानाचार्या गरिमा तोमर ने अपने-अपने विद्यालयों में अन्य विभिन्न विद्यालयों



से आये हुए बच्चों, अध्यापकों एवं अतिथियों का स्वागत किया। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक अम्बरीष कुमार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आवंटित कार्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित अंध विश्वास के विरुद्ध विज्ञान समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान ही समाज में फैले अंध विश्वास को प्रयोग के माध्यम से जागरूकता फैलाकर समाप्त कर सकता है। विशेषज्ञ प्रमोद कुमार मिश्रा ने सिर पर आग लगाकर बनाना, बिना माचिस के ग्लिसरीन रूपी घी से अग्नि प्रज्ज्वलित करना, जीभ पर कपूर जलाना, लोटे मे बार बार जल आना, बोतल का रस्सी को पकड़ लेना, चावल भर लोटे को चाकू से उठाना, खाली झोले से कागज को नोट और वस्तुओं को डबल मे बदलना, चुने से हाथ लाल होना, हाथ हिला कर नोट निकालना, जैसे 45 अंध विश्वासो को प्रयोगों के माध्यम से समाज में व्याप्त आडम्बरों एवं कुरुतियों का भंडाफोड़ किया। विशेषज्ञ सुमित कुमार मावी ने विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के 11 प्रयोग करके दिखाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अन्धविश्वास पर विश्वास न करे। इनके पीछे के विज्ञान को समझने का प्रयास करें। उन्होंने वस्तुओं की शुद्धता का मापन, ब्रह्माण्ड व उपग्रह की गति के सिद्धांतो की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी हमेशा उत्साही एवं प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित रहने चाहिए, तभी अंध विश्वास समाप्त होगा।

## हकीकत नगर परियोजनाओं का सीईओ ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने हकीकत नगर स्थित निर्मित जोनल ऑफिस व ई-सुविधा केंद्र तथा निर्माणाधीन सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना अधिकारी आकाश चौधरी ने मैप के साथ परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। सीईओ चौहान ने अधिकारियों को जोनल ऑफिस व ई-सुविधा केंद्र की पूर्ण हो चुकी परियोजना को हैंडओवर की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए क्रियाशील कराने के निर्देश दिए। हकीकत नगर में एक ही परिसर में जोनल ऑफिस, ई-सुविधा केंद्र तथा सीनियर सिटीजन केयर सेंटर बनाये जा रहे हैं। इसमें दो परियोजनाएं, जोनल ऑफिस व ई-सुविधा केंद्र पूरी हो चुकी है और सीनियर सिटीजन केयर सेंटर अभी निर्माणाधीन है। सीईओ संजय चौहान ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ जल्दी से जल्दी सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी अधिकारियों से परिसर में गाड़ी खड़ी करने के लिए शेड बनाने, भूमि समतलीकरण, पर्किंग, हार्टिकल्चर कार्य, बैंच, शुद्ध पेयजल, इण्टर लॉकिंग आदि कार्य के साथ परिसर को शीघ्र विकसित करने पर जोर देते हुए उसके लिए आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि आगामी स्मार्ट सिटी बोर्ड बैठक में उसे पारित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ई-सुविधा केंद्र में एक अपर नगरायुक्त के साथ निगम के निर्माण, टैक्स, स्वास्थय विभाग के कुछ अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था की जाए ताकि इस क्षेत्र के जोन से जुड़े वार्डो के कार्य इसी केंद्र से हो सके और लोगों को नगर निगम मुख्य कार्यालय न जाना पड़े। निरीक्षण के दौरान डीजीएम सिविल दिनेश सिंघल, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह के अलावा कार्यदायी संस्था के सहायक परियोजना अधिकारी आकाश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बरेली में आयुष्मान कार्डधारक पर भड़के डॉक्टर, ICU से धक्के देकर निकाल, वीडियो वायरल

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** सरकार की ओर से आयुष्मान कार्ड धारकों को पांच लाख रुपये निशुल्क उपचार की सुविधा है, लेकिन कुछ निजी अस्पतालों में डॉक्टर मनमानी कर रहे हैं। बरेली के दीपमाला अस्पताल का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें डॉक्टर मरीज के तीमारदार से अभद्रता करते दिख रहे हैं। एक निजी अस्पताल में तीमारदार से अभद्रता का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। इसमें डॉक्टर मरीज के तीमारदार से अभद्रता से बात करते सुने जा रहे हैं। आरोप है कि आयुष्मान कार्ड पर निशुल्क उपचार की सुविधा होने की बात पर डॉक्टर इतना आग बबूला हो गए कि उन्होंने तीमारदार को आईसीयू से धक्के देकर बाहर निकाल दिया। सरकार के लिए भी बुरा भला कहा।

मामला शहर के दीपमाला अस्पताल का है। वायरल वीडियो में डॉक्टर तीमारदार से यह कहते सुने जा रहे हैं कि फ्री में तुम्हें इलाज नहीं, धोखा मिलेगा। नाटक करेंगे.. हम इलाज कर रहे हैं। जो हाथ चलने लगा है, वो भी जिंदगी में नहीं चलेगा। तुम्हारा इंसान फ्री में सही हो जाए। फ्री वाले इलाज में तो कभी सही नहीं होगा। जिस अस्पताल को 22 सौ रुपये मिल रहे हैं, वो छह हजार का इंजेक्शन क्यों लगाएगा। 22 सौ रुपये में वह इलाज होता है, जो जिला अस्पताल में होता है। चूरन चटनी की गोली खिला दो बस।

**सरकारी की सुविधा लेकर जिंदा रहना तू**


डॉक्टर ने कहा कि सरकार अगर निशुल्क सुविधा देती है तो सरकारी अस्पताल में उपचार क्यों नहीं करा रही। जिला अस्पताल का बजट यहां से 10 गुना ज्यादा होता है। नेता और अफसर मिलकर सब खा जाते हैं। निजी अस्पताल में क्यों आना पड़ रहा है। डॉक्टर तीमारदार से कहते हैं कि तुम मेरे अस्पताल में मत आना। सामने भी मत पड़ना। सरकारी की सुविधा लेकर जिंदा रहना तू...। इसके बाद उसे धक्के मारकर आईसीयू से बाहर निकाल देते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद डॉक्टर ने सफाई दी है।

**डॉक्टर ने दी यह सफाई**

दीपमाला अस्पताल के डॉक्टर सोमेश मेहरोत्रा का कहना है कि आयुष्मान योजना सरकार की जन कल्याणकारी योजना है, लेकिन इसमें सभी इलाज की दरें तय हैं। ऐसा नहीं है कि एक बीमारी पर पूरे पांच लाख रुपये लगा दिए जाएं। मरीज पहुंचने के बाद आयुष्मान कार्ड लगाकर अनुमति ली जाती है, फिर इलाज शुरू होता है। अगर अचानक कोई मरीज आ जाए और कार्ड का अप्रूवल न मिले तो दिक्कत होती है। जिस इंजेक्शन को लगाने की बात कह रहा हूं, वह अप्रूवल से पहले का मामला है लेकिन लड़का समझने को तैयार नहीं था।

डॉक्टर ने कहा कि मैंने जो बोला वह फ्रस्ट्रेशन में बोला है। सरकार या जनप्रतिनिधियों से मेरी कोई शिकायत नहीं है। बीते चार माह में आयुष्मान कार्ड से इलाज के बाद बिल का अब तक भुगतान नहीं हुआ है। मेरी परेशानी को भी मानवीय पक्ष से देखा जाना चाहिए। सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाएं भी उपलब्ध मानव संसाधन के लिहाज से बेहतर हैं।

# अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**बरेली।** बहेड़ी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तमंचा और कारतूस समेत कई उपकरण बरामद किए। पकड़े गए तीन लोगों में एक का अपराधिक इतिहास रहा है। थाना बहेड़ी पुलिस ने गुरुवार रात करीब 11:50 बजे मुखबिर की सूचना पर धावा बोला। पुलिस सिंगोथी पुल पार करने बाद दाहिने तरफ जा रहे कच्चे रास्ते पर करीब 100 मीटर आगे खेत के पास पहुंची। पुलिस ने मौके से बाबूराम (58 साल), कुंवरसेन (47 साल) और गुड्डू (24 साल) को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी बाबू सिंह(35 साल) पुत्र तारा सिंह की पुलिस तलाश कर रही है।

**मौके से मिले ये उपकरण**

पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही कई उपकरण भी बरामद किए हैं। 1 तमंता 315 बोर, 2 कारतूस 315 बोर, 3 अधबने तमंचे 315 बोर, 1 अधबना तमंचा 12 बोर, 1 ड्रिल मशीन और तमंचे बनाने के उपकरण मिले।

**बाबूराम पर कई मुकदमे दर्ज**

बता दें, बाबूराम पुत्र फगुनी निवासी ग्राम सुकटिया याकूबगंज थाना बहेड़ी का निवासी है। कुंवरसेन पुत्र डालचन्द थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव सिंगोथी का रहने वाला है। गुड्डू पुत्र लाखन ग्राम बझेडा का निवासी है। बाबूराम का अपराधिक इतिहास रहा है। उस पर थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# आगरा में सरकारी मशीनरी की फिर खुली पोल, फतेहपुर सीकरी हाईवे पर हुआ प्रसव

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रदेश सरकार व स्वास्थ मंत्री लाख दावे करें परंतु आगरा में सरकारी मशीनरी का हाल कुछ और ही है। ताजा मामले में वाटर वर्क्स के पास रहने वाले ताजुद्दीन की पत्नी को आज यानी शुक्रवार तड़के हाईवे किनारे खुले में शिशु को जन्म देना पड़ा। फतेहपुर सीकरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिस महिला चिकित्सक ने तड़के साढ़े चार बजे ताजुद्दीन की पत्नी रुखसाना को यह कहकर डिलीवरी कराने से मना कर दिया था कि महिला में ब्लड की कमी है, उसी रुखसाना ने सड़क किनारे बच्चे को जन्म दिया। ताजुद्दीन अपनी पत्नी रुखसार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर सीकरी पर तड़के 4:30 बजे पहुंचा था। वहां उपस्थित महिला चिकित्सक ने ब्लड की कमी बताते हुए उसे आगरा अथवा भरतपुर ले जाने की सलाह दी। गर्भवती महिला के साथ पड़ोस की अन्य महिलाएं भी थीं। सभी ने कहा कि तीसरी डिलीवरी है और समय भी पूरा हो चुका है, डिलेवरी नॉर्मल हो जाएगी, किंतु चिकित्सक ने उसे दूसरी जगह ले जाने की कहकर पल्ला झाड़ लिया। इस पर ताजुद्दीन ने गर्भवती पत्नी रुखसार को बाइक पर बैठाया। पीछे पड़ोस की नन्ही को भी बैठा लिया क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र से एंबुलेंस की व्यवस्था भी नहीं हो पाई। ताजुद्दीन सीकरी चारहिस्सा नगर 13 मोरी के समीप एएनएम मंजू रानी के पास पत्नी को ले जा रहा था कि तेरहमोरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे तेज दर्द होने से रुखसाना को सड़क किनारे ही चादर पर लेटाना पड़ा। यहीं पर उसकी डिलीवरी हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे विद्युत उपखंड कार्यालय सीकरी चारहिस्सा के एसएसओ रणवीर चाहर और राजेंद्र लोधी ने सड़क किनारे डिलीवरी होते देखी तो तत्काल एएनएम मंजूरानी के पास पहुंचे और सब कुछ बताया। मंजूरानी ने गांव की आशा बहन को बुलाया और दोनों वहां पहुंचीं जहां रुखसाना ने बच्चे को जन्म दिया था। दोनों ने सड़क पर ही गर्भनाल काटी।

टेम्पो की व्यवस्था कर जच्चा और बच्चा को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सीकरी चारहिस्सा पर भर्ती कराया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। परिजनों ने बताया कि पहली जांच में हीमोग्लोबिन 9.0 है तथा पूर्व में भी दो बच्चे सामान्य प्रसव से हो चुके हैं। मगर स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आगरा ले जाने के लिए कह दिया। वही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पीयूष अग्रवाल का कहना है कि रुखसाना का मामला उनके संज्ञान में आया है। उसका हीमोग्लोबिन 5% के लगभग था। चेहरे पर स्वेलिंग भी थी, इसलिए उसे आगरा ले जाने की सलाह दी गई थी।

## जनपद के समस्त थानो के महिला विशेष दल द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** एसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों के महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति जागरुक किया गया।

## कई प्रतिष्ठानों से बीज और खाद के नमूने लिए गए



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उप्र शासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी, जालौन विनय मौर्य और जिला कृषि अधिकारी, जालौन द्वारा तहसील जालौन में औचक निरीक्षण कर कई प्रतिष्ठानों से बीज और खाद के नमूने लिए गए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। नमूना फेल होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। व्यापक अभियान चलाते हुए गेहूं, मटर और मसूर आदि के 30 नमूने और खाद के कुल 10 सैंपल लिए गए।

## लाखों की तादाद में श्रद्धालुओ ने लगाई गंगा में डुबकी



**बिजनौर अवधनामा संवाददाता।** गंगा स्नान पर लाखों लोगों ने गंगा में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। लाखों लोगों की भारी भीड़ के कारण विदुर कुटी रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। वही गंगा बैराज पर भी हजारों श्रद्धालूओं ने पहुंच कर स्नान कर गंगा मां से सुख समृद्धि की कामना की। खिचड़ी का भोजन मां गंगा को लाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण भी किया। पिछ्ले कई दिनों से विदुर कुटी घाट पर गंगा स्नान मेले की तैयारियां जोर शोर से जारी थी, बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा स्नान मेले में लाखों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला पिछ्ले कई दिनों से जारी था। बीती देर शाम दीपदान किया गया। लाखों लोगों गंगा में स्नान किया और खिचड़ी का भोग मां गंगा को लेकर प्रसाद स्खवरूप ग्रहण किया। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अपने-अपने डेरे जमाए हुए थे, लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से ज्ञान की स्थिति बन गई हालांकि प्रशासन द्वारा किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत परेशानी ना हो के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए! गंगा घाट के चारों ओर भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा!

## सीआरपीएफ के जवान की बुखार से मौत

**मंडावर अवधनामा संवाददाता।** बुखार से सीआरपीएफ के जवान की हुई मौत से गांव में दुःख की लहर दौड़ गई। पार्थिव का शरीर गांव पहुंचने पर हर किसी की आंखें हुई नम।दीपावली पर्व पर छुट्टी पर आये एक सीआरपीएफ जवान को बुखार आ गया था, जिसमें परिजनों ने उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया मगर तबियत में सुधार न होने की वजह से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया, लेकिन गुरुवार को देर रात उपचार के दौरान दिल्ली में जवान की मौत हो गई। शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर को गांव में लाया गया जिसमें सभी के आंखें नम हो गई और गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। थाना क्षेत्र मंडावर के चंदक चौंकी के अन्तर्गत गांव जट बहादरपुर निवासी रामनाथ का 27 वर्षीय पुत्र विक्रान्त कुमार सन् 2017 में भर्ती हुआ और महाराष्ट्र के मुदखेडा में कुक के पद पर तैनात था। मंडावर थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह भी पुलिस टीम के साथ उनके घर पहुंचे और दुःख जताया। उनकी मौत की खबर सुनते ही उनके घर पर लोगों का आना जाना लगा हुआ था। और सभी की आंखें नम दिखी।



## गंगा स्नान पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**मंडावर अवधनामा संवाददाता।** बालावाली गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पित्रों का तर्पण किया। गंगा स्नान पर गंगा तट पर लगने वाले मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की इस दौरान मेले में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्तिक पूर्णिमा पर बालावाली गंगा घाट पर लगने वाले गंगा स्नान मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने पितरों का तर्पण विधि विधान के साथ किया। इस दौरान गंगा घाट पर लगने वाले मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की व चाट पकौड़ी का भरपूर आनंद लिया। मेले में सुरक्षा दृष्टि को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## एनडीए को मिल रहा है सभी वर्गों का समर्थन : अंसारी

**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता अबरार आलम अंसारी एडवोकेट द्वारा मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए से संयुक्त प्रत्याशी मिथिलेश पाल के लिए नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क करके स्थानीय नागरिकों से वोट की अपील की! राष्ट्रीय लोक दल नेता अबरार आलम अंसारी एडवोकेट द्वारा अपने समर्थकों के साथ मीरपुर उपचुनाव मे राष्ट्रीय लोकदल प्रत्याशी मिथिलेशपाल के समर्थन मे मीरापुर विधानसभा उपचुनाव मे ग्राम गढ़ी, मुझेड़ा, सिकंदरपुर, सलारपुर चूड़ियाला आदि गांव में स्थानीय नागरिकों से मिलकर राष्ट्रीय लोक दल प्रत्याशी को वोट करने की अपील की जिसमें स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल को वोट देने की बात कही इस मौके पर कालू प्रधान, इस्तियाक, शाहिद, नावाजिश नईम अब्बास, अब्बास जैदी, अफजल अंसारी, असलम अंसारी, अफजल सलमानी, शाहरुख़ अंसारी आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने ली उप्र उद्योग व्यापार संगठन की सदस्यता

**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद के मीना बाजार एवं नवाबगंज के व्यापारियों ने बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के नेतृत्व में जिला महासचिव रईस कुरैशी नगर नजीबाबाद कबाड़ी मार्केट के संरक्षक हाजी अय्यूब द्वारा सभी व्यापारियों को मनोनयन पत्र देकर एवं माला पहनकर संगठन में स्वागत किया। जिला महासचिव रईस कुरैशी एवं हाजी अय्यूब ने कहा की हमारा संगठन किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा, जबकि कुछ व्यापारी नेता व्यापार मंडल की आड़ में चंदा लेकर अपना पेट भर रहे हैं हमारे संगठन में व्यापारी का आर्थिक उत्पीड़न संगठन के नेताओं द्वारा नहीं किया जाता है ना ही किसी पद देने के नाम पर पैसा लिया जाता है! संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व्याापारी के साथ कांधे से कांधा मिला कर एकजुट के साथ सभी व्यापाारियों उनकी सेवा में मौजूद रहेंगे।



# डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन साहित्य सितारा सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी देवरिया।** कलम बोलती है साहित्य संस्था पंजीकृत सूरत, गुजरात ने डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन को साहित्य सितारा सम्मान से सम्मानित किया है। यह इस संस्था के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री भी हैं। वर्तमान में डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान के भी सचिव है। अंतरराष्ट्रीय हिंददेश पत्रिका उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हैं। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रधानाध्यापक हैं। भाटपार रानी, देवरिया, उत्तर प्रदेश की धरती के ऊर्जावान सितारे डॉ कन्हैयालाल गुप्त किशन बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। इनकी दर्जनों किताबें प्रकाशित हो चुकी है। जिनमें काव्य निर्झर भाग एक और दो, मेरी श्रेष्ठ कविताएं,धूल धूसरित फूल, धरती, पिता आदि है। देश - विदेश की बहुत सी संस्थाओं से सम्मानित हो चुके हैं। जिनमें यूनाइटेड आर्गनाइजेशन चेक गणराज्य एवं मातृ भाषा संस्थान द्वारा मानव अधिकार सम्मान, अंतरराष्ट्रीय अटल काव्य लेखन सम्मान,राष्ट्र प्रेमी सम्मान, गुरु बृहस्पति सम्मान, पुरुष रत्न सम्मान,उत्तम रचनाकार सम्मान, साहित्य सितारे सम्मान, सक्रिय लेखन सम्मान,कलमवीर सम्मान, हिंदी साहित्य मित्र सम्मान, साहित्य दीप सम्मान, हिंदी दिवस विशेष सम्मान, श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान, हिंदी रत्न सम्मान, कीर्तिमान साहित्य सम्मान, भारतीय साहित्य महोत्सव सम्मान, राष्ट्रवीर राजा सुहेलदेव राजभर सम्मान, शब्द श्री सम्मान, युवा गौरव सम्मान, श्रेष्ठ लेखन सम्मान, श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान,सारथी सम्मान,शिव साधक सम्मान, अनोखा बंधन सम्मान, साहित्य चक्र सम्मान, साहित्य सारथी सम्मान, हिंदी गौरव सम्मान, सुभाष चन्द्र बोस साहित्य सम्मान आदि शामिल हैं। प्रोफेसर (डॉ) केदारनाथ ठाकुर डॉ विमलेश तिवारी, डॉ मन्नू राय, डॉ अजय कुमार गुप्त, डॉ अनुराग गुप्ता,डॉ हेमलता त्रिपाठी, प्रोफेसर (डॉ) संजय चौहान, डॉ हृदयानंद तिवारी, डॉ कमलेश गुप्त, डॉ उमाशंकर साहू,अजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता,सुधेन्दु पाण्डेय, राजेन्द्र भक्त, रश्मि मिश्रा, संतोष कुमार गुप्त,रश्मिबाला बर्नवाल, अभियंता आशुतोष कुमार यादव, अनुराग वर्मा आदि ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी है।



# जीडी ग्लोबल स्कूल में कैप्सिटी ऑफ बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक्टिव लर्निंग की कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शुक्रवार को करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में वराणसी सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के तत्वाधान में कैप्सिटी ऑफ बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक्टिव लर्निंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने मॉ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षकों द्वारा सुंदर गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक श्री श्रीश अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। कार्यशालाओं के आयोजन से शिक्षक अधिक सर्जनात्मक और उर्जावान बनते हैं तथा उन्हें कागजी कार्यवाही के बजाय छात्र पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय मिलता है। नयी-नयी शिक्षण तकनीकियों द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास बहुत ही सहजता के साथ किया जा सकता है।कार्यशाला में कार्यशाला की प्रशिक्षिका श्रीमती दीपाली भुस्कुटे ने कक्षा के विद्यार्थियों को शिक्षण कक्षाओं में एक्टिव रहने के कई तरीकों का साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कक्षा में क्रियाशील रखने के लिए समय प्रबंधन, बच्चों की क्रियाविधि में भागीदारी, एक दूसरे के विचारों का सम्मान, उनकी प्रतिपुष्टि आदि बहुत आवश्यक है। कक्षा प्रबंधन के आधारभूत आवश्यक प्रावधानों का भी उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इक्कीसवीं सदी के लिए संचार, गहन समझ, सर्जनात्मकता तथा सहयोग की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बच्चों को संस्कारवान और सर्जनात्मक बनाने से ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो सकता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि

एक पारंपरिक कक्षा में, किसी दिए गए पाठ्यक्रम में केवल कुछ छात्रों के लिए प्रश्न पूछने या उनका उत्तर देने में भाग लेना आम बात है। इसके विपरीत, सफल सक्रिय शिक्षण गतिविधियों वाली कक्षा में कक्षा के सभी छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री के बारे में सोचने और उससे जुड़ने तथा उस सामग्री को सीखने, लागू करने, संश्लेषित करने या सारांशित करने के कौशल का अभ्यास करने का अवसर मिलता है।इस कार्यशाला में कुल तिहत्तर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

# सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने किया जनसंपर्क





**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर सीसामऊ विधानसभा में उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने वार्ड 05 प्रभारी दिनेश साहू के नेतृत्व में ईदगाह टूटी रेलवे लाइन सीसामऊ बाजार इत्यादि क्षेत्रो में गली-गली घूम कर बड़े बुजुर्गो से आशीर्वाद मिला। प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर चश्मा लगाकर माला अर्पण की। जनसंपर्क के दौरान सीसामऊ प्रभारी पूर्व मंत्री विधायक राजेंद्र कुमार, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व मंत्री गजाला लारी, रचना सिंह, अनिल सोनकर वारसी , पूर्व अध्यक्ष मोईन खान अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष जमालुद्दीन जुनैदी, नवीन मालू अवधेश संतोष गुप्ता दीपू श्रीवास्तव विकास मिश्रा कपिल, रिजवान अहमद रिजवी, उपस्थित रहे।

# गुरु नानक देव जी महाराज की 555वां पावन प्रकाश पुरब को समर्पित कीर्तन दरबार मोतीझील स्थित सजाये गये

**कानपुर।** गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के तत्वावधान में गुरु नानक देव जी महाराज की 555 वा पावन प्रकाश पुरब को समर्पित कीर्तन दरबार मोतीझील स्थित सजाये गये। दीवान में आज रात्रि 12 बजे से पाठ सुखमनी साहिब, सिमरन साघना उपरंत अरदास नितनेम गुरु नानक संगीत जत्था द्वारा , कीर्तन आसा दी वार भाई सुरिंदर सिंह , भाई मोहन सिंह द्वारा, कीर्तन भाई हरजोत सिंह ज़ख़्मी , जलंधर द्वारा एवं गुरमत विचार ज्ञानी मलकीयत सिंह हैड ग्रंथी श्री अकाल तख़्त साहिब उपरंत कीर्तन भाई जुझार सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब उपरंत दोपहर अरदास और समाप्ति दीवान ।

गुरु नानक देव द्वारा दी गई शिक्षाओं के तीन मूल आधार हैं ।किरत करो-भाव ,ईमानदारी से कर्म करो।वंड छको-भाव,सब के साथ मिल बाँट कर खाओ।नाम जपो-भाव,हर समय वाहेगुरु वाहेगुरु रटना न हो कर ,कोई भी कर्म करने से पहले इस पर विचार करना कि मेरे इस कर्म से वाहेगुरु राज़ी है या नहीं। शब्द-जहार पीर जगत गुर बाबा , सतगुर नानक परगटिया मिटी धुँध जग चानण होआ, आदि का कीर्तन हुआ। उपरान्त अरदास के बाद गुरु का लंगर आयी साध संगत जो कि लाखों की संख्या में थी ने पंगत में बैठ के ग्रहण किया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान गुरु सिंह सभा स. हरविंदर सिंह लॉर्ड, मीत प्रधान स. हरजिंदर सिंह काले धार्मिक जत्थेदार ज्ञानी मदन सिंह, स. मोहन सिंह झँस ,सुरजीत सिंह ,गुरूजिंदर सिंह ,मीतू सागरी , दया सिंह गाँधी, गगन ढींगरा , मनप्रीत सिंह भट्टी,तारन सिंह, अवनीश सलूजा ,मनमीत सिंह राजू, सुरिंदर सिंह चावला,गुरविंदर सिंह, करमजीत सिंह , ने सेवा करके गुरू घर कीं ख़ुशिया प्राप्त की।

सुरेश खन्ना मंत्री उत्तर प्रदेश शासन,अरूण पाठक , एम एल सी अमर जीत सालुजा सुनील साजन,सुरेश अवसथी, निलिमा कटियार ,गुरूविंदर सिंह विक्की ,नसीम सोलंकी, सम्राट विकास यादव गगनदीप सिंह, कवलजीत सिंह मानू, अवनीश सलूजा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# तिलहनी फसलों को होती है सल्फर की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** उपकृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी ने जनपद के किसान भाइयों से अनुरोध करते हुए कहा है कि जिन कृषकों को सरसों राई की बुआई करनी है वह एस0एस0पी0 का उपयोग करें क्योंकि तिलहनी फसलों को सल्फर की आवश्यकता होती है जो एस0एस0पी0 में उपलब्ध है। एस0एस0पी0 में फास्फोरस 16 प्रतिशत सल्फर 11.50 प्रतिशत उपलब्ध है जो कि तिलहनी फसलों हेतु उपयुक्त है।

हमारे पास पर्याप्त मात्रा में नैनो डी0ए0पी0 इफको के सेन्टर एवं सहकारी समितियों में उपलब्ध है। जिसकों किसान भाई उपयोग कर सकते हैं तथा राजकीय कृषि बीज भण्डार में पी0एस0बी0 कल्चर उपलब्ध है जिससे बीज उपचार करनें से मृदा में फिक्स फास्फोरस की उपलब्धता हो जाती है। आर0सी0एफ0 राष्ट्रीय केमिकल एण्ड फर्टिलाइजर्स लि0 से डी0ए0पी0 500 मै0टन एवं टी0एस0पी0 135 मै0टन रायबरेली रैक से प्राप्त हो रही है एवं इफको का 2700 मै0टन डी0ए0पी0 की रैक अगले सप्ताह तक प्राप्त होनी संभावित है। विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह नवम्बर में जनपद में किसानों द्वारा डी0ए0पी0 6610 मै0टन, एन0पी0के0 2182 मै0टन एवं एस0एस0पी0 395 मै0टन क्रय की गयी थी। जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह नवम्बर में अब तक 2554 मै0टन डी0ए0पी0, 805 मै0टन एन0पी0के0 152 मै0टन एस0एस0पी0 का वितरण किया गया है। 14 नवंबर 2024 को जनपद में फास्फेटिक उर्वरक 2254 मै0टन डी0ए0पी0 1775 मै0 टन एन0पी0के0 एवं 2089 मै0टन एस0एस0पी0 उपलब्ध है। इफको की 2700 मै0 टन की रैंक प्राप्त होने पर जनपद की उर्वरक की आवश्यकता से अधिक उर्वरक उपलब्ध रहेगी।

# अलीगढ़ के खैर में योगी सरकार पर जमकर गरजे अखिलेश यादव

अवधनामा संवाददाता



**आज फौज की भर्ती जैसे होती थी, वैसे नहीं हो रही**

**अलीगढ़।** यूपी में विधानसभा उपचुनाव की तारीख जैसे-जैसे पास आती जा रही है। वैसे ही यहां पर सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। इसी बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव अलीगढ़ की खैर विधानसभा सीट पर रैली करने पहुंचे। यहां पर उन्होंने योगी सरकार में जमकर वार किए। रैली में अखिलेश ने फौज भर्ती से लेकर किसानों को हो रही खाद समस्याओं के ऊपर सरकार को घेरा। अखिलेश 20 नवंबर को होने वाले यूपी विधानसभा उपचुनाव के लिए सपा के उम्मीदवार के लिए जनसमर्थन की अपील करने अलीगढ़ आए थे।

कहा कि आज फौज की भर्ती जैसे होती थी, वैसे नहीं हो रही है। अगर सपा सरकार आती है तो हमारी सरकार अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। बीजेपी की यह सरकार नौजवानों के खिलाफ साजिश रचती है. बीजेपी की इसी सरकार ने काले किसान बिलों को वापिस लिया था. हमारी सरकार में किसानों ने कोई भी आंदोलन नहीं किया था। रैली में अखिलेश यादव ने सीएम योगी को घेरते हुए बोला कि हमारे सीएम पीडीए की नई परिभाषा दे रहे हैं. जबकि डीएपी की परिभाषा नहीं जानते हैं. हरद्वागंज में बिजली कारखाना समाजवादी पार्टी की सरकार की देन है. हमारी सरकार ने लोगों को सस्ती बिजली देने का काम किया था. इसलिए सीएम योगी उस कारखाने का नाम नहीं ले पाते हैं. यहां तक कि भाजपा की इस सरकार ने राज्य की पुलिस को भी खराब कर दिया है. और तो और हमारी सरकार के मुखिया कोई परमानेंट नहीं बल्कि एक कार्यवाहक हैं. इसलिए घबरा कर नारा दे रहे हैं कि बंटोगे तो कटोगे। सीएम योगी पर हमला करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि योगी वस्त्रों से नहीं विचारों से बनते हैं. लेकिन अब कलयुग है, इसलिए सब उल्टा-पुल्टा चल रहा है. साधु-संत हमेशा से कम बोलते हैं. लेकिन पता नहीं आज साधु-संत ज्यादा क्यों बोल रहे हैं. ये सभी झूठ के प्रचारक हैं. क्योंकि सरकार चलाने वाले आज बुलडोजर चला रहे हैं. यह तो सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद है कि उनके आदेश के बाद बुलडोजर गैरेज में खड़ा कर दिया जाएगा। भाजपा सरकार सरकारी नौकरी देना नहीं चाहती है. यहां तक कि इनको आरक्षण के लिए भी एक ही यूनिवर्सिटी याद आती है. इकोनॉमी के नाम पर वन ट्रिलियन इसलिए बोलते हैं क्योंकि किसान इन्हें समझ नहीं पाए हैं. लेकिन महाराष्ट्र चुनाव के बाद यूपी की कुर्सी बदल दी जाएगी. इनकी कुर्सी छीनने के लिए इनके नीचे ही सुरंग खुद रही है. यह उपचुनाव 2027 में होने वाले चुनाव में संदेश देने का काम करेगी।

# अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता वॉलीबॉल में पीजी कॉलेज बना विजेता

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को (पुरुष) पी0 जी0 कॉलेज, गाजीपुर के खेल मैदान पर किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस टूर्नामेंट में पी0 जी0 कॉलेज, गाजीपुर अपने सभी सेटो में विजेता बना। अंत में पी0 जी0 कालेज की टीम को चैंपियन घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रोफे0 पाण्डेय ने कहा कि वालीबाल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में पांचवां स्थान रखता है। यह खेल अमेरिका में पहली बार 1896 में विद्यालय से प्रारंभ हुआ। वालीबाल कम क्षेत्रफल में खेले जाने के कारण शीघ्र ही विद्यालयों का एक लोकप्रिय खेल बन गया। प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि वालीबाल का खेल छात्र- छात्राओं के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास का सशक्त माध्यम है। वर्तमान सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया नारा को सकार करने में जुटा हुआ है। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ0 बद्रीनाथ सिंह, प्रोफे0 धर्मराज सिंह, प्रोफे0 सुजीत कुमार सिंह, प्रोफेसर एस0 एन0 सिंह आदि मौजूद रहे। इनके साथ प्रोफे. वीरेंद्र सिंह, डॉ0 रामदुलारे, श्री लवजी सिंह, डॉ0 प्रतिमा सिंह, डॉ0 अतुल कुमार सिंह, श्री अशोक कुमार सिंह प्रभारी खेलकूद के साथ ही महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अंत में पुरस्कार वितरण के बाद प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की गई।

## धूमधाम से मना गुरूनानक देव महराज का प्रकाश पर्व

**लालगंज रायबरेली।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा लालगंज में गुरुनानक देव महाराज जी का प्रकाश पर्व को बड़ी ही श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह महिला संगतो ने सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। बाद में सरदार सेवा सिंह ने गुरुनानक के जीवन पर प्रकाश डाला। रायबरेली से आये कीर्तन जत्था ने 'कल तारण गुरु नानक आया' कीर्तन कर संगत को निहाल किया। सरदार सतपाल सिंह पालू ने बताया की गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन काल में चार उदासिया (यात्राएं) 27000 किलोमीटर पैदल चलकर संसार को सच्चे मार्ग पर चलने का सन्देश दिया। उन्होंने पूरे संसार को जीवन के तीन सार दिए,किरत करो, नाम जपो व वंड छको। गुरुनानक जी ने सज्जन ठग जैसे लोगो को ठगी का रास्ते से हटाकर सीधे सच्चे रास्ते पर लाये। उपरांत, गुरु ग्रन्थ साहब की फूलो की आरती की गई। अरदास बाद रागी रविंदर सिंह जी को सरदार सेवा सिंह व संजय चड्ढा व अमर जीत सिंह ने सरोपा भेट किया।

## गोल्डन बैल्स स्कूल में मना बाल दिवस व गुरुनानक जन्मदिवस



**स्योहारा अवधनामा संवाददाता।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस और गुरुनानक जन्म दिवस मनाया गया। बाल दिवस के अवसर पर प्रातःकाल अध्यापक गण के द्वारा प्रार्थना कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी अध्यापक ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। बाल दिवस के इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर और प्रधानाचार्य शेखर ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रबंधक सरदार गुरविंदर सिंह ने बताया कि इस दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था। पंडित जवाहरलाल नेहरू हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। वे बच्चों से बेहद प्यार करते थे तथा बच्चों को देश का भविष्य मानते थे। इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया। सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्कूल में संबद्ध कीर्तन कराया गया। जिसमें ओमानंद, ज्ञानी जी, स्कूल निर्देशिका तवलीन कौर और छात्र -छात्राओं की मुख्य भूमिका रही। अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से बच्चों को फल और स्लाइस पैकेट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सरदार रमन, सरदार सुखम, सरदार ज्ञानी, शिवम, लवीना, निगारिश जमाल, सारा चौधरी, सीमा, अनुज, मयंक, दिशा, गौरव, सुप्रिया, पवन, अनम, रुकैया आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# जन चौपाल का हुआ आयोजन, विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ग्राम सभा खेमा सराय, विधानसभा बीकापुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. जेपी सेन, जिला अध्यक्ष सुभासपा अयोध्या के नेतृत्व में ओमप्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज विभाग ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई, जिनमें जीरो प्रॉपर्टी स्कीम, गांवों में आवास की समस्या, नाली की समस्या, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाओं और कक्षा 8 पास 21 से वर्ष तक युवाओं के लिए बिना ब्याज 5 लाख का लोन शामिल थे।मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विचारों को साझा करते हुए शोषित और वंचित समाज को मुख्यधारा में जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। एडवोकेट रमाकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष अयोध्या विधानसभा बीकापुर, वीरेंद्र नायक, सक्रिय सदस्य मेवालाल वर्मा ने सदस्यता अभियान के बारे में बताया और पार्टी से प्रभावित होकर कई महिलाओं ने सुभासपा की सदस्यता ली।कार्यक्रम में मंत्री ओमप्रकाश राजभर और पार्टी के अन्य प्रमुख नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया और उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई।इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बच्चे पुरुष , अनमोल शर्मा, वीरेंद्र कुमार नायक विधानसभा अध्यक्ष, मेवा लाल वर्मा, रवि कुमार कनौजिया ,दिलीप कुमार, अनिल कनौजिया ,रामबरन सिंह ,राम नायक शर्मा ,महेश कुमार शर्मा, रमेश कुमार, रामजन्म शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, गीता मौर्य , सोनम, खुशबू कनौजिया, रामवती, गीता मौर्य, रीना, पूनम, रेनू, रेखा निषाद, राम मूरत, राजेंद्र कुमार ,संग्राम सिंह, रामशरण शिव बालक, राजन धुरिया, राजित राम आदि लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा पर लगा रिकार्ड का सिक्सर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आस्था के समुंदर में करीब 10 से 15 लाख के बीच श्रद्धालुओं ने गोते लगाये। ब्रह्म मुहूर्त में सरयू में स्नान-दान का सिलसिला शुरू हुआ, जो कि दोपहर बाद तक चलता रहा। हनुमान गढ़ी , रामजन्म भूमि, कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में देर शाम श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसी के साथ अयोध्या ने दीपोत्सव और परिक्रमा के बाद एक और कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं का रिकार्ड बनाने का कार्तिक पूर्णिमा में यह छठवां अवसर भी अयोध्या के लिए बेहद महत्वपूर्ण था। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। इस बार घाटों पर सादी वर्दी में भी महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मेले पर नजर बनाए हुए थे। यही कारण रहा कि मंडलायुक्त गौरव दयाल,आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राजकरण नैयर समेत तमाम प्रशासनिक अधिकारी मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते देखे गये।भव्य मंदिर में



रामलला के विराजमान होने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का यह पहला मौका था। इसलिए भक्त इस मौके से चूकना नहीं चाहते थे। यही कारण रहा कि अयोध्या मण्डल के अलावा देवीपाटन मंडल तक के श्रद्धालु अयोध्या में स्नान के लिए पहुंचे थे। कुछ श्रद्धालु परिक्रमा के बाद यहां मठ-मंदिरों में ठहरे हुए थे, जिन्होंने स्नान के बाद दर्शन-पूजन किया और अपने घरों की ओर प्रस्थान किया। देर शाम तक बस अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर भीड़ जुटी देखी गई। क्या है स्नान का महत्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन सरयू स्नान करने से महीने भर सरयू स्नान का पुण्य मिलता है। इसी दिन से अयोध्या में रहकर माह भर कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं का भी अनुष्ठान पूरा होता है। इसके साथ ही रामनगरी में चलने वाले प्राचीन कार्तिक मेले का भी समापन हो जाता है। व्यवस्था व सुरक्षा के दिखे विशेष प्रबंध घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। 150 से अधिक चेंजिंग रूम बनाये गए थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण मेला क्षेत्र को 6 जोन और 40 सेक्टर में बांटा गया था। इसके साथ ही बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को स्नान घाटों पर लगाया गया था। जल पुलिस बाढ़ राहत और एसडीआरएफ की टीम स्नानार्थियों के सुरक्षा के लिए सक्रिय दिखी। मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरे से होती रही निगरानी पूरे मेला क्षेत्र में जल, थल और नभ से सुरक्षा की विशेष व्यवस्था रही। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। एटीएस को भी तैनात किया गया था। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया की परिक्रमा के बाद से श्रद्धालुओं ने अयोध्या में डेरा डाल रखा था। उनकी सुरक्षा हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। इसी कारण बड़ी संख्या में फ़ोर्स लगाई गई थी। जगह-जगह रूटों को डायवर्जन व्यवस्था भी की गई थी। उन्होंने बताया कि करीब 10 लाख से 15 लाख श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर पुण्य की डुबकी लगाई है।

## ससुराल मे विवाहिता की पति से हुई मारपीट के बाद हालत बिगड़ी इलाज को जाते हुई मौत

**तारुन- अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के ग्राम रजौरा झलियाहवा मे ब्याही विवाहिता की पति पत्नी के बीच गुरुवार की रात हुई झगड़ा लड़ाई मारपीट की घटना के बाद हालत बिगड़ने पर महिला को इलाज ले जाते संदिग्ध परिस्थितियों मे शुक्रवार को मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही तारुन थानाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेन्द्र सिंह पुलिस स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुँच लाश को कब्जे मे लेकर लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्मार्टम को भेजवा दिया। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सहजपुर मठिया निवासी मृतका के भाई अनिल कुमार निषाद पुत्र शिवराम ने बताया कि उनकी बहन सुनीता की शादी तारुन थाना क्षेत्र के रजौरा झलियाहवा निवासी इंद्रजीत निषाद पुत्र मनीराम के साथ हुई थी। उनकी बहन के तीन बच्चे है।

## सतिगुरु नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ



**बाराबंकी।** शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर द्वारा सिख धर्म के प्रथम गुरु धन धन श्री गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाशपर्व जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिस में आयोजित हुए अनेक कार्यक्रमों में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया शनिवार को श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के सहज पाठ की अरम्भता हुई जिसकी समाप्ति आज हुई जनपद के सभी गुरुद्वारों में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की धूम रही जिसमें सिख महिलाओं बच्चों और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सन 1499 में जन्मे सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा आस्था और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लाजपत नगर में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में मनाया गया। पिछ्ले कई हफ्तों से लगातार गुरूद्वारे से प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली जा रही थी आज प्रकाशपर्व के दिन रामजानकी मंदिर में प्रभातफेरी मे आयी साद संगत का भव्य स्वागत अनिल अग्रवाल जी द्वारा किया गया, प्रकाश पर्व के दिन सुबह 11.30 बजे से 12.30 बजे तक बच्चों द्वारा कीर्तन किया गया उसके उपरांत हुजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह द्वारा कीर्तन भजन करके सभी संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया उन्होंने श्री गुरु नानक देव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सिख धर्म के बारे मे वर्णन किया सभी आस्थावान धर्म के लोगों ने अपने गुरु श्री गुरु नानक देव जी को श्रद्धा अर्पित करने के बाद समाप्ति हुई उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर वार्ताया गया जिसे सभी धर्मों के लोगों ने एक पंगत में एक साथ बैठ कर चखा और देर रात गुरुद्वारा परिसर में भव्य आतिशबाजी हुई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा भव्य आयोजन में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य, प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह,पूर्व सांसद पी एल पुनिया,रामकुमारी मौर्य,सरदार प्रेमपाल सिंह, सरदार रविंद्र सिंह, अधिवक्ता संतोष सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, सरदार जसबीर सिंह विक्की, सरदार रवीन्द्रपाल सिंह, सरदार राजदीप सिंह, संदीप गुप्ता, रोहित सिंह,सरदार राजदीप सिंह, सुमित्रा कौर,कवलजीत कौर, रंजीत कौर,परमजीत कौर, आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# एक दिन में परीक्षा कराने को लेकर पीएल पुनिया ने छात्रों की जीत बताया



*अवधनामा संवाददाता*

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपीपीएससी) 2024 के कार्यक्रम में संशोधन करते हुये इस परीक्षा को पूर्व की भांति एक दिन में कराने का निर्णय लिया है सरकार का यह निर्णय छात्रों की एकजुटता और लोकतांत्रिक अधिकारों की ताकत को दर्शाता है। छात्रों की सामूहिक आवाज और दृढ़ता ने आयोग को अपने निर्णय को वापस लेने को मजबूर कर दिया छात्रों का यह संघर्ष शांतिपूर्णं विरोध की शक्ति और सामूहिक प्रयासों की सफलता का एक अनूठा उदाहरण है।उक्त प्रतिक्रिया पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने आज उन सभी छात्रों को बधाई देते हुये व्यक्त की जिन्होने अपने अधिकारों के लिये खड़े होकर यूपीपीएससी द्वारा उसके फैसले को बदलवाने में महत्वपूर्णं भूमिका निभाई और पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा को एक दिन में कराये जाने का निर्णय लेने पर मजबूर कर दिया। पूर्व राज्यसभा सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने कहा कि छात्रों द्वारा ये अपनी जायज मांग को लेकर किया गया आन्दोलन पूर्णं रूप से गैर राजनीतिज्ञ रहा और इस संघर्ष में छात्रों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुये सरकार को झुकने के लिये मजबूर कर दिया। क्योंकि अभी कल तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कह रहा था कि, उसका फैसला नहीं बदलेगा लेकिन छात्रों द्वारा सत्य के लिये किये गये संघर्ष के आगे यूपीपीएससी को अपनी हठवादिता त्याग कर झुकना पड़ा। यूपीपीएससी द्वारा परीक्षा को एक दिन में कराने का निर्णय न केवल छात्रों के लिये है बल्की उन सभी लोगों के लिये प्रेरणा है जो लोकतांत्रिक अधिकारों में विश्वास रखते हैं। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने सभी संघर्षरत छात्रों को उनकी जीत पर बधाई देते हुये कहा कि, ये जीत आपकी एकता और आवाज की ताकत का प्रतीक है। आप सभी अपनी पढ़ाई को आत्मविश्वास के साथ जारी रक्खें आपने यह साबित कर दिया है कि, आपकी आवाज और एकता मे वो ताकत है जो किसी भी जालिम सरकार को झुकने पर मजबूर कर सकती है। यूपीपीएससी परीक्षा के कार्यक्रम में संशोधन याद दिलाता है कि, हर आवाज महत्वपूर्णं है और हर न्यायसंगत संघर्ष में बदलाव लाने की क्षमता होती हैं। कांग्रेस पार्टी सरकार और शैक्षिक संस्थानों से यह आग्रह करती है की वो भविष्य में किसी शैक्षिक नीति में बदलाव से पहले हठवादिता से काम न लेकर छात्रों के साथ संवाद करके अन्तिम निर्णय छात्र हित में उनका विश्वास लेकर करें।

## गरीब कन्याओं की शादी के लिए प्रधान ने अपने निजी कोष से दिया कन्यादान सहयोग

बीकापुर- अयोध्या विकासखंड क्षेत्र से अमावा ग्राम पंचायत में निर्वाचित हुई युवा महिला ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा द्वारा शुरू की गई ÷कन्यादान सहयोग योजना÷ की क्षेत्र में चर्चा है। ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा एवं उनके पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा अपने निजी कोष से ग्राम पंचायत में आयोजित हो रही गरीब कन्याओं की शादी में प्रधान निर्वाचित होने के बाद से आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को अमावा ग्राम पंचायत के निवासी दो कन्याओं की शादी के लिए प्रधान पति मोहम्मद मोबीन ने 10-10 हजार रुपए सहयोग राशि का चेक विवाह के 2 दिन पूर्व गुरुवार को प्रदान किया गया। प्रधान पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा शादी के 2 दिन पूर्व गुरुवार को उनके घर पहुंच कर आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। अमवा गांव निवासी सुमन और तबस्सुम बानो का विवाह 16 नवंबर को होना सुनिश्चित हुआ है। प्रधान पति द्वारा सुमन के भाई मनीष यादव तथा तबस्सुम बानो के पिता मोहम्मद सफीक को विवाह के लिए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया।

अमावा ग्राम पंचायत निवासी मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के पहली बार ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद अपने निजी कोष से कन्यादान सहयोग योजना शुरू की गई है। अब तक उनके द्वारा ग्राम पंचायत के करीब दो दर्जन से अधिक बेटियों की शादी में कन्यादान सहयोग राशि दी जा चुकी है। मोहम्मद मोबीन द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान मतदाताओं से पत्नी के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर आगामी 5 वर्षों तक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली बेटियों की शादी के लिए 10,000 रुपए सहयोग के रूप में कन्यादान सहयोग राशि देने का वायदा किया गया था। पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद चुनाव के दौरान किया गया वायदा उनके द्वारा अनवरत पूरा किया जा रहा है।

# वालीबॉल प्रतियोगिता में 10 वीं क्लास के बच्चों ने मारी बाजी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज(मिठौरा)।** मिठौरा क्षेत्र के नंदाभार स्थित के डी इंटर कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक विपिन श्रीवास्तव ने वालीबॉल बच्चों को सुपुर्द कर किया। बच्चों ने वालीबॉल, रंगोली प्रतियोगिता, रस्सी दौड़ सहित विभिन्न खेलों में बच्चो ने हुनर दिखाया। वालीबॉल प्रतियोगिता में कक्षा 10 की टीम कक्षा 8 वीं के टीम को हराकर विजेता बनी। 200 मीटर दौड़ में साधना प्रथम जबकि आस्था दूसरे स्थान पर रही। रस्सी दौड़ में अनुष्का चौधरी प्रथम, जबकि आस्था वर्मा दूसरे स्थान रही। अंजली प्रथम और रिया शुक्ला दूसरे स्थान पर काबिज रही। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। खेल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का जनक होता हैं। इससे बच्चों के अंदर नेतृत्व करने की क्षमता और समूह में काम करने की क्षमता का विकास होता हैं। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक जेपी, एसके साहनी, जितेंद्र मदेशिया, केपी, गिरजेश वर्मा, हरिपाल राव, मोनू, रामेश्वरम, पुष्पा मिश्रा, करिश्मा मिश्रा, ललिता चौधरी, ज्योति वर्मा, मधु पटेल, नेहा दुबे सहित काफी संख्या में छात्र छात्रा और शिक्षक मौजूद रहे।

## 150 वीं जयंती पर याद किए गए विरसा मुंडा




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा कस्बे में बिरसा मुंडा के 150 जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री धर्मनाथ खरवार ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी महानता और योगदान को नमन करते हुए आज का दिन हमारे देश के इतिहास और संस्कृति के प्रति उनके योगदान के याद किया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा 15 नवंबर 1875 से 9 जून 1900 तक एक महान स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक थे। जिन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों और उनकी संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष किया। आज के दिन को भारत में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके बलिदान और आदिवासी समुदाय के योगदान को याद किया जा सके।

देश में जब से मोदी सरकार है तब से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस समाज को आगे बढ़ा कर सम्मान देने का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा के नगर महामंत्री रामेश्वर जायसवाल, मनीष शर्मा, अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री राकेश कनौजिया, शिव तिवारी, राघवेंद्र उपाध्याय, गोलू खरवार,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जैदपुर नगर पंचायत में खराब पड़ी नालियां, अधिकारियों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर की मनमानी के चलते एक वर्ष से दिनों से खराब नाली व उस पर पत्थर न होने से रास्ता बाधित देख, मोहल्ले के एक व्यक्ति ने अपने पैसों से नाली बनवाकर नगर पंचायत जैदपुर की कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल खडा कर दिया है। जिसे लेकर लोग शोसल मिडिया पर भी चर्चा करते देखे गये हैं। जानकारी के अनुसार जहां एक तरफ नगर पंचायत जैदपुर अपने विकास कार्यों लेकर जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाये हुये है। वहीं आज मोहल्ला शाहकटरा जाने वाले मार्ग मंगाताल के पास नाली एक वर्ष से अधिक समय से खराब होने के साथ पत्थर न होने के चलते ठेलिया ठेले मोटरसाइकिल साईकिल सहित आम जनता को भी गुजरने में काफी दिक्कत को देख लोग अपने पैसों से नालियों को बनवाने पर मजबूर हैं। जिसकी शिकायत



सभासद शाहे आलम से मोहल्ले के लोगों ने कई बार करते हुये अवगत कराया। परन्तु न बनने से नाराज हाजी सफीर टेंट वाले ने शुक्रवार को अपने पैसे से नाली बनवाकर पत्थर रख काफी दिनों से बाधित रोड पर आम जनता का आवागवन चालू करवा दिया रोड के चालू होते ही भारी संख्या में लोग उनकी सराहना करते नजर आये, जब कि सभासद शाहे आलम ने बताया कि इस समस्या को लेकर एक वर्ष से पहले नगर पंचायत लिखित पत्र देकर अवगत कराया था? कई बार नगर पंचायत जैदपुर में ईओ सहित चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम को भी बताया था। मगर केवल आश्वासन ही हाथ लगा, जिसे आज किसी ने अपने पैसै से हाजी सफीर ने बनवाकर रास्ते को चालू करने में एक सराहनीय पहल की है। वहीं लोग वाटसप ग्रुपों पर केवल गेट की पुताई ही विकास नहीं, की बात कहकर नगर पंचायत जैदपुर के विकास पर नाराज़गी भी जता रहे हैं। इस संबंध में ईओ अलोक वर्मा से बात की गयी तो बताया गया कि आज छुट्टी है।

## नुक्कड़ नाटक से बाल अधिकारों को किया जागरूक




*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** क्षेत्र के ग्राम सभा भरवलिया के बड़का टोला में मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में दिन गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बाल अधिकारो के प्रति जागरूक किया गया। इंडो नेपाल सीमा पर कार्यरत मानव सेवा संस्थान सेवा इकाई ठूठीबारी द्वारा ग्राम पंचायत भरवलिया में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस व बाल दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को बाल अधिकारो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष ठूठीबारी योगेंद्र कुमार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वालित कर किया। कार्यक्रम में बाल तस्करी, बाल मजदूरी, बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान पर मरचहवा, भरवलिया, लक्ष्मीपुर खुर्द, मटरा व झींगटी से आए बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी वही पूजा, ज्योति, रिया, अंशिका, गुडिया,मधु, प्रियंका, आंचल व प्रीति पाण्डेय द्वारा देशभक्ति व भक्ति गीतों पर डांस करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सेंटर इंचार्ज वरुण मिश्रा, नीलम मिश्रा, जैनब खातून, सपना वर्मा, वंदना वर्मा, सीमा , मंजू, मीना व धर्मेंद्र मौजूद रहे।

## कोठी थाने का सिपाही बना बीडीओ, इंस्पेक्टर ने की विदाई

**कोठी।** मुरादाबाद जनपद का रहने वाला सिपाही का ग्राम विकास अधिकारी पद पर चयन हो गया। शुक्रवार को थाना परिसर पर इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सहयोगी पुलिसकर्मियों ने फूलमाला पहनाकर उसे थाने से रवानगी की। यह जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुरादाबाद जनपद का रहने वाला रविकांत का वर्ष 2019 में सिपाही पद पर चयन हुआ था। मगर वह मेहनत व लगन से पढ़ाई साथ ड्यूटी करता था। जिससे जून 2023 में हुई यूपीएसएसएससी आयोग द्वारा आयोजित ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा में शामिल हुआ। परिणाम घोषित होने पर उसका चयन हो गया। उसके सहयोगियों व परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्रवार उसे कोठी थाना परिसर पर फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कराकर विदाई दी गई।

# कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर नदियों में खूब लगी आस्था की डुबकी





*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को जनपद के नदियों में आस्था की खूब डुबकी लगी। लोग नदियों में स्नान कर भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा का पौराणिक कथाओं में विशेष मान्यता हैं। इस दिन नदियों में स्नान कर भगवान शिव और विष्णु की पूजा अर्चना करना शुभ माना जाता हैं। निचलौल प्रतिनिधि के अनुसार ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किशनपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पुर्णिमा के पावन पर्व पर ग्रामीणों द्वारा रामलीला का आयोजन किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा समापन के दिन शुक्रवार रामनगर किसुनपुर, पिपरडाढा धरमौली, सोबडा बैरीहवां लक्ष्मीपुर रमगढवां भरगाही, शीशगढ़, डगरुपुर, नवडिहवां, खैरहवां जंगल, खैराटी, जिगनिहवां,मल्लाह टोली, अहिरन टोला, रुदलापुर, धुमठवां, पिपरहवां, निबिअहवां, हरपुर, बेलहियां आदि गांवों के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर परिवार में सुख-शांति की कामना किया। पंडित रिपुदमन पांडेय ने बताया कि गंगा में स्नान कर , गोदान, अन्न दान, वस्त्र दान करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती।

## नहर के घाटों पर लगी श्रद्धा की डुबकी

**महराजगंज (मिठौरा)।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर देवरिया शाखा नहर पर पर श्रद्धालु स्नान घाटों पर डुबकी लगाकर कृतार्थ हुवे। संकीर्तन के धुनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मिठौरा क्षेत्र के बरोहिया जगदौर मिठौरा में नहर घाट पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने घाटों पर स्नान कर श्रद्धा की खूब डुबकी लगाई। मंदिरों में लोगों ने पूजन अर्चन किया। संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडित विपिन पाठक ने बताया कि आज के इस पावन पर्व पर पावन नदियों में स्नान व दान् आदि करने से न केवल सुख, शांति, आरोग्यता बल्कि मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।

# सारेगामापा फेम गायक रूपेश को मुंबई में मणेंद्र मिश्रा ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद निवासी, सारे गामा फेम सिंगर श्री रूपेश मिश्रा को अंगवस्त्र, डायरी और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर यश भारती विभूषित श्री मणेन्द्र मिश्रा ने आज मुंबई साकीनाका स्थित स्टूडियो में सम्मानित किया। श्री मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पिछले कई वर्षो के लंबे संघर्ष के बलबूते आज श्री रूपेश मिश्रा भोजपुरी एवं बॉलीवुड के गायकों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

आम जनता भी श्री रूपेश के गायन की प्रशंसा कर रही है। उत्तर प्रदेश के विकास सूचकांक के आधार पर पिछड़े जनपद सिद्धार्थनगर में जन्मे रूपेश ने बेहद कम समय में मुंबई में अपनी जगह बनाई है। इससे जनपद के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी कि वे जिस भी क्षेत्र में लगन और ईमानदारी से संघर्ष करेंगे उस विधा में जरूर सफल होंगे। श्री मणेन्द्र मिश्रा ने रूपेश को माला पहनाकर जनपद जनपद आगमन पर एक बड़े आयोजन की सहमति भी लिया। इस अवसर पर जनपद निवासी मुंबई में रह रहे मो. इलियास चौधरी और अहमद रजा की उपस्थिति रही। समाजवादी अध्ययन केंद्र के संस्थापक श्री मणेन्द्र मिश्रा ने स्टूडियों का भ्रमण कर सभी साथियों चैनल के क्रिएटिव टीम सर्वश्री अमित पूरी, अंजलि तिवारी, अभिषेक, सोनाली और भक्ति धुले से मिलकर उनके आगामी फिल्मों/गीतों की शूटिंग के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# भोर में ही श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाट लगाई डुबकी

**प्रधान प्रतिनिधि ने निःशुल्क प्याऊ व खोया पाया का लगाया स्टाल**

अवधनामा संवाददाता





**शोहरतगढ़सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में सौ वर्षो से लगने वाला एतिहासिक लेदवा मेला जो ग्राम पंचायत महथा बाजार के लेदवा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन बानगंगा नदी के तट पर लगता है। श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुबह तीन बजे से ही बानगंगा नदी के बानगंगा बैराज घाट, महथा घाट लेदवा घाट पर पतित पावनी मां गंगा में डुबकी लगाई।

मोक्षदायिनी मां गंगा की पूजा-अर्चना कर आरती की।बानगंगा नदी के घाटों पर ब्राह्मणों द्वारा गोदान,अन्नदान कर सुख-समृद्धि की कामना की।कोहरे ने सूर्य देवता को ढक देने पर सुर्य के दर्शन नहीं हुए ऐसे में श्रद्धालुओं ने सुर्य की मानसिक पूजा कर अर्घ्य दिया।रात्रि चार बजे से बानगंगा बैराज घाट,महथा घाट व लेदवा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने स्नान दान कर आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर सात परिक्रमा की। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष उमा अग्रवाल व अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व बानगंगा बैराज के नवयुवक समाजसेवी लड़कों ने घाट पर आए महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए आधा दर्जन स्थानों पर टेंट की व्यवस्था की।वहीं समाजवादी पार्टी के युवा नेता रामू यादव ने लाइट की व्यवस्था की थी। नगर पंचायत शोहरतगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को बानगंगा नदी में स्नान कराने के लिए एक दर्जन वाहनों कि निशुल्क व्यवस्था की थी। सुबह शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने भी बानगंगा नदी के बैराज घाट पर पहुंचकर डुबकी लगाई और गंगा जी की पूजा अर्चना कर दीप जलाएं। श्याम जायसवाल ने बैराज घाट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से कहा कि अगर यहां किसी भी प्रकार की असुविधा हो तो हमें जरुर बताएं। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व एसडीएम शोहरतगढ़ चंद्रभान सिंह ने सुबह बानगंगा व लेदवा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।गहरे पानी की तरफ श्रद्धालुओं न जाने पाए इसके लिए पुलिस ने बेरिकेडिंग कर पहरा करते दिखे। सौ वर्षो से लगने वाला ऐतिहासिक लेदवा मेला का आनंद लेने के लिए दोपहर से दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लेदवा मेले में लोगों ने सर्कस,झूला,जादूगर, मौत का कुआं व हाथी की सवारी का आनंद लिया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने लेदवा मेला में खोया पाया व अस्थाई पुलिस कैंप बनाया गया था। लेदवा मेला प्रभारी सुभाष यादव व सतेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ लगकर हर गतिविधि पर नजर गड़ाए हुए थे।पुलिस के जवान मेला में भ्रमण करते रहे। महथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आसिम उर्फ नैय्यर ने निशुल्क प्याऊ व खोया पाया का स्टाल लगाकर लोगों की सहायता की।भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मेले में दो व चार पहिया वाहनों का प्रवेश रोक दिया।

## दुकान पर गई युवती के साथ हुई टप्पेबाजी

**डायल 112 फेल जबकि डायल 100 की लापरवाही आयी सामने**

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में कोटक बैंक के पास एक युवती के साथ हुई टप्पेबाजी। जिसके बाद युवती ने डायल 112 को काल किया लेकिन काल नही लगिन तो डायल 100 पर सूचना दिया, जहां से युवती को 9105224561517 पर काल करने को कहा गया। इस बीच काफी देर हो गई और अंधेरा भी होने लगा तोभवः युवती हैं से हट गई। इसके बाद जब युवती ने 9105224561517 नम्बर पर काल किया तो वहां से उसको थाने पर जाने और तहरीर देने की बात कही गई। कोतवाली थाना क्षेत्र के मियाँ बाज़ार की रहने वाली युवती का कहना है कि जब एक दुकान पर कोल्डड्रिंक पीने के लिए रुकी तो वही उसका पर्स किसी ने गायब कर दिया, युवती का कहना है कि पर्स में ज़रुरी कागज़ात समेत 20 हज़ार रुपया नकद भी था। उसने बताया कि डायल 112 पर तो काल नही लगी लेकिन डायल 100 पर बहुत देर ट्राई करने पर जब काल लगी तो वहाँ से उसको कोई मदद नही मिली। बहरहाल सर्दियों का मौसम शुरू होने से पहले इस प्रकार घटना के बाद डायल 112 का फेल होना और डायल 100 की लापरवाही, पुलिस के लिए किसी खतरे की घण्टी से कम नही है।

### आटो बेचकर नहीं दे रहा था कागजात पुलिस ने दर्ज किया केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र में कबाड़ के वाहन को बेचकर सैकड़ों लोगों को चुना लगा चुके एक जालसाज ने एक महिला को आटो 1.28 लाख रूपये लेकर हड़प गया था। और आटो का कागजात नहीं दे रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सत्यभामा पत्नी विक्रम निवासी महुआपार थाना सहजनवा जिसने कोपिया थाना बखिरा जिला संत कबीरनगर निवासी गीडा में कबाड़ गाड़ियों का बिक्री करता है। उसने महिला को एक आटो बिक्री कर 1.28 लाख रूपये लिया था। और उसका कागजात 1 माह में देने को कहा था। लेकिन आरोपी कागजात मांगने पर जान मारने की धमकी दे रहा था। पीड़िता के शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अष्टभुजा, हिंदकेसरी, लक्ष्य के खिलाफ जालसाजी ऑफ जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने कहा कि पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### महिला का हत्यारे ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के छपिया में 45 वर्षीय महिला संगीता यादव जो शौच के लिए घर से निकली थी उसकी कुदाल से काट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतिका के बेटे किशन के तहरीर पर पुलिस ने अजीत यादव पुत्र धनश्याम यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। अभियुक्त ने वृहस्पतिवार को अपराह्न 3 बजे के करीब गहासाड रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी कर लिया था। पुलिस ने शव को अज्ञात मानते हुए मर्चरी के लिए भेज दिया था। शुक्रवार को गीडा पुलिस को जानकारी मिली कि अज्ञात युवक का शव महिला के हत्या का अभियुक्त अजीत यादव पुत्र धनश्याम यादव निवासी धंजवा थाना महुली जिला संतकबी नगर का निवासी है। जो अपने ननिहाल छपिया थाना हरपुर बुदहट में रहता था। उसका मृतिका संगीता यादव का प्रेम संबंध था। वही हरपुर बुदहट एसओ महेश कुमार चौबे मृतिका के हत्या के अभियुक्त मामा के लड़के अमन यादव को लेकर गीडा थाने पहुंचे। जिसने उसकी पहचान किया।पुलिस पंचामा करा कर विधिक कारवाई कर रही है। इस संदर्भ में एसओ महेश कुमार चौबे ने कहा की अभियुक्त ने गीडा थाना क्षेत्र में ट्रेन के आगे खुद कर खुदकुशी किया है। जिसकी पहचान उसके मामा के लड़के अमन यादव ने किया है।

### बाल दिवस पर यूकेजी के छात्र शज़ान अब्बास को विद्यालय के प्रबंधक ने किया सम्मानित



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर की सबसे अग्रणी शिक्षण संस्था के रूप मे विगत दो दशकों से भी अधिक समय से संचालित कोस्मोपोलिटन इंग्लिश स्कूल मे चाचा नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप मे मनाया गया दो दिवसीय कार्यक्रम मे विद्यालय के बच्चों ने बड़ी संख्या मे आये अभिभावकगण के बीच अपनी प्रतिभा दिखाते हुए ग्रुप डांस मिमिकरी डिबेट छोटे बच्चों के द्वारा हिन्दी कविता इंग्लिश स्पीच आदि कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा दिखाकर सबका मन मोह लिया दो दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियां विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा लगातार एक पखवाड़े तक जारी रहा कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाले छात्रों को विद्यालय प्रबंधक जॉन पॉल व चेयरमैन अनूप विजय ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विद्यालय के प्रधानाचार्य वैशाख सर व व्यवस्थापक आनंद सर ने सभी आये हुए अभिभावक गण का आभार प्रकट किया।

### ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना अंतर्गत इसौली के पास गुरु को ट्रेन से गिरकर 35 वर्षीय एक यात्री की मौत हो गई।मिली जानकारी के मुताबिक यात्री बेगमपुरा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था तभी अचानक ट्रेन से गिर गया जिससे वह तेज ट्रेन की चपेट में आ गया। मुसाफिरखाना पुलिस ने बताया कि यात्री की पहचान नहीं हो पाई है और शव को शवगृह भेज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एपीएस एकेडमी तेलीबाग में सम्पन्न हुआ एथलैट्री फेस्ट 2024

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज दिनांक 15 नवंबर 2024 को ए पी एस एकेडमी तेलीबाग में बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ाने एवं उन्हे खेल के प्रति और जागरूक करने हेतु एथलैट्री फेस्ट 2024 का भव्य आयोजन किया गया तीन दिन से लगातार चल रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्यतः स्पोर्ट और हाउस कंपीटिशन, इंटर स्कूल कंपीटिशन सम्पन्न कराए गये इस फेस्ट में लगभग 400 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें नेहरू हाउस ने ओवरऑल विजय हासिल की आज के कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ पी सी एस अजय जौहरी वित्त नियंत्रक परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,विद्यालय के फाउंडर एवं अध्यक्ष एस पी मिश्रा श्री चंद्र दत्त सेनानी ट्रस्ट, चेयर पर्सन सिंधुजा मिश्रा, वाइस चेयरमैन प्रथमेश मिश्रा सपत्नी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन, रंगबिरंगे गुब्बारों को आकाश में उड़ाने, विद्यालय के संस्थापक श्री चंद्र दत्त सेनानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई इसके उपरांत सर्वप्रथम वरिष्ठ पी सी एस अजय जौहरी ने सभी प्रतिभागियों को रिजल्ट घोषित होने से पूर्व शुभकामनाएं दीं तत्पश्चात मार्च पास्ट फिर अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रस्तुतियां दीं जिसमे योगा ताइक्वांडो, रॉक बैंड की प्रस्तुति, नुक्कड़ प्रस्तुति दी गई तदोपरांत विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान एवं डॉ आनंद किशोर पांडे निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के कर कमलों से विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजयी बच्चों को प्रमाण पत्रों के साथ गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का समापन विधान परिषद सदस्य पवन चौहान द्वारा विद्यालय के सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उत्साह वर्धन के साथ किया गया।

### पराली जलाने के रोक के बावजूद जल रही खेतों मे पराली

**अम्बेडकरनगर।** खेतों में पराली जलाने पर शासन प्रशासन द्वारा रोक लगाने के लाख दावे किए जा रहे हैं लेकिन रोक के बावजूद भी शासन प्रशासन के आदेशो निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। मालूम हो थाना क्षेत्र जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम अकथरा नरायनपुर में दुर्गेश निषाद पुत्र हरगुन खुलेआम शासन प्रशासन को चुनौती देते हुए खेतों में पराली जलाकर प्रशासन के आदेशो की धज्जियां उड़ाई जा रही है। दिनांक 13/ 11/ 24 को क्षेत्रीय लेखपाल रजनीश कुमार वर्मा द्वारा पराली जलाने से मना करने के बावजूद भी दबंग दुर्गेश पुत्र हरगुन द्वारा मनमानी करते हुए पराली जलाया जा रहा है और खुलेआम शासन प्रशासन के आदेशो निर्देशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है जो नियम के विरुद्ध है। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया मौके पर दुर्गेश निषाद द्वारा खेतों में पराली जलाने की बात सत्य पाई गई। शासन प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या पर जाता है या फिर इस तरह लोग खुलेआम शासन प्रशासन को चुनौती देते रहेंगे।

## पूर्व सांसद ने ककरही घाट पर 5100 दीप प्रज्वलित कर किया दीपदान



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** देव दिपावली को लेकर पूर्व प्रत्याशी/पुर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ़ कुशल तिवारी द्वारा ककरही घाट पर 5100 दीप प्रज्वलित कर बूढ़ी राप्ती नदी पर दीपदान किया। दीपदान के पहले कुल नौ कन्याओ तथा बटुक भैरव पूजा भी की गयी, कुल इक्कीस विद्वान आचार्यो द्वारा विधिवत मंत्रो द्वारा यह शुभ का कर्यक्रम शुरु किया गया। इस दौरान एक दिवसीय ककरही मेले के शिव मंदिर के बगल लोगों मे प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नपाअध्यक्ष बांसी चमन आरा, जिलापंचायत सदस्य अनीता दिवेद्दी,राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच पुर्व प्रत्याशी विधानसभा 304 बांसी/समाजवादी पार्टी के नेता आर एस पांडेय, डा. बीएन त्रिपाठी, एडोकेड सत्यप्रकाश दिवेद्दी, रज्जन पान्डेय, जितेन्द्र त्रिपाठी,पंकज पांन्डेय, मोनूचतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र दिवेद्दी, प्रेम प्रकाश मिश्र, दिनेश धर दिवेद्दी, अम्विका मिश्र, मंगेश दुवे,सुर्य प्रकाश धर दिवेद्दी, पियुस बाजपेई,सज्जन त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने किया जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन




**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार इकाई नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर (माय भारत) कें अन्तर्गत दिनांक 15 नवम्बर 2024 को जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव कें निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम जनजातीय गौरव दिवस जिसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सम्मान देना एवं जनजातीय समाज को राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ना के संकल्प को आत्मसात करने के लिए जनमानस में जिज्ञासा उत्पन्न करना है आयोजित हुआ इस अवसर पर ग्राम खजुरिया गर्वी विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम में आयोजन लोगों को चेतन्य करने हेतु आयोजित किया गया इस क्रम में बतौर एन वाई वी रुपेश मिश्र द्वारा कार्यक्रम का संचालन करनें कें साथ कार्यक्रम के विषय से लोगों को परिचित कराते हुए जनजातीय समुदाय को राष्ट निर्माण में अपनी ज़िम्मेदारियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि की भूमिका में अलोक चतुर्वेदी नन्दलाल यादव, सहायक एन वाई वी रामस्वरूप आर्य सहित युवा मंडल सदस्य शिवपूजन यादव मनोज पांडे अशोक कुमार ओम प्रकाश विजय कुमार आशू यादव धर्मेंद्र कश्यप धनराज यादव राकेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न युवा मंडल के युवा उपस्थित रहें।

## बेटी के साथ अत्याचार करने वाला जहन्नुम मे भेजा जायेगा : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे। योगी ने कहा कि यह नया भारत है, हम किसी को छेड़ते नहीं है, जब कोई छेड़ता है तो छोड़ते भी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि बेटी के साथ अत्याचार करने वाला जहन्नुम में भेजा जाएगा।सपा और कांग्रेस के लोग गुमराह करने आएंगे, लेकिन ये बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले लोग है, इनको आगे नहीं बढ़ने देना है। खान मुबारक की सपा की वास्तविक विरासत है, मुख्तार और अतीक इनकी वास्तविक विरासत हैं।अयोध्या में एक निषाद बेटी के साथ सपा के गुंडों ने कैसी घटना की। इसके बाद भी ये दलीलें दे रहे थे, बेटी तो सबकी होती है, बेटी के साथ कोई जुर्म करेगा तो हमारा संकल्प है कि उस दुष्कर्मी की जगह सिर्फ जहन्नुम में हो सकती है। हमारी सरकार पूरी मजबूती से उस परिवार के साथ खड़ी रही। सपा वाले वहीं हैं जो अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाए थे। ये लोग कोई भी महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर नहीं जाते थे क्यूंकि इन्हें डर था कि मुस्लिम वोट बैंक खिसक न जाए। लेकिन हमने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनवाया। हमने भगवान राम और निषाद राज की मैत्री की 56 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाई है। हम अपने पूर्वजों को जवाब दे सकें इसके लिए अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनवाया। वहां भगवान राम का विराजमान होना हर किसी को गौरवान्वित करता है। हमारा एक ही कहना है कि जो राम का नहीं वो हमारे किसी काम का नहीं। हमारी प्रेरणा एक ही बात पर टिकी है, कि जाके प्रिय न राम-वैदेही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही।2014 के पहले इनकी सरकार थी। पाकिस्तान सीमाओं पर अतिक्रमण करता था हम आवाज उठाते थे, तो ये कहते थे कि आवाज न उठाओ संबंध खराब हो जाएंगे। पाकिस्तान घटना पर घटना को अंजाम देता था, हमारे जवान शहीद होते थे, निर्दोष नागरिक मारे जाते थे, लेकिन ये कुछ नहीं करते थे। 2014 के बाद स्थिति बदली है ये नया भारत है। हम किसी को छेड़ते नहीं, कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ते नहीं हैं।धारा 370 को लेकर भी यही स्थिति थी। कांग्रेस कहती है कि कश्मीर में हम इसे वापस लाएंगे। इसका मतलब है आतंकवाद की वापसी, जनता ऐसा नहीं होने देगी।

### उर्वरक बिक्री केंद्रों साधन सहकारी समितियों का किया गया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी द्वारा रबी फसल की बुवाई के दृष्टिगत जनपद में किसानों को सुचारू रूप से डीएपी एवं अन्य उर्वरकों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश के क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित सभी उपजिलाधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों एवं साधन सहकारी समितियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी जगह सुचारू रूप से डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का वितरण करते पाया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा इफको केंद्र गौरीगंज का निरीक्षण किया गया यहां पर उनके द्वारा स्टाक रजिस्टर टोकन के अनुसार किसानों को उर्वरक वितरित किए जाने सहित अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताते चलें कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है किसान अपने नजदीकी उर्वरक बिक्री केंद्र पर जाकर खतौनी व आधार कार्ड के साथ निर्धारित संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

## सभी बूथों का गठन 16 से 25 नवम्बर तक सर्वसम्मति से किया जाएगा : अमृत कुमार

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भाजपा के संगठन पर्व के तहत जिले के विभिन्न मंडलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विक्रमजोत मण्डल की कार्यशाला अमौलीपुर मन्दिर परिसर में आयोजित की गई, कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी और मण्डल चुनाव अधिकारी अमृत कुमार वर्मा ने पार्टी ने भाजपा के सदस्यता अभियान और संगठन पर्व की सफलता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बूथ समिति गठन के बाद मण्डल का गठन चुनाव आयोजित किए जाएंगे।

कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा संगठन चुनाव को एक पर्व के रूप में मनाया जा रहा है, और यह कार्यशाला आगामी चुनाव प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण कदम है। श्री वर्मा ने बताया कि सभी बूथों का गठन 15 नवम्बर से 25 नवम्बर तक सर्वसम्मति से किया जाएगा। बताया कि 2 सितम्बर से शुरू हुआ सदस्यता अभियान अब पूरे जिले में जोर पकड़ चुका है और भाजपा के ढाई लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं।

20 नवम्बर तक नये सदस्य जोड़ने का अवसर अभी है। सभी शक्तिकेन्द्र चुनाव अधिकारियों को कार्यो को सर्वसम्मति से संपन्न करने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यशाला में करीब सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और संगठन के चुनाव को पर्व के रूप में मनाने का संकल्प लिया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं को 20 नवम्बर तक 50 नये सदस्य जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे संगठन के सक्रिय सदस्य बन सकें। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख केके सिंह, बजरंग बिहारी पाण्डेय, सुनील सिंह काका, महेंद्र प्रताप सिंह, तेज बहादुर सिंह, इन्द्र कुमार शुक्ल, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, दुर्गेश सिंह, सचिन कन्नौजिया, डिम्पल सिंह, शिव विशाल वर्मा, अमर नाथ शर्मा सहित शक्तिकेन्द्र मौजूद रहे।

### बैडारी व भेड़वा गांव में मना जनजातीय गौरव दिवस



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा ब्लाक के बैडारी मुस्तहकम और भेड़वा गांव में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के मौके पर प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी कप्तानगंज शारदानंद तिवारी रहे। बैडारी मुस्तहकम में संबोधन में बोलते हुए शारदानंद तिवारी ने उपस्थित लोगों को वन अधिकार अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए, जनजातियों के अधिकार के बारे में जागरूक किया और वन्यजीवों तथा वनों की रक्षा की अपील की। भेड़वा में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने उपस्थित लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई। एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र, वन विभाग के राम मूरत यादव, कृपाशंकर, वंदना तिवारी, संतोष कुमार, राजेश कुमार पांडे, डीसी स्वच्छ भारत मिशन राजा शेर सिंह, डीपीएम हरिकेश सिंह, ट्रिफ संस्था के लव कुमार, सचिव महेंद्र यादव, अभिषेक कुमार, जितेंद्र कुमार, शिवनाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सामान खरीदने जा रहे युवक को मनबढ़ो ने पीटा

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के कुदरहा कस्बे में लोहे का सामान खरीदने जा रहे बाइक सवार दो युवको की कुछ लोगों ने कुदरहा-लालगंज मार्ग पर जमकर कर धुनाई कर मोटर साइकिल तोड़ तीस हजार रुपया ले कर फरार हो गए। डिहुकपुरा गांव निवासी सोनू पुत्र जनार्दन विश्वकर्मा चौकी इंचार्ज कुदरहा को लिखित प्रार्थना पत्र दे कर बताया कि लोहे के गिरील का सामान खरीदने जा रहा था। कुछ सामान लेने नौरहनी रोड़ पर गया तो रामू के मकान के सामने पहुंचा ही था कि मोटर साइकिल से कुछ लोग पहुंचे और मारने लगे। इतना ही नही मोटर साइकिल भी तोड दिए। पास में रखा तीस हजार रुपया ले कर फरार हो गए। डायल 112 की टीम पहुंच कर जांच भी की।

## उबरने में वख्त लगेगा

न्यूजीलैन्ड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन्डिया टीम का मिली हार के सदमें से उबरने में भारतीय टीम और फैन्स को समय तो लगेगा पर उससे उबरना भी जरूरी है गिरते है शह सवार ही मैदाने जंग में वे कुफ्र क्या गिरेगे जो घुटनो के बल चलेगे। खेल में हार जीत तो होती रहती है। पर तीन मैचों की सिरीज में वह भी घर की पिच पर तीनों मैच हारना कुछ कड़ी चोट तो है ही। 12 वर्षो तक भारत अपने घर की पिच पर अजेय रही है। 18 साल लगातार जीत हासिल करती रही है एक शानदार रिकार्ड है। आस्टेऊलिया वेस्ट इन्डिया की टीम जब अपने शिखर पर रही है तब भी ऐसा रेकार्ड बना सकी थी। इसी रेकार्ड ने भारतीय टीम को दी लास्ट फ्रनिटपर का रूतबा दिया है। अब खेल में हमेशा अजेय तो नहीं बना रहा जा सकता कभी न कभी तो हार होती ही है। क्लाइव लायड और स्टील व जैसे दिग्गज कप्तान भी हारे है। भारत अपने घर के मैदान पर ही अपने विख्यात हथियार स्पिन से हारा है। शुरू में भारतीय टीम जब कमजोर रहती थी तब भी प्रसन्ना, चन्द्रशेखर वेंकट राघवन जैसे स्पिनर कहर ढाते थे। उस समय की सारी दिग्गज टीमें भारत के स्पिन से आतंकित थी। पर इस बार भारतीय टीम अपने ही घर में अपने हथियार से मार खा गयी।

टीम इन्डिया पिच समझने में असफल रही। कैपटन रोहित शर्मा ने इसे स्वीकारा भी किया है। बेगुलर में जब पहला मैच हुआ था तो आसमान बादल छाये हुये थे भारतीय टीम का बैटिंग फैसला गलत था जिसे उसे भुगतना पड़ा। पहली ही जीत से न्यूजीलेन्ड के हौसलो में बुलन्दी आ गयी और मोमेन्टम उनके हाथ में चला गया पूरी सिरीज में हाबी रहें। एक एक कर जीत अपनी झोली में डालते चले गये।

घूम घूम कर मैच खेलने में हर पिच का अन्दाजा टीम को नहीं हो पाता। भारत आस्टेलिया इग्लैंन्ड की तरह अपनी चुनिन्दा पिच ही मैच खेलना चाहिये थी। यही चूक पूरी सिरीज पर छाई रही। कई बार ऐसा हुआ है कि लोअर आर्डर मैच संभालता रहा ऊपरी आर्डर के प्लेयर पर नाकाम होते रहे। इस सिरीज में पन्त के अलावा कोई खिलाडी रन नही बना पा रहा है। पन्त का साथ देने वाला कोई नहीं है। टीम इन्डिया आत्मविश्वास से खेलने उतरी पर नतीजे अप्रत्याशित आते रहे। हार हर कभी को उजागर कर देती है जीत हार कमी को छुपा देती है। अब उसे अस्टेऊलिया खेलने जाना है। हार को भुला कर जीत की इबारत लिखने के लिये मानसिक स्तर को सुधार कर संकारात्मक रूख अपना कर उतरे। कोच और टेऊनर को खिलाड़ियों में उत्साह और आशा वादिता भरनी पड़ेगी। टेऊनर की गल्तियों भी टीम पर भारी पड़ जाती है। घर की समीक्षा कर पिछली निराशा को भुलाकर उत्साह के साथ टीम से भिड़न्त के लिये तैयार होकर उतरना पड़ेंगा तभी सकारात्मक नतीजे आयेगे। अगर पहल मैच जीत गये तो हार पीछे छूट जायेगी आस्टेऊलिया दबाव में आ जायेगा। हालाकि आस्ट्रिलिया टीम भी मजबूत है। आस्टेऊलिया की सिरीज पर सबकी निगाहे जमी हुई है।

## आज ही फांसी पर चढ़ा था गोड्से



के. विक्रम राव

आज (15 नवम्बर 2024) निर्मम हत्यारे नाथूराम गोड्से को फांसी दी गई थी। वर्ष 75 हुये। उसका चित्रण यह पेश है। रायटर संवाद समिति के रिपोर्टर पी.आर. राय को उसके ब्यूरो प्रमुख डून कैम्पबेल ने बिडला हाउस भेजा था क्योंकि महात्मा गांधी अपनी प्रार्थना सभा में घोषणा कर सकते थे कि हिन्दु-मुस्लिम सौहार्द हेतु वे फिर अनशन करेंगे। फोन करना यदि कुछ गरम खबर हो तो, उन्होंने निर्देश दिये। राय ने फोन किया मगर केवल पांच शब्द ही बोल पाया चार गोलियां बापू पर चली। आवाज थरथरा रही थी, अस्पष्ट थी। समय थाः शाम के 5.13 (30 जनवरी 1948) और तभी कैम्पबेल ने फ्लैश भेजा डबल अर्जन्ट, गांधी शाट फोर टाइम्स पाइन्ट ब्लैंक रेंज वर्स्ट फियर्ड। कैम्पबैल दौड़ा अलबुकर रोड (आज तीस जनवरी मार्ग) की ओर। विस्तार में रपट बाद में आई जिसमें गौरतलब बात थी कि गोली लगते ही गांधी जी अपनी पौत्री आभा के कंधों पर गिरे। आभा ने कहा तब बापू राम, रा.....कहते कहते अचेत हो गये। दूसरा कंधा पौत्रवधु मनु का था जिसने बापू को संभाला। दोनों की सफेद खादी की साडिया रक्तरंजित हो गई। अफवाह थी कि हत्यारा मुसलमान था। सरदार वल्लभभाई पटेल ने रेडियो से घोषणा कराई कि मारनेवाला हिन्दु था। दंगे नहीं हुये। दुनिया तबतक जान गई कि एक मतिभ्रम हिन्दू उग्रवादी ने बापू को मार डाला। आखिर कैसा, कौन और क्या था नाथूराम विनायक गोड्से? क्या वह चिन्तक था, ख्यातिप्राप्त राजनेता था, हिन्दू महासभा का निर्वाचित पदाधिकारी था, स्वतंत्रता सेनानी था? इतनी ऊंचाईयों के दूर-दूर तक भी नाथूराम गोड्से कभी पहुंच नहीं पाया था। पुणे शहर के उसके पुराने मोहल्ले के बाहर उसे कोई नहीं जानता था, जबकि वह चालीस की आयु के समीप था। नाथूराम स्कूल से भागा हुआ छात्र था। नूतन मराठी विद्यालय में मिडिल की परीक्षा में फेल हो जाने पर उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। उसका मराठी भाषा का ज्ञान बड़े निचले स्तर का था। अंग्रेजी का ज्ञान तो था ही नहीं। जीविका हेतु उसने सांगली शहर में दर्जी का दुकान खोल ली थी। उसके पिता विनायक गोड्से डाकखाने में बाबू थे, मासिक आय पांच रुपये थी। नाथूराम अपने पिता का लाड़ला था क्योंकि उसके पहले जन्मी सारी संताने मर गयी थी। नाथूराम के बाद तीन और पैदा हुए थे जिनमें था गोपाल, जो नाथूराम के साथ सह-अभियुक्त था। गोपाल ने लिखा था कि अग्रज विनायक अजीब सा तांत्रिक अनुष्ठान करता था। एक तांबे की प्लेट ऊपर काजल पोतकर, दो दिये जलाकर नाथूराम पास जमा भीड़ से सवाल पूछने को कहता था। फिर उस प्लेट को देखता था मानो कोई पारलौकिक शक्ति उत्तर लिख रही हो। उसके आसपास जमा भीड़ उसके द्वारा पढ़ी गयी बातों पर भरोसा करती थी। उसे सर्वज्ञ मानती थी। नाथूराम की युवावस्था किसी खास घटना अथवा विचार के लिए नहीं जानी जाती है। उस समय उसके हम उम्र के लोग भारत में क्रान्ति का अलख जगा रहे थे। शहीद हो रहे थे। इस स्वाधीनता संग्राम की हलचल से नाथूराम को तनिक भी सरोकार नहीं था। अपने नगर पुणे में वह रोजी-रोटी के ही जुगाड़ में लगा रहता था। पुणे में 1910 में जन्मे, नाथूराम के जीवन की पहली खास घटना थी अगस्त, 1944, में जब हिन्दू महासभा नेता एल.जी. थट्टे ने सेवाग्राम में धरना दिया था। तब महात्मा गांधी भारत के विभाजन को रोकने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना से वार्ता करने मुम्बई जा रहे थे। चैंतीस वर्षीय अधेड़ नाथूराम उन प्रदर्शनकारियों में शरीक था। उसके जीवन की दूसरी घटना थी एक वर्ष बाद, जब ब्रिटिश वायसराय ने भारत की स्वतंत्रता पर चर्चा के लिए राजनेताओं को शिमला आमंत्रित किया था तब नाथूराम पुणे के किसी अनजान पत्रिका के संवाददाता के रूप में वहां उपस्थित था। जो लोग नाथूराम गोड्से को प्रशंसा का पात्र समझते हैं, उन्हें खासकर याद करना होगा कि गांधीजी की हत्या के बाद जब नाथूराम के पुणे आवास तथा मुम्बई के मित्रों के घर पर छापे पड़े थे तो मारक अस्त्रों का भण्डार पकड़ा गया था जिसे उसने हैदराबाद के निजाम पर हमला करने के नाम पर बटोरा था। यह दीगर बात है कि इन असलहों का प्रयोग कभी नहीं किया गया। मुम्बई और पुणे के व्यापारियों से अपने हिन्दू राष्ट्र संगठन के नाम पर नाथूराम ने अकूत धन वसूला था जिसका कभी लेखा-जोखा तक नहीं दिया गया। बारीकी से परीक्षण करने पर निष्कर्ष यही निकलता है कि कतिपय हिन्दू उग्रवादियों द्वारा नाथूराम भाड़े पर रखा गया हत्यारा था। जेल में उसकी चिकित्सा रपटों से ज्ञात होता है कि उसका मस्तिष्क अधसीसी के रोग से ग्रस्त था। यह अड़तीस वर्षीय बेरोजगार, अविवाहित और दिमागी बीमारी से त्रस्त।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया। जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता, देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय परंपरा रही है। जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में वनवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई वनवासी आंदोलन किए। इन वनवासी समुदायों में तामार, संथाल, खासी, भील, मिजो और कोल शामिल हैं। 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' पर कार्यशाला आयोजित कर इसे भव्य रूप से मनाया जाए।**

# जनजातीय हितों का संरक्षण एवं संवर्द्धन

**अमरीक सिंह ठाकुर**

जनजातीय गौरव दिवस वनवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदानों को सम्मानित करने तथा आमजन एवं भावी नागरिकों को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए मनाया जाता है। वर्ष 2021 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 15 नवंबर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में इसे जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया व रांची में वनवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय उद्घाटन भी शामिल हैं। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। सामाजिक-आर्थिक विकास, आजीविका एवं उद्यमिता, कला-संस्कृति एवं धरोहर, शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य जनजातीय समाज की जीवन शैली है। जनजातीय गौरव दिवस का मुख्य उद्देश्य वनवासी के हितों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान कि भारत की वनवासी विरासत, संस्कृति, परंपराओं को जीवंत रखने के लिए व्यापक जागरूकता की अलख जगाने की आवश्यकता है और स्वतंत्रता संग्राम में वनवासी नायकों द्वारा दिए गए बलिदानों को उचित मान्यता प्रदान की जानी चाहिए। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से 'परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास' के सिद्धांत पर अथक रूप से कार्यरत है। मोदी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणालियों, परंपराओं और सांस्कृतिक लोकाचार के संरक्षण और प्रोत्साहन को अत्यधिक महत्व दिया है। प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार भविष्य के सुदृढ़ आत्मनिर्भर भारत के लिए 8.6 फीसदी वनवासी समुदाय को प्रोत्साहित और सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य और साझा जिम्मेदारी है।



जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया। जनजातीय संस्कृति में छिपी है, गहरी आध्यात्मिकता, देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय परंपरा रही है। जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में वनवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई वनवासी आंदोलन किए। इन वनवासी समुदायों में तामार, संथाल, खासी, भील, मिजो और कोल शामिल हैं। 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' पर कार्यशाला आयोजित कर इसे भव्य रूप से मनाया जाए। जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजातीय समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, गैंदसिंह, गुण्डाधूर जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। पूरी दुनिया आज जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे में प्रकृति का संरक्षण बहुत आवश्यक है। जनजातीय समाज ने हमें प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो आज भी अनुकरणीय है। जनजातीय समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है। जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है। प्रकृति को सहेजकर, प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष में किसी तरह का भेदभाव नहीं। सब बराबर हैं और प्रकृति का उपहार सबके लिए है। ये बातें हमें इस समाज से सीखने की आवश्यकता है। वास्तव में जीवन जीने की कला जनजातीय समाज से सीखनी चाहिए। जनजातीय समाज में दहेज जैसी सामाजिक बुराई का अस्तित्व नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा का शौर्य हमें हमेशा जीवन में साहस की राह दिखाता है।

उन्होंने शोषणमुक्त समाज का सपना देखा था। मोदी ने उन्हीं की परिकल्पना के अनुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ कर विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का प्रयास किया है, जिसमें जनजातीय बहुल 63 हजार गांवों के 5 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। जनजातीय लोग कभी दिखावा नहीं करते, उनकी सरलता-सहजता मन मोह लेती है। जनजातीय समाज की खानपान की शैली बीपी-शुगर जैसी लाइफ स्टाइल से जुड़ी बीमारियों से दूर रखती है। शिक्षा विभाग द्वारा जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला आयोजित कर जनजातीय समाज के गौरव को पूरे समाज के सामने लाने में मील का पत्थर साबित होगी। देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस समाज में अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया जिन्होंने 1857 क्रांति के पहले ही अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की शुरुआत की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों को बड़ा नुकसान जनजातीय क्षेत्रों में हुआ, अनेक मौकों पर उन्हें मजबूर होकर पीछे हटना पड़ा। अंग्रेजों ने जब बस्तर में रेल लाईन बिछाने का काम शुरू किया, उसमें लकड़ी का उपयोग किया जाता था। जनजातीय समाज ने इसका विरोध किया और यह भाव जताया कि हमारा जंगल कोई नहीं काटेगा। सामाजिक एकजुटता के कारण बहुत कुछ संरक्षित रहा। बस्तर दशहरा सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

इस समाज में 80 प्रतिशत परिवार संयुक्त परिवार हैं। मिलेट का उपयोग, जैविक खेती जैसी अनेक बातें जनजातीय समाज से शिक्षित समाज को सीखने की आवश्कता है। पारंपरिक अनाज, जिन्हें भूल चुके थे भारतीय, पर आज दुनिया कहती है 'सुपर फूड' बाजार में आज ज्वार, बाजरा और क्विनोवा जैसे अनाजों की मांग बढ़ गई है और ये बेवजह नहीं है। लेकिन जिस अनाज को छोड़ हम आगे बढ़े थे, आज पूरी दुनिया फिर से उसी अनाज की तरफ वापस लौट रही है। धरती आबा बिरसा मुंडा का जन्म खूंटी के उलिहातू में 15 नवंबर 1875 को हुआ। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। पढ़ाई के दौरान ही बिरसा के क्रांतिकारी तेवर का पता चलने लगा। उनकी उपलब्धियों की सूची लंबी है। बहरहाल, देश उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता है।

# बदलते भारत की बदलती तस्वीर

**भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुज़ुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं।**



जया वर्मा सिन्हा

विविधताओं से भरा अपना देश निराला है। अपने यहाँ, चीज़ों को अलग नज़रिए से देखने की प्रशस्त परंपरा रही है। हमारे लिए गंगा और गोदावरी सिर्फ़ नदियों के नाम नहीं, जीवन दायिनी माँ के पर्यायी हैं। संगीत, कानों को सुख देने का सिर्फ़ साधन नहीं, सुरों की साधना का ज़रिया है। कुछ वैसे ही, हम देशवासियों के लिए, भारतीय रेल, महज़ एक अदद इंजन और डेढ़ दर्जन डिब्बों से लैस गाड़ी नहीं, घर परिवार से दूर जीविकार्जन कर रहे हमारे श्रमिकों, किसानों, जवानों और करोड़ों नागरिकों का अपने परिवारों और प्रियजनों से भावनात्मक रिश्तों को जोड़ता एक पुल है। पूरब से पश्चिम, और उत्तर से दक्षिण बिछी पटरियों पर सिर्फ़ हमारी ट्रेनें नहीं दौड़तीं - उनसे होकर रिश्तों के एहसास गुज़रते हैं। विराट भारत देश की विविधताओं को अपने अंतर में समेटे, भारतीय रेल, भारत सरकार की प्रतिनिधि भी है, और देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक भी!

इन आकांक्षाओं की अग्नि परीक्षा हर साल त्योहारों के मौसम में होती है, जब परिवार से दूर जीवन यापन कर रहे करोड़ों देशवासी अपने घरों को लौटते हैं। महानगरों की गुमनामी भरी ज़िन्दगी में, साल भर की जी तोड़ मेहनत के बाद, अपनों से मिलने के अरमान लिए ये मेहनतकश एक विशाल समूह में निकल पड़ते हैं रेल के सफ़र पर। संख्या इतनी ज़्यादा, कि अगर आपने उस परिवेश में कभी काम ना किया हो, तो देखते ही हाथ-पाँव फूल जायें। और, अगर बात त्योहार और विशेष दिनों में उमड़ते जन-सैलाब की हो, तो सिर्फ़ रेल संचालन से बात नहीं बनती। आपको रेलवे स्टेशन पर आये लोगों के सुचारू रूप से ठहरने, टिकट ख़रीदने, जलपान आदि की भी पर्याप्त व्यवस्था करनी होती है। इसके लिए रेल अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा स्वयं सेवी संगठनों का भी सहयोग मिलता है। भारतीय रेल प्रशासन को करोड़ों की संख्या में आये यात्रियों को अपने गंतव्यों तक पहुँचने का कई दशकों का अनुभव है, पर अब सारी कोशिश इस अनुभव को क्रमशः सुखद बनाने की है।



अगर विदेशी मेहमानों से कभी इस विषय पर चर्चा हो, तो वे दांतों तले उँगलियाँ दबा लेते हैं। यातायात प्रबंधन की जानकारी रखने वाले कई साथी, यह सुनकर कि त्योहारों के दौरान रेलवे ने एक लाख सत्तर हज़ार ट्रेनों के फेरों के अलावा 7,700 विशेष ट्रेनों का संचालन किया, हैरत में पड़ जाते हैं। अब आप, सूरत के पास स्थित औद्योगिक शहर ऊधना को ही ले लीजिये - यहाँ के रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन औसतन सात-आठ हज़ार यात्रियों का आवागमन होता है - चार नवंबर को इस छोटे से स्टेशन पर चालीस हज़ार से ज़्यादा की भीड़ उमड़ आयी। अगर, रेलवे प्रशासन ने एक टीम की तरह काम करते हुए उचित व्यवस्थाएँ ना की होती, तो यात्रियों की परेशानी का अन्दाज़ लगाना भी मुश्किल होता। त्योहार के दौरान, देश भर में सबसे अधिक आवागमन नई दिल्ली स्टेशन से हुआ। इस अवधि में सिर्फ़ इस स्टेशन से, यात्रियों की माँग पर एक दिन मे 64 स्पेशल और 19 अनारक्षित ट्रेनों का संचालन किया गया।

विदेशी मेहमानों से भरी एक सभा में जब त्योहारों में रेल यात्रा की चर्चा हुई, तो एक राजनयिक यह सुनकर दंग रह गये कि इस साल अकेले छठ महापर्व के पहले, 4 नवम्बर को, लगभग 3 करोड़ लोग ट्रेन से अपने गंतव्यों तक गये, और त्योहार के दिनों में तो रेलवे ने लगभग 25 करोड़ यात्रियों को यात्रा करने में मदद की। संबंधित राजनयिक ने, हल्की मुस्कान के साथ कहा कि पाकिस्तान की कुल आबादी से ज़्यादा लोगों ने तो महज़ कुछ दिनों में ही आपकी ट्रेनों में यात्रा की!

भारतीय रेल को यह एहसास है कि देश के पूर्वी हिस्सों से बड़ी संख्या में उद्योग केंद्रों में श्रम कर रहे हमारे इन भाई-बहनों का देश के निर्माण में अहम किरदार है। जम्मू की अटल टनल से लेकर मुंबई की सी-लिंक तक, और बेंगलुरु की आई-टी प्रतिष्ठानों से लेकर दिल्ली के निर्माणाधीन भवनों तक को, पूरब की मिट्टी में रचे बसे लोगों ने अपने हाथों से गढ़ा है। देश की सीमाओं पर तैनात फ़ौज या सीमा सुरक्षा बल के जवान हों, पंजाब के खेतों में फ़सल उगा रहे मज़दूर, सरकारी ऑफिसों तथा निजी संस्थानों में सेवारत कर्मचारी, बड़े-बुज़ुर्ग, या देश की प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थी, ये सब अपने अपने तरीक़ों से आज और आनेवाले कल के भारत को गढ़ रहे हैं।

भारतीय रेल भी आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वन्दे भारत, अमृत भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनों के लगातार विस्तार और देशभर में हजार से ज़्यादा रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन में बदलकर एक नयी और विश्वस्तरीय यात्रा पर चल पड़ी है। बदलते भारत की बदलती तस्वीर भारतीय रेल के स्वरूप मे अब उभरने लगी है।

# बांग्लादेश हिंसा : अल्पसंख्यक अधिकारों के संरक्षण की जरूरत

**बांग्लादेश की जनसांख्यिकीय संरचना को देखा जाय तो यह बहु-धार्मिक और बहु सांस्कृतिक देश है जिसमें हिंदू एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक धार्मिक समूह है। राजनीतिक अस्थिरता और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। इस हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों को नुकसान पहुंचाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब तक लगभग सैकड़ों लोग इस हिंसा में मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश हिंदू समुदाय से थे। यह हिंसा उस समय और भड़क उठी जब प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। लेकिन इन सब के बीच कुछ ऐसे खबरें भी है जिनके हवाले से यह जानने को मिला कि हिंसक और नकारात्मक माहौल में भी कुछ स्थानों पर स्थानीय मुसलमानों, उलेमाओं, मदरसा छात्रों, छात्र कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू घरों और मंदिरों की रक्षा की पहल की गयी है।**

**प्रो बंदिनी कुमारी**

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन मुख्य रूप से 2018 में उभरा। यह आंदोलन छात्रों और युवाओं द्वारा सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली के विरोध में शुरू किया गया था। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य सरकारी नौकरियों में उपलब्ध 56 फीसदी आरक्षित कोटा को खत्म करना था, जो विभिन्न सामाजिक और आर्थिक समूहों के लिए निर्धारित था। आंदोलनकारियों का कहना था कि यह कोटा प्रणाली योग्य उम्मीदवारों के साथ अन्याय करती है और सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए मेरिट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 2024 में बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन ने फिर से जोर पकड़ा। 2024 में इस आंदोलन ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया और इसके तहत बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की गई।इस बार आंदोलन को और भी व्यापक जन समर्थन मिला, और सरकार पर आरक्षण प्रणाली में सुधार के लिए दबाव बढ़ गया। यह आंदोलन जून में शुरू हुआ और जुलाई में व्यापक विरोध प्रदर्शनों में बदल गया, जो पूरे देश में फैल गए।

बड़े पैमाने पर होने वाली हिंसा और हिंसा से उपजा तनाव अक्सर अल्पसंख्यक एवं कमजोर समूहों को अपना शिकार बनाती है। बांग्लादेश की जनसांख्यिकीय संरचना को देखा जाय तो यह बहु-धार्मिक और बहु सांस्कृतिक देश है जिसमें हिंदू एक महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक धार्मिक समूह है। राजनीतिक अस्थिरता और सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। इस हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यवसायों को नुकसान पहुंचाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब तक लगभग सैकड़ों लोग इस हिंसा में मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश हिंदू समुदाय से थे। यह हिंसा उस समय और भड़क उठी जब प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया। लेकिन इन सब के बीच कुछ ऐसे खबरें भी है जिनके हवाले से यह जानने को मिला कि हिंसक और नकारात्मक माहौल में भी कुछ स्थानों पर स्थानीय मुसलमानों, उलेमाओं, मदरसा छात्रों, छात्र कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू घरों और मंदिरों की रक्षा की पहल की गयी है। कुछेक धार्मिक संगठनों द्वारा सामुदायिक सद्भाव बनाये रखने का निर्देश दिया जा रहा है और यह समझाया जा रहा कि यह विरोध आंदोलन किसी समुदाय विशेष के बजाय भ्रष्ट राजनेताओं और अधिकारियों के ख़िलाफ़ है।



अशांति के समय और पूरे विश्व की सतर्क निगाहों की बीच हिंदुओं की जीवन और सम्पति की रक्षा के लिए आगे आना बांग्लादेशी मुसलमानों का नैतिक कर्तव्य है। सरकार, अधिकारी और विरोध आंदोलन के नेता सद्भाव बनाए रखने के लिए बाध्य हैं। इस्लाम उन्हें अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का कर्तव्य देता है। इसे एक आदर्श और कानून बनाया जाना चाहिए। धार्मिक नेताओं को मस्जिदों से यह घोषणा करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए किअल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए स्थानीय पहल की जानी चाहिए। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध आंदोलन ने देश के भीतर गहरी निराशा और बदलाव की मांग को रेखांकित किया है।

हालांकि राजनीतिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और आर्थिक अक्षमताओं ने इस अशांति को बढ़ावादिया है, लेकिन इस वैश्विक युग में, यह आंदोलन अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा और बहु- धार्मिक समाज में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है। जैसे-जैसे विरोध प्रदर्शन विकसित होते हैं, सरकार और प्रदर्शनकारियों दोनों के लिए न्याय और अहिंसा के सिद्धांतों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है, यह सुनिश्चित करना कि राजनीतिक सुधार की खोज सांप्रदायिक आधार पर और अधिक विभाजन या नुकसान का कारण न बने। इस्लामी शिक्षाओं और सभी नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारियों को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के प्रयासों का मार्गदर्शन करना चाहिए। यह सुनिश्चित करते हुए कि आंदोलन का असली ध्यान प्रणालीगत भ्रष्टाचार को चुनौती देने और सभी के लिए अधिक न्यायसंगत समाज बनाने पर है। बांग्लादेश के नागरिक समाज, बुद्धिजीवी और आंदोलनरत विद्यार्थियों की यह नैतिकज़िम्मेदारी है कि आंदोलन की आड़ में मुल्क के कमजोर और अल्पसंख्यक वर्ग के साथ किसी प्रकार की कोई ज़्यादती ना हो। अभी तक के इतिहास से मानवीय सभ्यता ने यही सीखा है कि लोकतंत्र ही सबसे उत्तम राजनीतिक- सामाजिक व्यवस्था है और लोकतंत्र एकआयामी नहीं हो सकता कि जिसमें केवल बहुसंख्यकों के हित में ही न्यायपूर्ण समाज की आकांक्षा हो और वंचित, कमजोर-अल्पसंख्यकों के अधिकारों की क़ीमत पर मुल्क को आगे बढ़ाया जाय। लोकतंत्र कम्पलीट पैकेज देता है जिसमें सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता मुख्य घटक होते है। अगर मुल्क को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाना है और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करनी है तो ना केवल बांग्लादेश के समाज बल्कि संपूर्ण विश्व को ऐसे आधुनिक मूल्यों को आत्मसात् करना होगा जिसके केंद्र में 'मनुष्यता' हो ना की धर्म, जाति, लिंग ,प्रजाति और क्षेत्र पर आधारित संकुचित दृष्टिकोण।

# बाल कार्निवाल: बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभाएं

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति एवं निदेशालय, महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश हरवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 10 नवम्बर 2024 से 14 नवम्बर 2024 तक राजकीय बालगृह (बालक), फिरोजाबाद में बाल कार्निवाल का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बाल गृह में आवासित बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु शारीरिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। कार्निवाल के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। बाल कार्निवाल का शुभारंभ 10 नवम्बर 2024 को जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के पश्चात बच्चों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को सुदृढ़ करने के लिए एक योग और मेडिटेशन सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने बच्चों को सरल योगासन एवं ध्यान की तकनीकें सिखाई, जिससे बच्चों में आत्म- संयम एवं एकाग्रता का विकास हो सके।

11 नवम्बर को बाल गृह में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने टीम भावना और खेल की भावना के साथ इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई और बताया गया कि शारीरिक गतिविधियाँ उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

बाल कार्निवाल के तीसरे दिन 12 नवम्बर को बाल कल्याण समिति के सदस्यों की उपस्थिति में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न नृत्य शैलियों और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों को मंच पर प्रदर्शन का अवसर मिला, जिससे उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल में बढ़ोतरी हुई। समिति के सदस्यों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।

13 नवम्बर को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उतारा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता और कला कौशल को बढ़ावा देना था। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर चित्र बनाए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, परिवार, समाज, और बाल अधिकारों जैसे विषयों को प्रमुखता से चित्रित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों की कल्पनाशक्ति और संवेदनशीलता को एक मंच मिला। 14 नवम्बर 2024 को बाल कार्निवाल का समापन पीयूष सिद्धार्थ, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें नृत्य, नाटक और संगीत का समावेश था। न्यायाधीश ने बच्चों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में अत्यधिक उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।

## बच्चे देश के भाग्य विधाता

**भदैया, सुल्तानपुर।** बाल दिवस के शुभ अवसर पर भदैया क्षेत्र के सभी विधालयों मे बच्चो ने मेला लगाकर उत्साह के साथ बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं इंटर कॉलेज बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया , इस दौरान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। भदैयां विकासखंड के इंग्लिश मिडियम प्राथमिक विद्यालय भरसारे में प्रधानाध्यापिका बंदना यादव एवं शिक्षिका दीक्षा श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधालय प्रांगण में बाल मेले के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए। कम्पोजिट विधालय लहिया जलपापुर में प्रधानाध्यापिका अमली देवी, शिक्षक अशोक वर्मा व कमलेश कुमार की देखरेख में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टाल पर खूब खरीदारी की। कम्पोजिट विद्यालय खानीपुर में शिक्षक शक्ति पाठक के दिशा निर्देशन में गांधी व शिवाजी पार्क में स्टाल लगाए। वहीं जंजीरा दास शम्भूनाथ सिंह इंटर कालेज नरहरपुर में प्रधानाचार्य डा महेंद्र कुमार दूबे के निर्देशन में दो दिवसीय आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्रवंधक धर्मेन्द्र सिंह बब्लू भपटा ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के निर्माता हैं।

# अत्याचार व अनाचार के विरूद्ध बिरसा मुंडा ने किया था आंदोलन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आदिवासी अस्मिता एवं संस्कृति के रक्षक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शौर्य एवं पराक्रम के परिचायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन किया। प्रदेश महामंत्री श्री रामप्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी श्री अतुल अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोगो ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कृतज्ञ नमन करते हुए जनजातीय गौरव दिवस मनाया।

प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती को आज हमसभी जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए, अत्याचार एवं अनाचार के विरूद्ध संघर्ष के लिए तथा धर्मांतरण के खिलाफ आन्दोलन के लिए देश सदैव भगवान बिरसा मुंडा जी का अभारी रहेगा। जल, जंगल, जमीन की रक्षा तथा मातृभूमि के लिए उनका संघर्ष सदैव हम सभी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

चौहान ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। आज जयंती पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी द्वारा दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। दिल्ली के सरांय काले खां चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखने का निर्णय राष्ट्र के महानायक के प्रति राष्ट्र की ओर से कृतज्ञ नमन है।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबन्ध पर 29,500 का वसूला जुर्माना

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ऋषि राज निर्देशों के अनुपालन में जौनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में नगर निगम फिरोजाबाद की स्पेशल टीम एण्टी एस.यू.पी. द्वारा 15 नवम्बर 2024 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भण्डारण करने पर क्षेत्रपाल सिंह पुत्र सुरेश चन्द्र सब्जी मंडी कोटला रोड से 2000/- रू0, भंवर सिंह पुत्र विद्याराम सब्जी मंडी कोटला रोड से 2000/- रू0, राम सिंह पुत्र सुल्तान सिंह सब्जी मंडी कोटला रोड से 2000/- रू0, राजकुमार पुत्र श्री भूरण सिंह सब्जी मंडी कोटला रोड से 2000/- रू0, गुड्डू पुत्र वेदराम सब्जी मंडी कोटला रोड से 10000/- रू0 एवं दिलीप कुमार परचूनी की दुकान जलेसर रोड 10000/- रू0 का जुर्माना वसूल कर प्रतिबंधित पॉलीथीन सामग्री को जब्त किया गया। साथ ही अरविन्द पुत्र राजपाल, छोटू पुत्र राजबहादुर एवं रामनाथ सिंह पुत्र विजय सिंह सब्जी मंडी कोटला रोड से सफाई उपरान्त गन्दगी करने पर 500-500/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा कुल 29,500 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार द्वारा आस-पास के अन्य दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, भण्डारण, एवं विकय न करने की सख्त हिदायत दी। अभियान में प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार एवं पवन कुमार सहित प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

# सनशाइन स्कूल में बाल दिवस पर हुए कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सनशाइन स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मैनेजमेंट हेड श्रीमती रुचि चतुर्वेदी जी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या चेयरमैन श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी भी उपस्थित रही। कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं के मध्य विभिन्न खेलों का शुभारंभ किया जिसके अंतर्गत कक्षा-नर्सरी में पिक द बॉल गेम के अंतर्गत रूद्र ने प्रथम,पार्थ चौधरी ने द्वितीय तथा मोहम्मद यूसुफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी में जंपिंग गेम के अंतर्गत आरव तोमर ने प्रथम,सिद्धि ने द्वितीय तथा मोहम्मद यासीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-यूकेजी के मध्य बैलेंस द बैलून गेम में संचित दुबे ने प्रथम,मोहम्मद अशहर नसीम ने द्वितीय तथा मोहम्मद हमदान अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-एक के छात्र-छात्राओं के मध्य पिक द बॉटल गेम मे दृष्टि ने प्रथम, समृद्धि वर्मा ने द्वितीय तथा यशका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा -2 के मध्य म्यूजिकल चेयर में ईशी वर्मा ने प्रथम,अर्नव राजपूत ने द्वितीय तथा पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 के मध्य फ्राग रेस के अंतर्गत अंश सक्सेना ने प्रथम,विक्की ने द्वितीय तथा पारस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 के छात्र-छात्राओं के मध्य मेमोरी गेम में एंजेल प्रजापति ने प्रथम,विक्रांत सिंह ने द्वितीय तथा साकेत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के मध्य अंग्रेजी हिंदी गिनती के अंतर्गत आकिफा अंसारी ने प्रथम,मोहम्मद अरहान अंसारी ने द्वितीय तथा आरोही गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा- 6 से कक्षा 8 तक की छात्राओं के मध्य ब्लाइंड रेस में कक्षा 7 की छात्रा वैष्णवी दुबे ने प्रथम,कक्षा 8 की छात्रा दिव्यांशी ने द्वितीय तथा कक्षा 8 की छात्रा शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्रों के मध्य टग ऑफ वार में कक्षा-6 के छात्र अर्नव ने प्रथम,कक्षा-7 के छात्र अक्षत ने द्वितीय तथा कक्षा-7 के छात्र मोहम्मद आतिफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद हाशिम द्वारा किया गया।

## गोमती मित्रों ने सीताकुंड पर फिर संभाली कमान

**सुलतानपुर।** पूर्व की भांति सीताकुंड धाम पर होने वाले किसी भी आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए गोमती मित्र मंडल परिवार सदैव वहां पर उपस्थित रहता है शुक्रवार को होने वाले कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के दिन भी प्रातः 4ः00 बजे से ही प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह के साथ अधिकांश गोमती मित्र धाम पहुंचकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता की व्यवस्था बनाए रखने के लिये लगे हुए थे कुछ गोमती मित्र बुजुर्ग व बच्चे जो स्नान करने आए थे उनके साथ-साथ लगकर उनको तट तक ले जाने व स्नान करने के पश्चात फिर उनके स्थान पर पहुंचाने के काम को सुचारू रूप से कर रहे थे महिलाओं को स्नान के पूर्व या स्नान के बाद वस्त्र बदलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए उन्हें स्थान बताया जा रहा था ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालुओं ने गोमती मित्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया सायंकाल 7501 दीपों से होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की भी सबको जानकारी दी गयी।

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी को लेकर डीएम कार्यालय का घेराव

अवधनामा संवाददाता

**दोस्तपुर,सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के गोसैसिहंपुर निवासी संतराम अग्रहरि हत्याकांड में परिजन भाजपा सरकार के मंत्री से लेकर बड़े नेता तक मिल चुके, लेकिन अभी तक इस परिवार को न्याय नहीं मिल सका है। न्याय न मिलने से हैरान व परेशान परिजनों ने डीएम कृतिका ज्योत्स्ना से मिलने पहुंचे। कार्यालय में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक से मिलकर मृतक की पत्नी व बेटी व बेटे ने मिलकर अपनी पीड़ा बताई,और कहा कि हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता भाजपा नेता अर्जुन पटेल को एक माह बाद भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। आए दिन फोन पर जान से मारने की धमकियां दे रहा है।

सचिन अग्रहरि स्वर्गीय संतराम अग्रहरि ने बताया कि दो माह पूर्ण उसके पिता संतराम अग्रहरि उर्फ लल्लू की राज वर्मा, प्रदीप वर्मा, सोनू पटेल, सौरभ पटेल, राहुल वर्मा, अर्जुन पटेल, व अन्य अन्य साथियों ने मिलकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसकी रिपोर्ट दोस्तपुर थाने में अपराध संख्या 297/24 मुकदमा पंजीकृत है। स्वर्गीय संतराम अग्रहरि की पत्नी ने बताया कि परिवार के मुखिया के चले जाने के बाद बच्चों का जीवन जीना बड़ा खस्ता हाल हो चुका है, पूरा परिवार वे घर व असहाय हो गया। जिला प्रशासन ने आवासीय जमीन पट्टे पर देने की बात कही थी जिसकी एवज में मौजूदा लेखपाल धन की मांग करते हैं। पीड़ित परिजनों की उक्त बातें सुनकर की मुख्य विकास अधिकारी नहीं करवाई करने का भरोसा दिया है। वहीं परिजनों की मांग है कि

हत्या के मुख्य साजिश कर्ता अर्जुन पटेल जो भाजपा नेता है उसकी सम्पति की जांच कर उस पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाय, जो आजतक संभव नहीं हुआ है।

# वियतनाम-इण्डिया मैत्री निबन्ध प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की मेधावी छात्रा वजीहा फातिमा को वियतनाम दूतावास के संयोजकत्व में आयोजित वियतनाम-इण्डिया मैत्री निबन्ध प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया है।

अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में वजीहा के सृजनात्मक लेखन हेतु उसे वियतमान दूतावास द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथापि भारत में वियतनाम के राजदूत श्री गुयेन थान हाई ने वजीहा के लेखन एवं भारत एवं वियतनाम के बीच मित्रता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के 109 शहरों के 334 विद्यालयों के 15,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी लेखन प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच का शानदार प्रदर्शन किया एवं भारत एवं वियतनाम की समृद्ध साँस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए दोनों देशों के बीच साँस्कृतिक संबंधों की मजबूती पर उपयोगी विचार व्यक्त किये। इसके अलावा, वजीहा ने अपने लेखन द्वारा बदलती वैश्विक परिस्थितियों में दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग व मित्रता को रेखांकित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे कल के विश्वव्यापी समाज का नेतृत्व अपने विकसित मानवीय दृष्टिकोण से कर सके।

# मधुमेह की राजधानी बन रहा भारत: डॉ. राजीव श्रीवास्तव

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आशीर्वाद हॉस्पिटल एवंआरएसएसडीआई व लायंस क्लब मिड टाउन के संयुक्त तत्वाधान में बृहस्पतिवार की सुबह 6:00 बजे से 9ः00 बजे तक निशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जनपद के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव के संयोजन में लगाये गये शिविर में सैकड़ो मरीजों का निशुल्क शुगर रक्तचाप की जांच की गई। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर राजीव ने कहा कि भारत मधुमेह की राजधानी बनने की तरफ अग्रसर हो रहा है, वह दिन दूर नहीं जब भारत मधुमेह का कैपिटल बनेगा। मधुमेह से बचने के लिए नियमित व्यायाम खानपान में संतुलन, ध्यान, प्राणायाम,योग करना आवश्यक है। मधुमेह के रोगी समय-समय पर अपना परीक्षण अपने चिकित्सक से अवश्य कराते रहें,जिससे मधुमेह की वजह से शरीर में अन्य तरह की समस्या न पैदा होने पावे।अधिक समय तक मधुमेह की अधिकता से आंख पर बुरा प्रभाव पड़ता है,ये सभी अंगों पर शुगर अपना प्रभाव छोड़ता है। दिनचर्या में परिवर्तन नियमित व्यायाम खानपान में संतुलन करने पर मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। शिविर में लगभग 500 मरीज का निशुल्क परीक्षण किया गया और 30त्न मधुमेह के नए रोगी चिन्हित हुए। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉक्टर अनिल पांडे कुमार पांडे, सुधांशु श्रीवास्तव एडवोकेट, डॉक्टर डीएस मिश्रा एवं फार्मास्यूटिकल कंपनियों के प्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में प्रमुख रूप से डॉ राजीव रतन मिश्रा, सेलभद्र वर्मा, प्रमोद पुरी, तज़मीन ,कोमल सिंह,और सुमैलाअंजली श्रीवास्तव व लायंस क्लब के प्रमुख पदाधिकारियो की उपस्थिति रही।

# अयोध्या चले श्रीराम रघुराई भव्य नृत्य नाटिका का भव्य मंचन

अवधनामा संवाददाता

- सनातन महासभा की 131वी गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन
- वरिष्ठ समाजसेवियों, पत्रकारों को मिला सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित कार्तिक पूर्णिमा व देव् दीवाली पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 131वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, स्वामी हरेंद्र नाथ,स्वामी मुरारीदास,,, राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा व देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व कार्यक्रम का आरंभ गुरुनानकदेव जी की जयंती पर माल्यार्पण व पूजन से हुआ। रंगोली के साथ शशि गुप्ता, मोनिका अग्रवाल के गणेश वंदना और समापन पूनम विष्ट के कथक नृत्य से हुआ। इसके बाद अयोध्या चले श्रीराम रघुराई नृत्य नाटिका का भव्य मंचन सत्य समर्पण निर्देशक अमित दीक्षित रामजी के नेतृत्व में हुआ और श्रीराम के रूप में नैतिक सिंह व सीताजी के रूप में आस्था मिश्रा सहित कलाकारों ने मन मोहक रामलीला की प्रस्तुति की। राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा सहित वरिष्ठ समाजसेवियों राजेश सिंह, मधुराम जी, नितेन्द्र यादव तथा पत्रकारों में विभांशुमणि त्रिपाठी व विवेक शाही को सनातन शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व 15 विशिष्ट समाजसेवियों का मंच पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म दिन व विवाह वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई गई। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि देव् दीवाली के अवसर पर महाआरती के बाद 1100 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा, साथ ही इस बार नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त उ0प्र0 बनाने कस संकल्प कराया गया और हस्ताक्षर अभियान के साथ संघर्ष करने का निर्णय लिया गया और सभी ने राष्टीय महासचिव देवेंद्र शुक्ल व डॉ0 आहुति ओझा के नेतृत्व में नशा मुक्त प्रदेश बनाये जाने हेतु संकल्प दीपो से सभी भक्तों को संकल्प कराकर गोमती मैया के गोद में दीपदान किया।

## सोलर प्लांट लगाने हेतु अब तक प्राप्त हुए 17643 आवेदन

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, इस बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 40000 सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष अभी तक 17643 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिलाधिकारी ने कहा कि यह लोगों के हित से संबंधित योजना है इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार कराये जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका उपयोग कर सकें इसके लिए उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक से इस योजना की प्रगति में योगदान देने के लिए कहा उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी प्रधानों को इस काम में लगाए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूल के अध्यापक के माध्यम से इसका प्रचार कराये जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से परिचित हो सके, इस बैठक के दौरान जनपद फिरोजाबाद में कार्य करने वाले वेंडर्स भी उपस्थित थे।

# तंजील बोले, कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं, डरने की कोई जरूरत नहीं

अवधनामा संवाददाता



- बोले, यह एक जीवाणु जनित रोग है

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से कुष्ठ रोग जागरूकता पर कार्यशाला में ससाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के मुख्य वक्ता तंजील खान ने कहा, कुष्ठ रोग लाइलाज नहीं है। इससे डरने की कोई जरूरत नहीं है। प्रॉपर इलाज किया जाए तो इसका निवारण संभव है। यह कोई मिथ्या नहीं है। यह एक जीवाणु जनित रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम लैप्राई के कारण होता है। ससाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन कुष्ठ रोगियों के लिए शिक्षा, आवास आदि के लिए कार्य करती है। कार्यशाला की थीम जनता से नवाचार रही। इससे पहले मुख्य वक्ता श्री तंजील खान, पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एचोडी डॉ. रूचिकांत, डॉ. अर्चना जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया।

कार्यशाला में मेडिकल लैबोरेटरी तकनीक विभाग के छात्रों ने नाटक के जरिए कुष्ठ रोग से जुड़े मिथकों के बारे में जागरूक किया। नाटक में स्टुडेंट्स प्रशांत, आशीष, नंदिनी, मोहम्मद कैफ, मीनाक्षी, कुलसुम, आदित्य, दीपिका, निशिता, शिवम, कार्तिक, मयंक, अनुराग, बुशरा, महक, मुज्ज़बिल, और मनजीत कौर प्रतिभाग किया। वर्कशॉप में एचोडीज़- श्री अमित बिष्ट, फैकल्टीज़- श्री योगेश कुमार, श्री बैजनाथ दास, श्रीमती शिखा पालीवाल, मिस वर्षा राजपूत, श्री शिवम अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन मिस साक्षी बिष्ट ने किया।

# 'हर हाल में 5 प्रतिशत चेक मीटर लगाना होगा'

## प्रदेश में सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर पोस्टपेड मोड में जबकि आदेश है प्रीपेड मोड में : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी 2 दिन के दौरे पर उत्तर प्रदेश में थे अंततः खूब स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर चर्चा हुई केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा हर हाल में 5 प्रतिसत चेक मीटर लगाना होगा और यदि जरूरत पडी तो 5प्रतिसत की सीमा को आगे और अधिक भी किया जा सकता है उपभोक्ताओं की विश्वसनीयता जरूरी है उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री के इस फरमान का स्वागत किया और कहा उपभोक्ता परिषद पहले ही ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर इस 5 प्रतिसत की सीमा को बढाने की मांग कर चुका है ऊर्जा मंत्री ने कहा सबसे पहले सरकारी विभागों में सरकारी कार्मिकों उसके बाद बडे उपभोक्ताओं और फिर छोटे उपभोक्ताओं की बात की जाए लेकिन यहां तो सरकारी कॉलोनीयों व विभागीय कर्मचारी अभियंताओं की बात तो केवल गरीब विद्युत उपभोक्ताओं के यहां धना धना बिना चेक मीटर के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं जो ऊर्जा मंत्री के आदेशों का खुला उल्लंघन है। जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर में कमियां निकाली थी उसी कंपनी के मीटर दनादन लगाए जा रहे हैं उसकी कमियों पर क्या पावर कॉरपोरेशन श्वेत पत्र जारी करेगा।

जब आज इसकी सच्चाई जानने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ के इंद्रलोक कॉलोनी नियर कैंब्रिज स्कूल व न्यू इंद्रपुरी कॉलोनी मानस नगर कृष्णा नगर जहां पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम किया गया है वहां के उपभोक्ताओं से मुलाकात की और मौके पर पाया कहीं भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ पुराने मीटर को चेक मीटर के रूप में स्थापित नहीं किया गया है एक उपभोक्ता सुशीला पति श्री राम प्रसाद ने बताया कि वह लखनऊ से बाहर मुंबई में थे और उनके घर में बिना किसी की उपस्थिति में ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिया गया पडोसी ने उन्हें सूचना दी एक दूसरे उपभोक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा उन्हें सीधा कहा गया कि पुराना मीटर उतरेगा और नया मीटर लगेगा चेक मीटर की बात तो करिए नहीं वही एक दूसरे उपभोक्ता रामकृष्ण के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा लेकिन केवल आधी अधूरी तरीके से जोड जोडी गई वहां भी चेक मीटर नहीं लगा यानी कि उपभोक्ता परिषद की टीम को कहीं भी मौके पर चेक मीटर स्थापित नहीं मिला।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा दो दिन पहले तक पूरे प्रदेश में लगभग 4 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं वह भी सभी पोस्टपेड मोड में जबकि आदेश है प्रीपेड मोड में मीटर लगाना है बात करें 8 नवंबर तक तो सभी बिजली कंपनियों में मात्र 1100 स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर पुराने मीटर को चेक मीटर के रूप में स्थापित किया गया है वह भी पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारी कहते हैं धरातल पर क्या है वह तो राम ही मालिक है उपभोक्ता परिषद ने धरातल की सच्चाई को तत्काल मध्यांचल प्रबंधन को अवगत कराया और कहा कि धरातल पर कहीं चेक मीटर नहीं दिख रहा है।

# कई मुद्दों पर की शासन को पत्र भेजकर शिकायत



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार है और नगर पालिका की ईओ द्वारा अपने आवास रँगरोगन देख भड़के बीजेपी जिला मंत्री भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर शासन से नगर पालिका बिलग्राम की ईओ पर विकासकार्य बाधित करने व सरकार विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाते हुए की शासन से पत्र लिखकर शिकायत, माहौल गर्म, ईओ के पक्ष में सपा नेता व नगर पालिका के प्रत्याशी रहे सईद अहमद ने कहा ईओ ईमानदारी से कर रहीं काम कमीशन न मिलने से बौखलाई भाजपा टीम लगा रही गलत आरोप। भारतीय जनता पार्टी हरदोई के जिला मंत्री मंगतराम अर्कवंशी जो बिलग्राम नगर पालिका के पूर्व सभासद भी रह चुके हैं उन्होंने ईओ बिलग्राम की कार्यप्रणाली को लेकर शासन को शिकायती पत्र लिखकर ईओ बिलग्राम का अन्यंत्र स्थानांतरण करने की आवाज़ उठाई है।जिन्होंने पत्र में दर्शाया है कि 159-बिलग्राम मल्लांवा विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका परिषद बिलग्राम में ईओ शशि प्रभा चौधरी तत्कालीन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सरधना, मेरठ से नगर पालिका परिषद बिलग्राम में तैनात हुई हैं। तब से नगर बिलग्राम के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इनके द्वारा स्थानीय राजनिति में संलिप्त रहते हुए अपने अडियल रवैये से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिलग्राम के आदेशों को दरकिनार करते हुए कार्य कराये जा रहे हैं एंव पालिका बोर्ड बैठक में पारित विकास / निर्माण कार्यों को दरकिनार करते हुए अपने मन मर्जी के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। जिससे की पालिका एंव पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। इसके अतिरिक्त नगर के विकास कार्यों पर ध्यान न देकर अपने आवास के रंग रोगन का कार्य कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिलग्राम द्वारा दिनांक 25.07 .2024 को जिलाधिकारी हरदाई, क्षेत्रीय विधायक व क्षेत्रीय सांसद को अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में पत्र प्रेषित किया गया था। जिसकी जांच एसडीएम बिलग्राम से अगस्त 2024 में जिलाधिकारी महोदय द्वारा कराई गई थी, परन्तु इनकी कार्यप्रणाली में कोई भी सुधार नही हुआ है। जिला मंत्री ने पत्र में दर्शाया है कि उनके संज्ञान में यह भी आया है कि ईओ द्वारा नगर पालिका परिषद सरधना में रहते हुए लाखों रूपये की सरकारी धन की क्षति पहुंचाई गई है। जिसकी जांच लोकायुक्त कार्यालय में लम्बित है। जिन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में भ्रष्ट अधिकारी के तैनात रहते हुए नगर के विकास कार्य प्रभावित होंगे।

# घर के बाहर लहूलुहान पड़ा मिला पेंटर का शव

- परिजनों ने मृतक की पत्नी पर ही लगाया हत्या का आरोप
- पुलिस ने पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यमुनापार थाना क्षेत्र के गांव लोहवन में शुक्रवार की सुबह घर के बाहर पेंटर का शव पडा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही। पुलिस इसे हत्या मानकर चल रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस प्रथम दृष्ट्या पेंटर की हत्या के पीछे मृतक की पत्नी के किसी व्यक्ति से अवैध संबंधों को कारण मानकर चल रही है। मृतक अशोक पेंटर के परिजनों का कहना है कि अशोक की पत्नी भारती का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और घर में घर क्लेश होता रहता था, पति पत्नी दोनों घर के अंदर सो रहे थे और बच्चे अभी छोटे हैं। घर के अंदर खून फैला हुआ है जबकि अशोक की पत्नी भारती का कहना है कि अशोक छत से गिर गया होगा। जिससे उसकी मौत हो गई, परंतु मृतक युवक के भाई और पिता का कहना है कि अपने प्रेम प्रसंग के चलते भारती ने किसी अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर अशोक को मौत के घाट उतारा है, अशोक के सिर पर गंभीर चोट के निशान है और घर के अंदर खून फैला हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पत्नी भारती को हिरासत में ले लिया है, पुलिस आरोपी पत्नी से पूछताछ कर रही

# अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सहकार भारती संघठन द्वारा पूरे देश में प्रति वर्ष सहकारिता के उद्देश्य एवं सहकारिता की योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने हेतु सहकारिता सप्ताह मनाया जाता है। जिसके क्रम में सहकार भारती जनपद ललितपुर द्वारा दिनांक 17 नवंबर, दिन रविवार को अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सहकार भारती के प्रदेश मंत्री श्री सतीश कठेरिया, एफ पी ओ प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख श्री मनोज कुमार द्विवेदी, श्री अंचल अरजरिया जी विभाग संयोजक झांसी विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारी भी अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे साथ ही उक्त कार्यक्रम में समस्त निजी एवं सहकारी सोसायटियों के सचिव, संगठन के पदाधिकारी एवं पत्रकार साथी आदि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष विभूति भूषण चौरसिया ने दी।

# बलिया में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**बलिया।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बस्तौरा-रसड़ा में मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर भगवान बिरसा मुण्डा कि पावन स्मृतियों को नमन करते हुए हमारे जनजातीय समूह,उनकी कला, परम्परा और उनके अन्दर जल,जंगल और जमीन के प्रति अनुराग के भाव का सम्बोधन जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रधानाचार्य एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के जीवनवृत्त पर निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग, जनजाति पारम्परिक नृत्य, लघु नाटिका, गीत/ कविता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सेमिनार आदि कार्यक्रम धूम-धाम से आयोजित किया गया। छात्रों को स्वतन्त्रता संग्राम में जनजातीय सहभागिता का स्मरण कराने एवं जनजातीय समूहों से प्रकृति प्रेम का अनुकरण करने के लिए आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में शिवम कुमार कक्षा-11 वीं प्रथम, नितेश कुमार कक्षा 9वीं द्वितीय, कृष्ण कुमार कक्षा 9वीं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमन कक्षा 6वीं का प्रकृति को समर्पित पोस्टर में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा रंजन कक्षा 7 वीं द्वितीय एवं भोला कक्षा 7 वीं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनजातीय समूह नृत्य में अनुराग यादव कक्षा 9वीं, मनीष कक्षा 6वीं, अनुज कक्षा 6 वीं एवं विकास कक्षा 6 वीं का प्रदर्शन मनोहारी रहा। भगवान बिरसा मुण्डा को समर्पित नाटक,जिसमें कृष्णा, नितेश, शनि का अभिनय सराहनीय रहा। भगवान बिरसा मुण्डा की वाद्य यन्त्रों के साथ जयन्ती गीत प्रियान्शु, हर्षित, चन्दन, सन्दीप द्वारा प्रस्तुत किया गया और अन्त में भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र से संबन्धित वाद्-विवाद प्रतियोगिता एवं संबोधन चन्दन, संदीप, शिवम, विशाल एवं अध्यापकों द्वारा किया गया।

# याद किये गये जल, जंगल, जमीन के नायक बिरसा मुण्डा



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कचहरी प्रांगण में आदिवासी संघर्ष समिति के तत्वाधान में महान क्रान्तिकारी जल, जंगल, जमीन के नायक बिरसा मुण्डाजी की जन्म जयन्ती पर सर्व प्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गोष्ठी की गयी।

गोष्ठी में क्रान्तिकारी आदिवासी वीर सपूत विरसा मुण्डाजी के जीवन परिचय पर अपने वक्तत्व में आदिवासी संघर्ष समिति के संरक्षक हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि विरसा मुण्डाजी का जन्म 15 नम्बर 1875 को एक भारतीय आदिवासी के परिवार में जन्म हुआ था। विरसा जी अल्पायु 25 साल की उम्र में ही स्वतन्त्रा सेनानी बन गये थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन काल में व ब्रिटिश राज्यों के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाली प्रेसीडेन्सी (अब झारखण्ड) में हुई एक आदिवासी आंदोलन का नेतृत्व किया था। भारत के आदिवासी भगवान के रूप में मानते थे और उन्हें धरतीवा के नाम से भी जाना जाता था। विरसा मुण्डाजी ने जल, जगंल, जमीन आदिवासीयों के अधिकारों लिए ब्रिटिश सरकार एवं ब्रिटेश राज्यों के राजाओं से आंदोलन कर आदिवासियों को अधिकार दिलाये।

## जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनायी भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती

ललितपुर। भगवान बिरसा मुंडाजी की जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस के रूप में ग्राम सभा की विशेष बैठक का आयोजन जनपद की 30 ग्राम पंचायत के 36 राजस्व ग्राम में किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी/प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायत नाराहट, गौना एवं बनयाना में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। बैठक में वन अधिकार अधिनियम, पेसा, एफआरए एवं पीडीआई की जानकारी उपस्थित जनजाति के लोगों को दी गयी। उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ एव नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गयी। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक दुबे, ग्राम पंचायत अधिकारी जीशान उस्मानी ग्राम प्रधान गौना पदम सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इमलियाकलां गिन्नी राजा, ग्राम प्रधान बनयाना खूब चंद उपस्थित रहे।

# बिलग्राम में रामलीला, रासलीला का संयुक्त महोत्सव 20 नवम्बर से

- सुभाष पार्क और बीजीआर इंटर कॉलेज मैदान पर होंगे आयोजन
- सामाजिक जागरूकता के भी होंगे आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** इस बार बिलग्राम में रामलीला प्रदर्शनी के साथ-साथ रासलीला का संयुक्त महोत्सव आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए महामंत्री रामसेवक यादव ने बताया कि बिलग्राम में सदियों से चली आ रही रामलीला को और भव्य रूप दिया गया है। इस बार प्रदर्शनी के साथ-साथ रामलीला का आयोजन अयोध्या से आए हुए कलाकार 20 नवम्बर से 18 दिसंबर तक करेंगे । इसके साथ ही रामलीला प्रदर्शनी समिति की ओर से रासलीला समारोह का भी आयोजन किया गया है। जिसके लिए वृंदावन से आए कलाकार मंचन करेंगे। गुरुवार को समिति के प्रबंधक नीरज सिंह और संयोजक धर्मेंद्र यादव ने प्रदर्शनी स्थल का जायजा लिया। तैयारी को लेकर साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था के लिए पालिका के साथ बैठकर मंत्रणा की। पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर का कहना है कि बिलग्राम की रामलीला ऐतिहासिक है हर संभव सभी जरूर को नगर पालिका पूरा करने का प्रयास करेगी।



### इस प्रकार होंगे रामलीला के आयोजन

बिलग्राम। 25 को नवंबर नारद मोह, 4 दिसंबर धनुष यज्ञ, 6 दिसंबर राम बारात, 11 दिसंबर लंका दहन ,14 दिसंबर रावण वध और 18 दिसंबर को राजतिलक एवं पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### रासलीला के प्रमुख आयोजन

बिलग्राम। रासलीला के तहत 26 नवंबर को देवकी विवाह ,कृष्ण जन्म, बधाई, काली दह लीला, भक्त नरसी, वीर अभिमन्यु, भीष्म प्रतिज्ञा ,भक्त मीराबाई ,खाटू श्याम सुदामा चरित्र, के साथ-साथ, भगवान कृष्ण की सभी लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर लाखो ने लगायी आस्ता की डुबकी



**संभल।** जनपद के गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ग्राम सिसौना डांडा मे कार्तिक पूर्णिमा पर लाखो श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई मेला मे भारी भीड़ भांड रही सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही पुलिस प्रशासन के अधिकारी मेला मे बराबर निगरानी करते रहे ट्रैक्टरो तथा अन्य वहाने से लोग मेला मे पहुँचे और मेले में शामिल हों कर गंगा स्नान किया मेले का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया था इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की लगी प्रदर्शनी को भी देखा गंगा किनारे पहुँचा कर दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना कीइस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिक यादव ने प्रभारी मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पैसिया मुख्य विकास अधिकारी गौरखनाथ भट्ट आदि मौजूद रहे आज सुबह से ही लोगों ने हर हर गंगा के नारो के बीच स्नान किया स्नान का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा स्नान के बाद लोगो का मेला स्थल से अपने अपने घरों को रवाना होने को सिलसिला शुरू हुआ।

### संभल मे शुरू हुआ अतिक्रमण हटाने का अभियान

**संभल।** नगर पालिका परिषद ने शहर के चन्दौसी चौराहे से बहजोई रोड तक अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जिससे अतिक्रमण करने वाले लोगों में हडकम मच गया नगर पालिका परिषद का बुलडोज़र भी चलाया गया तथा लोगो पर जुर्माना भी लगाया गया। अतिकमण अभियान बीते तीन दिनों से बदस्तूर चल रहा जिससे लोगों मे हडकम है इस दौरान उप जिलाधिकारी नगर पालिका परिषद अधिशासी व कोतवाली पुलिस मौजूद रही। अतिक्रमण के कारण शहर की चौडी सड़क भी गली के रूप मे नजर आ रही थी मुख्य बाजारो में भी ये ही हाल है दुकानदारो ने अपनी दुकाने का सामान सड़को पर रख हुआ है जिससे बाजारो में जाम की स्थिति पैदा होता रहती है। मुख्य मार्गो पर भारी वाहनों खडे रहने से भी दिक्कते पेश आती है।

### संतोष ट्रॉफी के लिए सिरसी के मौहम्मद अहद का चयन

**सिरसी (संभल)** फुटबाल खिलाड़ी मौहम्मद अहद का संतोष ट्रॉफी के लिए सीनियर नेशनल फुटबाल टीम उत्तर प्रदेश की टीम में चयन किया गया है! फुटबाल टीम में चयन की खबर से अहद के परिवार सहित सिरसी मे खुशी का माहौल हैजिला फुटबाल प्रशिक्षक नादिर रजा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक आगरा के स्पोर्ट्स स्टेडियम मे शिविर लगा था जिसमे उत्तर प्रदेश के 22 फुटबाल खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**बलिया।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन मनियर इंटर कॉलेज विकास खंड मनियर में किया गया। इसमें बालिका सब- जूनियर वर्ग कबड्डी में मनियर इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। बालक सब-जूनियर वर्ग में पिलुई की टीम विजेता रही एवं बालक जूनियर वर्ग वॉलीबॉल में मनियर की टीम विजेता रही। बालक जूनियर वर्ग में 100 मी. में सजीव प्रजापति एवं बालिका सब -जूनियर वर्ग में 100 मीटर सुगंधा विजेता रही। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धनेश सिंह यादव एवं शरद कुमार यादव रहे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री गोपालजी, बीडीओ मनियर विनोद कुमार बिंद ने खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### गंगा के तट शिवरामपुर घाट पर भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बलिया।** भृगु बाबा की नगरी में कार्तिक पूर्णिमा पर मां गंगा के तट शिवरामपुर घाट पर भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिवरामपुर घाट पर दीपों को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं तथा देव दीपावाली के आकर में सजाया गया। काशी से आए विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन कराया गया। गोरखपुर के प्रांत प्रचारक रमेश जी, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद संत कुमार मिठाई लाल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गंगा पूजन किया। इसके साथ ही आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा पूजन किया। काशी के विद्वानों द्वारा विधिवत भक्तिमय गीत के साथ मां गंगा की दिव्य महाआरती की गई। श्रद्धालु मां गंगा की दिव्य आरती देखकर भक्तिमय हो गए।

### आकर्षण का केंद्र रहा लेजर शो

**बलिया।** इस बार मां गंगा तट पर आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा लेजर शो। गंगा तट पर प्रथम बार लेजर शो का आयोजन किया गया। ददरी मेला-2024 के थीम गीत, जिसे लिखा हैं विमल बावरा और अपनी आवाज दी हैं प्रणव सिंह %कान्हा% ने, लेजर शो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। थीम गीत ने बलिया के ऐतिहासिक व क्रांतिकारी इतिहास से परिचय कराया गया। ददरी मेला-2024 के थीम गीत को लॉन्च किया गया। भृगु क्षेत्र के नाम से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया।

## हर बुजुर्ग तक पहुंचेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**मथुरा।** केंद्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के लिये आयुष्मान कार्ड बनाये जाने व पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराये जाने की घोषणा के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा होली गेट मंडल द्वारा एक कैंप का आयोजन चौबिया पाडा में किया गया। जिसका शुभारम्भ भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी द्वारा किया गया। कैंप में सैकड़ों की संख्या में लोगों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाये गये। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा बुजुर्गों को चिकित्सा खर्च के बोझ से मुक्त करने की दिशा में मोदी जी द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लिया गया अब हमारा भी दायित्व है। प्रत्येक बुजुर्ग को इस योजना का लाभ मिले। कैंप के आयोजक भाजपा नेता अनुराग चतुर्वेदी ने कहा कि जनकल्याण की योजना जनता तक पहुँचे और लोग उसका लाभ ले पाए।

# बजाज फाउंडेशन के सीएसआर प्रयासों को मिला सीआईआई राष्ट्रीय पुरस्कार

- जल प्रबंधन की उत्कृष्टता में बजाज एनर्जी और एलपीजीसीएल के प्रयास सराहनीय

**अजय श्रीवास्तव**




**ललितपुर।** बजाज एनर्जी की शाखा पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को बजाज फाउंडेशन के सीएसआर कार्यक्रमों के तहत सीआईआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 में जल प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत एलपीजीसीएल को बियॉन्ड द फेंस श्रेणी में सामुदायिक विकास, जल संसाधन प्रबंधन और सतत कृषि के क्षेत्र में अपने समर्पित प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जो बजाज समूह की जल-संरक्षण और स्थाई विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाता है। बजाज फाउंडेशन द्वारा महाराष्ट्र के वर्धा और उत्तर प्रदेश के ललितपुर में संचालित परियोजनाओं ने जल संसाधन विकास के माध्यम से स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके विकास में योगदान दिया है। एलपीजीसीएल केइएचएस विभाग से पी.के. सिंह और बजाज फाउंडेशन के राजेंद्र सिंह ने इस सम्मान को प्राप्त किया। ये पुरस्कार बजाज समूह की अद्वितीय दृष्टि और सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। बजाज समूह संस्थापक जमनालाल बजाज की समाज सेवा और उदारता की महान विरासत को संजोते हुए बजाज फाउंडेशन अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सतत विकास के क्षेत्र में अग्रसर है। एलपीजीसीएल के सीईओ ए.एन. सार ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे समर्पित कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का सम्मान है। ललितपुर क्षेत्र में जल संसाधन, सतत कृषि और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के हमारे प्रयास समुदाय के सतत विकास के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस दौरान बजाज समूह के प्रेसिडेंट सीएसआर हरीभाई मोरी ने कहा कि वर्धा, ललितपुर और सीकर में बजाज फाउंडेशन के प्रयास बजाज समूह की सतत विकास और संसाधन प्रबंधन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। सीआईआई का ये सम्मान हमारे प्रयासों को और अधिक विस्तार देने की प्रेरणा देता है।

### बजाज फाउंडेशन के बारे में

बजाज फाउंडेशन, बजाज समूह की सीएसआर शाखा, देश के विभिन्न हिस्सों में जैसे राजस्थान के सीकर, महाराष्ट्र के वर्धा, मुंबई और उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिलों में सामुदायिक विकास की दिशा में कार्यरत है। जल संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, महिला सशक्तिकरण, नवीकरणीय ऊर्जा और शिक्षा के माध्यम से यह संस्था ग्रामीण जीवन में दीर्घकालिक सकारात्मक बदलाव और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

# दीक्षोत्सव समारोह: पुरस्कार वितरण के साथ हुआ शानदार समापन



**अवधनामा संवाददाता**

- भाषा विवि में हुआ दीक्षोत्सव कार्यक्रम का समापन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में दीक्षोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ अटल हॉल में किया गया। सीतापुर हरदोई रोड पर अवस्थित ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में 11 नवम्बर से 15 नवंबर तक विश्व विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विश्व विद्यालय में किया गया। समापन कार्यक्रम समारोह के पावन अवसर पर भाषा विश्व विद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में अटल हॉल में आयोजित समारोह में किया गया। विगत दिनों में शॉटपुट थ्रो/रोप जंप, टेक्नोवेशन प्रतियोगिता, नुक्कड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, तत्क्षण प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था जिसमें सफल विद्यार्थियों के पुरस्कार हेतु मेडल का कार्यक्रम प्रो. चन्दना डे के समन्वय में किया गया। कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों के साथ भाषा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने स्वयं के जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। प्रो. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह से पहले दीक्षोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जानना है। इसे हम उत्सव के रूप में मनाते हैं। कुलपति ने कहा कि सभी धर्मों के तीज़ त्यौहारों में कई दिनों तक मनाने की परम्परा है। दीक्षोत्सव कार्यक्रम में स्पर्धा के माध्यम से ही दीक्षांत समारोह को और अधिक जानते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रौशन करने पर भी बल दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह का संचालन इतिहार विभाग की विषय प्रभारी डॉ. पूनम चौधरी ने किया। समारोह के इस अवसर पर प्रो. तनवीर खदीजा, प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. ततहीर फातिमा, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. रूचिता चौधरी, डॉ. वसीम अंसारी, डॉ. मनीष कुमार और डॉ. शचींद्र शेखर सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी भारी तादाद में उपस्थित रहे।

## गुरु नानक बगीची मसानी पर मनाया प्रकाश पर्व

**मथुरा।** सिक्खों के प्रथम गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व नगर के मसानी स्थित गुरुद्वारा नानक बगीची में विशेष समारोह पूर्वक बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा में श्री अखंड पाठ साहिब के समापन के उपरांत शब्द कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में लंगर प्रसाद भंडारा का आयोजन किया। मसानी स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची को प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्यता से सजाया गया जहां पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शाद संगत ने माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर सभी को निहाल किया। गुरुजी के अनुयाईयों ने गुरुग्रंथ साहब पर माथा टेक कर मनौती मांगी। कार्यक्रम के अंत में लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा गुरु नानक बगीची के प्रधान गुरु वचन सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर गुलशन चावला, सुनील मल्होत्रा, हाकिम सिंह, भूषण लाल जुनैजा, प्रदीप अरोड़ा, जगदीश चावला, बलविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गिरिराज परिक्रमा को उमड़ा सैलाब

- जगह जगह लगा जाम, परेशान हुए श्रद्धालु व स्थानीय नागरिक
- घंटों जाम में फंसी रही एंबुलेंस सेवा
- भीषण जाम में भी नाचते गाते दिखे श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** कार्तिक पूर्णिमा पर गिरिराज महाराज की परिक्रमा लगाने परिक्रमार्थियों का सैलाव उमड़ पड़ा। गिरिराज जी के मंदिरों में परिक्रमा लगाने के बाद परिक्रमार्थियों ने पूजा अर्चना की। सभी मंदिरों के आगे व प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। मंदिरों के जाने वाले रास्तों पर अनियंत्रित वाहन घुसने से जगह जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सबसे अधिक परेशानी सुबह आठ बजे से 10 बजे तक रही। मजे की बात रह रही की सभी नाकों पर पुलिस के जवान और एसआई उपलब्ध थे उसके बाद भी वाहन डीएम व एसएसपी के द्वारा लगाई गई रोक के वाबजूद वाहन कस्बे में अंदर आने से नहीं रूक रहे थे। इस बीच इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं की एक एम्बुलेंस मरीज को लेकर दानघाटी मंदिर के सामने जाम में घंटों फसी रही। स्थिति को ज्यादा बिगड़ता देखकर थाना गोवर्धन पुलिस हरकत में आई। पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं को व्यवस्थित करने में जुट गए। गोवर्धन के एकता तिराहे से लेकर डीग अड्डा तक भीषण जाम की स्थिति बनी रही लेकिन इस बीच तमाम श्रद्धालु ऐसे भी थे जो जाम की परवाह न करते हुए और नाचते व झूमते हुए परिक्रमा कर रहे थे। उन पर भीषण जाम का कोई भी दबाव महसूस नहीं हो रहा था। यूं तो गोवर्धन धार्मिक नगरी है और श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है और भीड़ की भी स्थिति अक्सर बनी रहती है लेकिन इस कार्तिक माह की पूर्णिमा पर ऐसा जन सैलाब का नजारा पहली बार देखने को मिला। भीड़ की व्यवस्था को संभालने के लिए शुरूआत में कोई पुलिसकर्मी नहीं था लेकिन बाद में जब जाम की स्थिति बिगड़ने लगी तो पुलिसकर्मियों ने जाकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

# घर पर कार्टन और डिस्पोजल से बनाएं खूबसूरत विंड चाइस, ठहर जाएगी हर किसी की नजर

अक्सर त्योहार पड़ने पर हम सभी अपने घरों को सजाते हैं। हालांकि मार्केट में आपको घर की सजावट के लिए एक से बढ़कर एक शोपीस मिल जाएंगे। लेकिन अक्सर हमारे मन में एक बात जरूर आती है कि मार्केट से सामान खरीदने पर उनका डेकोरेटिव आइटम्स कहीं अड़ोसी-पड़ोसी से न मैच हो जाए। इसलिए ज्यादातर फोकस इस बात पर रहता है कि घर के साथ ही सजावट का सामान भी अलग और यूनिक होना चाहिए।

ऐसे में आज हम आपकी इस परेशानी को दूर करने के लिए एक बेहद शानदार तरीका बताने जा रहे हैं। दरअसल, आप चाहें तो घर पर ही कुछ डेकोरेटिव आइटम्स बना सकते हैं, जैसे- कार्टन, डिस्पोजल और सफेद मोतियों की मदद से आप घर पर बड़ी आसानी से विंड चाइम्स बना सकते हैं। इसमें सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपका यूनिक पीस लगेगा और इसको बनाने में ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने होंगे।



***विंड चाइम्स बनाने की सामग्री***

टी कप डिस्पोजल
सफेद मोती
कार्टन
राउंड शेप कांच
कलर और धागे

डिस्पोजल करें तैयार

सबसे पहले टी कप वाले डिस्पोजल को अपने पसंद के हिसाब से पेंट कर लीजिए। अब थोड़ी दूर-दूर पर कांच लगाकर आसपास सफेद कलर की बिंदी-बिंदी बना लीजिए। फिर डिस्पोजल के ऊपर-नीचे ट्रायंगल शेप में डिजाइन बनाइए। इस तरह आपको 7 डिस्पोजल डिजाइन करने हैं। इसके बाद सबको अलग-अलग सफेद मोती लगे धागों से अलग-अलग बांध दें।

***ऐसे बनकर हो जाएगा तैयार***

आखिरी में एक राउंड शेप कार्टन लेकर उसे डिस्पोजल वाले कलर से ही पेंट कर लीजिए। अब 7 डिस्पोजल के लिए कार्टन में 7 छेद कर लीजिए। अब इन छेदों में डिस्पोजल के धागों को डालें और इसे इस तरही के बांधें कि एक छोटा तो दूसरा उससे बड़ा और तीसरा उससे बड़ा हो। इस तरह करके आपको सभी को एक दूसरे से बड़े रखना है। इस आसान तरीके से खूबसूरत विंड चाइम्स बनकर तैयार हो जाएगा।

# सर्दियों में घर पर बनाएं स्वादिष्ट और हेल्दी सहजन का सूप, शरीर को मिलेगी ताकत

सर्दियों की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम में गर्मा-गर्म सूप पीने का एक अलग ही मजा होता है। ठंड के समय हर कोई कुछ गर्म और पौष्टिक खाना चाहते हैं, तो आप इस मौसम में सूप के ऑप्शन तलाशते हैं, तो आप घर पर बने सूप का मजा ले सकते हैं। घर पर बने सूप का एक शानदार विकल्प हो सकता है और इसे बनाना भी काफी किफायती है, क्योंकि इस बनाने के लिए सामग्रियां बेहद कम मात्रा में उपयोग किया जाता है। आइए जानते हैं सहजन का सूप घर पर कैसे सरल तरीके से बना सकते हैं।



***सामग्री***

- 1 कप दाल
- ताजी सहजन के छोटे टुकड़े
- 1 कटा हुआ टमाटर
- 1 कटा हुआ प्याज
- थोड़ी सी अदरक

***सहजन का सूप बनाने की विधि***

- सर्दियों में सहजन का सूप बनाने के लिए आपको मुट्ठी भर दाल, ताजी सहजन के छोटे टुकड़े, कटे हुए टमाटर, प्याज और थोड़े से अदरक की आवश्यकता होगी।

- सबसे पहले आप सभी सब्जियों को अच्छे से धोकर, छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इन सामग्रियों को एक बर्तन में एक चम्मच हल्दी और करीब एक से डेढ़ गिलास पानी के साथ रखें। इन सभी चीजों को नरम होने तक पकने दें।

- फिर आप इस मिश्रण को ठंडा होने दें। फिर, इसे मिक्सर में डालकर मुलायम पेस्ट बना लें। इसके बाद आप पेस्ट को छलनी के छान लें ताकि गूदा और रेशे अलग हो जाएंगे।

- अब आप जरुरत के हिसाब से गाढ़ारपन को बरकार रखने के लिए गूदे में थोड़ा सा पानी जरुर मिलाएं, लेकिन सूप के स्वाद को सही रखने के लिए आवश्यकतानुसार ही पानी डालें।

- अगर आपको थोड़ा सा मसाला पसंद हैं तो आप स्वाद के लिए थोड़ी काली मिर्च और नमक मिला सकते हैं। इस मिश्रण को उबाल लें और इसे 3 से 4 मिनट तक उबलने दें। और तैयार है आपका स्वाद और पोषक तत्वों से भरपूर सहजन सूप (ड्रमस्टिक) तैयार है। यह सूप स्वाद के साथ ही हेल्थ के लिए सबसे बेहतरीन स्वाद से भरपूर है।

# सुपरफूड से कम नहीं है बाजरे, गुड़ और तिल की टिक्की, जानें कैसे बनाए

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाने के लिए हम सभी गर्म तासीर वाले भोजन का सेवन करते हैं, जिससे हमे सर्दी में गर्माहट मिले। सर्दियों के दौरान घर में तरह-तरह के व्यंजन बनाते हैं। बाजरे और तिल की तासीर गर्म होती है, जिससे ठंड में शरीर में गर्माहट बनी रहती है। अगर आप भी सर्दियों में कुछ नया ट्राई करने को सोच रहे हैं को बाजरे, गुड़ और तिल की टिक्की जरुर बनाएं। इसे बनाना काफी आसान है। जब आप बाजरे, गुड़ और तिल की टिक्की बनाएंगे तो यह टूटेगी नहीं। आज हम आपको इस लेख में बाजरे और तिल मिलाकर बनाने वाली टिक्की के बारे में बताने जा रहे हैं। यदि आपकी बाजरे और तिल से बनी टिक्की टूट जाती है, तो इन टिप्स को जरुर फॉलो करें।आस-पास के सबसे अच्छे रेस्टोरेंट



बाजरे और तिल की टिक्की बनाने की विधि

- इसके लिए आप एक बर्तन में 100 ग्राम गुड़ लेकर पानी डालकर गैस पर रख दे। जब तक यह घुल जाए।

- फिर आप एक प्लेट में 2 बाउल का आटा लीजिए और इसमें गुड़ वाला पानी डालकर मिलाना है।

- अब आप इस मिश्रण में सफेद तिल अपने जरुरतनुसार मिला लें और अब हल्का सा पानी डालकर इसका सॉफ्ट डो तैयार करना है।

- फिर छोटी-छोटी आटे की गोलियां बनाएं और हथेली की मदद से इन्हें गोल पूरी के आकार में फैला लें।

- अब आप इसको हल्के गर्म तेल में छोड़ दें और हल्का गोल्डन होने तक तलें।

- ठंडी हो जाने के बाद आप इसे किसी एयर टाइट डिब्बे में भरकर रख दें।

***इन टिप्स को फॉलो करें***

अगर आप बाजरे और तिल की टिक्की में ज्यादा मात्रा में गुड़ का पानी मिला देंगे तो आपकी टिक्कियां तेल में डालते ही तुरंत फटने लगती है। ध्यान रहे कि आपको आटे के अनुसार गुड़ मिलाना है।

# बल्ब और ट्यूबलाइट के पास मंडराने वाले कीड़ों से ऐसे पाएं निजात, अपनाएं ये घरेलू नुस्खा

अक्सर शाम होते ही दरवाजे और खिड़कियां बंद कर लेते हैं। जिससे की मच्छर और कीट-पतंगे घर न आएं। लेकिन लाइट जलाते ही कीट-पतंगे पास चले आते हैं। कीट-पतंगों का साइज छोटा होने की वजह से यह कहीं से भी अंदर आ जाते हैं और लाइट के आसपास कीड़े मंडराने लगते हैं और इनसे हर कोई परेशान रहता है।

यह कीड़े कभी पानी तो कभी खाने में गिरते हैं। इन छोटे-छोटे कीट-पतंगों को घर से भगाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लाइट के आस-पास मंडराने वाले कीड़ों की परेशानी से निजात दिलाने के कुछ घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।



***नीम का तेल***

लाइट के आसपास घूमने वाले कीट-पतंगे और पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए आप नीम के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। नीम के तेल की तेज गंध कीड़े-मकोड़े को दूर रखती है। स्प्रे वाली पानी की एक बोतल में पानी और नीम के तेल का घोल बनाकर दरवाजों, खिड़कियों और अन्य जगहों पर छिड़काव कर दें। इस तरीके से घर में कीट-पतंगे घर में आने बंद हो जाएंगे।

***लहसुन का घोल***

लाइट वाले कीड़ों को घर से दूर रखने के लिए आप लहसुन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। तो सबसे पहले लहसुन को पीसकर पेस्ट बना लें। अब पानी मिलाकर उबाल लें और जब घोल ठंडा हो जाए, तो स्प्रे बोतल में डालकर छिड़काव कर दें। क्योंकि लहसुन की तेज गंध घर से कीड़ों को दूर रखने में मदद करती है।

***कपूर का पाउडर***

अगर लाइट के आसपास बहुत कीड़े आते हैं, तो आप लहसुन या फिर नीम के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर यह दोनों भी चीजें नहीं हैं, तो आप घर में रखे कपूर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कपूर की तेज गंध को कीड़े बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। स्प्रे वाली पानी की बोतल में कपूर का पाउडर या तेल डालकर छिड़काव करना होगा।

***लौंग का तेल***

लौंग हर किसी के घर में आसानी से मिल जाती है। वहीं अगर आपके पास लौंग का तेल हो, तो इसका भी आप इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं अगर लौंग का तेल नहीं है, तो आप लौंग को पीसकर उसका घोल बना सकती हैं। अब उसको स्प्रे वाली बोतल में भरकर लाइट वाली जगह पर छिड़काव करें। शाम को स्प्रे करने से कीड़े-मकोड़े घर पर नहीं आएंगे।

***बेकिंग सोडा और नींबू***

बता दें कि क्लीनिंग में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोडा और नींबू का रस कीड़ा भगाने के बहुत काम आता है। इसके लिए बेकिंग सोडा और नींबू का रस थोड़े से पानी में मिला लीजिए। अब इस घोल को स्प्रे बोतल में भरकर लाइट के आसपास और घर के अंदर छिड़काव करें। इससे काफी हद तक आपकी परेशानी कम हो जाएगी।

# पाचन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर बनाएं आंवले खट्टी-मिठी डाइजेस्टिव गोली, नोट करें रेसिपी

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

***आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री***

- 500 ग्राम आंवला
- एक कप गुड़
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- काला नमक एक चम्मच
- काली मिर्च पाउडर एक चम्मच
- भुना जीरा एक चम्मच
- आधा कप पिसी चीनी
- एक चौथाई चम्मच हींग
- नींबू का रस

***आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि***

- इसके लिए आप आंवले को



अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें।

- उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें।

- अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें।

- इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें।

- धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें।

- आप इसे जब तक चलाएं कि ये गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इक्ट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें।

- प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें।

- तैयार है आपकी डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी आंवले की गोली।

# रोज नमकीन चावल खाकर बोर हो गए हैं, तो कॉर्न पुलाव करें ट्राई, नोट करे रेसिपी

सुबह-शाम हर समय एक जैसा खाना खाकर हम सभी बोर हो जाते हैं। जिस वजह से बाहर का जंक फूड अच्छा लगने लगता है। अगर आप भी घर पर एक ही टाइफ के नमकीन चावल खाकर बोर हो गए हैं तो आप एक बार कॉर्न पुलाव जरुर खाएं। जिन लोगों को स्वीट कॉर्न खाना पसंद हैं उन्हें ये पुलाव जरुर खाना चाहिए। आइए आपको कॉर्न पुलाव बनाने का सबसे इजी तरीका बताते हैं।आस-पास के सबसे अच्छे रेस्टोरेंट



***सामग्री***

- बासमती राइस
- अमेरिकन कॉर्न
- घी या सरसों का तेल
- प्याज
- अदरक लहसुन का पेस्ट
- नमक
- हरी मिर्च
- लौंग
- गर्म पानी
- हरा धनिया
- नींबू का रस
- अलग रंग की शिमला मिर्च
- कद्दूकस किया नारियल

***कॉर्न पुलाव बनाने की विधि***

सबसे पहले आप बासमती चावल को धो ले कम से कम 15-20 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद हरी मिर्च, धनिया पत्ती को पीसकर पेस्ट बना लें। अब एक पैन लें, उसमें जैतून का तेल डालें। फिर तेल गर्म होने पर इसमें डालें जीरा, लौंग, तेज पत्ता, काली मिर्च, कटा हुआ प्याज, कटी हुई हरी मिर्च अदरक लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च का पेस्ट डालें। अब आप इसे अच्छे से भूनें और इसके बाद अमेरिकन कॉर्न डालें। चावल को छान लें और इसे पैन में डालें। अब मिक्स करें और फिर गर्म पानी में थोड़ा नमक डालें और 15 मिनट तक पकाएं। चावल पकने के बाद नींबू का रस डालें। आखिर में आप अलग-अलग रंग की शिमला मिर्च को भून कर डाल दें। धनिया पत्ती और कद्दूकस किया नारियल से गर्निश करें और फिर सर्व करें।

# कॉफी की मदद से की जा सकती है घर की सफाई, जानिए कैसे

सुबह के समय उठते ही एक कप गरमा-गरम कॉफी मूड बना देती है। अक्सर हम सभी अपने दिन की शुरुआत कॉफी के साथ करना पसंद करते हैं या फिर काम की थकान को दूर करने के लिए सबसे पहले कॉफी की ही याद आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि कॉफी ग्राउंड्स आपके घर की सफाई करने में भी बहुत अधिक मददगार है। जी हां, कॉफी ग्राउंड्स को अक्सर हम बाहर फेंक देते हैं। जबकि इन्हें फेंकने के बजाय आप उनका इस्तेमाल घर में मौजूद सभी तरह की गंदगी को साफ करने के लिए कर सकते हैं।

बर्तन साफ़ करने से लेकर बदबूदार सिंक को ताज़ा करने तक, कॉफ़ी ग्राउंड्स नेचुरल तरीके से आपके घर की सफाई करते हैं। अगर आप अपने घर की नेचुरल तरीके से क्लीनिंग करना चाहते हैं तो ऐसे में कॉफी ग्राउंड्स की मदद ली जा सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-



***फ्रिज की बदबू करें दूर***

अक्सर फ्रिज से अजीब सी स्मेल आती है, जो बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में कॉफी ग्राउंड्स की मदद ली जा सकती है। बदबू को बेअसर करने के लिए अपने फ्रिज के पीछे सूखे कॉफी ग्राउंड्स का एक कटोरा रखें। वे फ्रिज में मौजूद बैड स्मेल को अब्जॉर्ब कर लेगा और फिर आपका फ्रिज दोबारा महकने लगेगा।

***नालियों की गंदगी करें साफ***

सुनकर शायद आपको हैरानी हो, लेकिन नालियों में हल्की गंदगी को साफ़ करने के लिए कॉफ़ी ग्राउंड्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। वे हल्के घर्षण वाले होते हैं, जो नीचे जाते समय गंदगी को दूर धकेलने में मदद करते हैं। बस उन्हें गर्म पानी से धोएँ और सारा पानी बाहर निकाल दें। हालांकि, ऐसा कभी-कभार ही करें, क्योंकि अगर आप सावधान नहीं हैं तो बार-बार इस्तेमाल करने से नालियां क्लॉग भी हो सकती हैं।

***सिंक के दाग को करे साफ़***

स्टेनलेस स्टील या सिरेमिक सिंक समय के साथ डिस्कलर्ड हो जाते हैं, खासकर खाने के दागों के कारण। ऐसे में कॉफ़ी ग्राउंड्स का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। बस आप अपने सिंक में कॉफी ग्राउंड्स को थोड़ा-सा छिड़कें और सर्कुलर मोशन में रगड़ें। यह एक सौम्य अपघर्षक की तरह काम करता है जो आपकी सतहों को खरोंचे बिना दाग हटाता है। जब आप सिंक के दाग को स्क्रब कर लें तो फिर इसे अच्छी तरह पानी की मदद से धोएं।

# चटपटा खाने का है मन तो बनाएं महाराष्ट्रीयन स्टाइल पोहे वाली नमकीन, एक बार जरूर करें ट्राई

फेस्टिव सीजन में हमारे घरों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां बनती हैं। लेकिन कई बार अधिक दिनों तक मीठा खा-खाकर मन भर जाता है। ऐसे में अगर आपसे साथ भी ऐसा हुआ है, तो आप घर पर लाजवाब स्नैक्स बनाकर इसका लुत्फ ले सकते हैं। इस स्नैक्स का नाम नमकीन पोहे का चिवड़ा है। यह नमकीन खाने में चटपटा लगता है। इसमें ड्राय फ्रूट्स, मखाना, मसाले, सेव, नमक और चीनी आदि मिलाकर बनाया जाता है।

इसको बनाने के कई तरीके हैं, लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महाराष्ट्रीयन स्टाइल में चिवड़ा रेसिपी बनाना सिखाने जा रहे हैं। इस रेसिपी में मूंगफली और काजू के साथ ही सूखा नारियल व किशमिश का मिश्रण भी इस्तेमाल किया जाता है। अगर आपको तीखा खाना पसंद है, तो आप इसमें हरी मिर्च भी एड कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं महाराष्ट्रीयन स्टाइल पोहे की नमकीन रेसिपी के बारे में...

***पोहे वाली नमकीन की सामग्री***

पतला पोहा- 2 कप
तेल- 2 बड़े चम्मच
मूंगफली- 1/4 कप
काजू- 1/4 कप
चना दाल- 1/4 कप भुनी हुई
करी पत्ता- 10-15
हरी मिर्च- 1 कटी हुई, वैकल्पिक
तिल के बीज- 1/2 चम्मच
पिसी हुई चीनी- 1 चम्मच
हल्दी पाउडर- 1/4 चम्मच
नमक स्वाद अनुसार

***ऐसे बनाएं***

सबसे पहले एक कढ़ाई या पैन लेकर उसमें 2 कप पोहा डालें।

इस धीमी आंच पर पोहा को कुरकुरा होने तक भून लें और जब यह भुन जाए, तो इसको अलग प्लेट में निकालकर रखें।

अब उसी कढ़ाई या पैन में 2 बड़े चम्मच तेल गर्म कर लें।

फिर उसमें 1/4 कप मूंगफली डालकर एक मिनट तक भून लें और फिर जब यह भुन जाए तो 1/4 कप काजू डालकर 30 सेकेंड भूनिए।



इसके बाद कढ़ाई में 1/4 कप भुनी हुई चना दाल, 10-15 करी पत्ते, कटी हरी मिर्च और एक चुटकी हींग डालें।

अब इन सभी चीजों को हल्का सुनहरा होने तक भून लें।

फिर इसमें 1 चम्मच पिसी चीनी, 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर और स्वादानुसार नमक डालें। इन सभी को अच्छे से मिक्स कर धीरे-धीरे चलाएं।

चिवड़ा को चखें और मसाले को अपने स्वादानुसार घटा या बढ़ा सकते हैं।

अब पोहे वाली नमकीन को आप सर्व कर सकते हैं।

इसको आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर कर ठंडा होने दें। यह 2 से 3 सप्ताह तक अच्छा रहता है।

## थर-थर कांपेंगे चीन और पाक, भारत ने पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन परीक्षणों के दौरान, राकेटों के व्यापक परीक्षण के माध्यम से प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट यानी पीएसक्यूआर के मापदंडों, जैसे कि रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और सैल्वो मोड (सैल्वो तोपखाने या आग्नेयास्त्रों का एक साथ इस्तेमाल है जिसमें लक्ष्य को भेदने के लिए तोपों से गोलीबारी शामिल है) में कई लक्ष्यों पर निशाना साधने की दर का आकलन किया गया है। बयान में आगे कहा गया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पीएसक्यूआर वेलिडेशन टेस्ट के भाग के रूप में निर्देशित पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि लांचर उत्पादन एजेंसियों द्वारा अपग्रेड किए गए दो इन-सर्विस पिनाक लांचर से कुल बारह राकेटों का परीक्षण किया गया है। पिनाक हथियार सिस्टम, दुश्मनों के लिए काल बनकर टूटेगा। इसकी मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अब ये 75 किलोमीटर दूर तक 25 मीटर के दायरे में सटीक निशाना लगा सकता है। इसकी रफ्तार 1000-1200 मीटर प्रति सेकेंड है, यानी एक सेकेंड में एक किलोमीटर। फायर होने के बाद इसे रोकना नामुमकिन है।

# महाराष्ट्र चुनाव में वोट के बदले नोट का खेल, ED की 23 ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई; 125 करोड़ के लेन-देन का खुलासा

**अवैध**

**शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था। आरोप है कि बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था।**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव में अब वोट के बदले नोट का खुला खेल सामने आया है। इस बाबत प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र और गुजरात में कई ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत ये कार्रवाई हुई, जिसने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन करने के लिए कई लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग किया। मनी लॉन्ड्रिंग केस में महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई में और गुजरात के अहमदाबाद-सूरत में कुल 23 ठिकानों की तलाशी ली गई।

छापेमारी महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से ज्यादा लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाएं जांच के दायरे में हैं। ईडी को संदेह है कि इन खातों से या तो पैसा जमा किया गया या निकाला गया है। मामला मालेगांव में व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गई स्नढ्ढक्र से जुड़ा है। शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था।आरोप है कि बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होना है। इससे पहले श्वष्ठ की जांच को बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। मुख्य आरोपी ने नासिक मर्चेंट कोऑपरेटिव बैंक में बैंक खाते खोलने के लिए करीब एक दर्जन लोगों के KYC पेपर (पैन, आधार) लिए थे।

उसने इन लोगों से कहा था कि वह मकई का व्यवसाय शुरू करना चाहता है और इसलिए उसे किसानों से पैसे लेने की जरूरत है। आरोपी ने अपने दोस्तों से च्ड्ढष्ट पेपर लेकर दो और खाते खुलवाए। ये 14 बैंक अकाउंट, सितंबर और अक्टूबर के बीच खोले गए थे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल की 200 से ज्यादा बैंक ब्रांच से पैसा 400 से ज्यादा ट्रांजेक्शन के जरिए निकाला या, जबकि 17 खातों के जरिए ट्रांसफर हुआ। इस दौरान श्वष्ठ को जांच में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा डेबिट-क्रेडिट एंट्रीज मिली हैं। अब वह कुछ हवाला संचालकों की भूमिका समेत और सबूत जुटाने के लिए तलाशी ले रहा है। मुंबई और अहमदाबाद के दो खातों के बीच 50 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर किए गए हैं। इनमें सिराज अहमद और नईम खान का नाम सामने आया है।

श्वष्ठ की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली च्ड्ढष्ट के जरिए कई बैंक खाते खोले गए।

यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

## ला-नीना इफेक्टः इस बार कड़ाके की ठंड के आसार नहीं, मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री ज्यादा

**नई दिल्ली।** मानसून की शुरुआत से ही कहा जा रहा था कि इस वर्ष ला-नीना के असर से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। किंतु अभी तक प्रशांत महासागर में ला-नीना सक्रिय नहीं हुआ है। मौसम विज्ञानी मान रहे कि अगर दिसंबर में भी ला-नीना की स्थिति बनती है तो कमजोर ही रहेगी। अवधि भी कम होगी। इससे न अत्यधिक ठंड पड़ेगी और न ही सर्दी के महीनों में ज्यादा हिमपात होगा। भारत का मौसम प्रशांत महासागर की स्थितियों पर निर्भर करता है। प्रशांत के पानी के गर्म होने पर अलनीनो और ठंडा होने से ला-नीना सक्रिय होता है। सामान्य तौर पर ला-नीना अप्रैल महीने में उभरता है। नवंबर में चरम पर होता है तथा मार्च तक समाप्त हो जाता है, किंतु इस बार अभी तक ला-नीना का अता-पता नहीं है, जबकि नवंबर आधा बीत चुका है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने मई तक ला-नीना के सक्रिय होने का अनुमान लगाया था।

## नई राष्ट्रीय जल नीति की दिशा में आगे बढ़ी सरकार, पानी से जुड़े सभी विषयों को एक छत के नीचे लाने की पहल

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने जल प्रबंधन को लेकर नई राष्ट्रीय नीति की दिशा में काम करना आरंभ कर दिया है। लगभग एक साल के परामर्श के बाद राज्यों में पानी के पूरे ढांचे का एक नियंत्रण स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार ने एक ड्राफ्ट बिल उनके साथ साझा किया है, जो हर राज्य में एक एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन प्राधिकरण स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। दैनिक जागरण ने 25 जनवरी के अंक में इस आशय के प्रस्ताव पर राज्यों के साथ विचार-विमर्श होने की जानकारी दी थी। प्रस्ताव के अनुसार राज्यों में मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के प्रमुख होंगे और पानी से जुड़े सभी विषय इसमें आएंगे, जिसमें जल संसाधनों का रखरखाव, उनकी निगरानी और घरेलू, उद्योग तथा कृषि क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल में सुधार करने जैसे उपाय शामिल हैं।

## भारत में नौकरी करने वाले कर्मचारी क्या नहीं है खुश! काम पर कैसा करते हैं महसूस? सामने आई दिलचस्प रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** देश का अधिकतर युवा आज नौकरी कर रहा है। ऐसे में जब आप कहीं भी काम करते हैं, तो वहां सबसे महत्वूर्ण चीज होती है जगह का माहौल। अगर माहौल अच्छा नहीं है तो इससे कर्मचारी का मनोबल भी गिर जाता है। काम करने में कर्मचारियों पर किस चीज का सबसे ज्यादा अच्छा प्रभाव पड़ता है और कौन-सी ऐसी चीज हैं जो उनके काम में बाधा डालती है। इसको लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। वैश्विक जॉब साइट इनडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरव्यू में शामिल 63 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने कहा कि वे नेतृत्व की सराहना को महत्व देते हैं, जो दर्शाता है कि यह मनोबल बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 63त्न से अधिक कर्मचारी कार्यस्थल पर पहचान चाहते हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि 62 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि जब उनकी टीम उनके काम की सराहना करती है तो उन्हें अधिक खुशी होती है और 58 प्रतिशत ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी राय और विचारों की उनके टीम के लोगों से प्रशंसा की जानी चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 64 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि उनकी कंपनियां रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं, जिससे उन्हें अधिक जुड़ाव महसूस करने में मदद मिलती है, जबकि 61 प्रतिशत ने खुद को खुलकर व्यक्त करने की स्वतंत्रता की सराहना की, वे कार्यस्थलों में अधिक व्यस्त महसूस करते हैं इससे उनके विचारों में बेहतर आदान-प्रदान होता है।

## 612 साल के छात्र का अनोखा कारनामा, सबसे अलग अंदाज में लिखे भगवद गीता के 700 श्लोक

**पंक्तियों**

**700 श्लोकों से बनी भगवद गीता को 1,400 पंक्तियों में चित्रित किया गया था, जिसमें एक हार्डबोर्ड शीट पर 84,426 चित्र थे।**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मंगलुरु से एक हैरान करने वाला मामले सामने आया है। बताया जा रहा है, मंगलुरु के स्वरूप आध्यायन केंद्र के एक युवा छात्र प्रसन्न कुमार डीपी ने केंद्र की तरफ से विकसित चित्रात्मक भाषा में भगवद गीता के सभी 700 श्लोक लिखकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाया है। 12 साल के इस बच्चे ने प्रत्येक शब्द का प्रतिनिधित्व करने के लिए 84,426 विचित्र चित्र बनाए। इस उपलब्धि ने उन्हें इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (आईबार) में पहचान दिलाई। शिवमोग्गा जिले के होलेहोन्नूर के पम्पापति और नंदिनी के बेटे प्रसन्ना कुमार ने चित्रों के माध्यम से भगवद गीता बनाकर आईबीआर रिकॉर्ड बनाया। शिवमोग्गा में राष्ट्रोत्थान विद्यालय में छठी कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद, कुमार एक साल पहले तटीय शहर में केंद्र में शामिल हो गए थे। 700 श्लोकों से बनी भगवद गीता को 1,400 पंक्तियों में चित्रित किया गया था, जिसमें एक हार्डबोर्ड शीट पर 84,426 चित्र थे। इस सचित्र भगवद गीता को पूरा करने के लिए युवा लड़के ने ढाई महीने तक दिन-रात अथक परिश्रम किया। केंद्र के संस्थापक गोपादकर ने कहा कि कुमार को अगस्त में आईबीआर अचीवर रिकॉर्ड प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे ये भी बताया, ÷हमारे केंद्र की तरफ से विकसित चित्रात्मक भाषा का इस्तेमाल किसी भी विषय को याद करने के लिए किया जा सकता है। किसी भी विषय के नोट्स को चित्रात्मक भाषा का इस्तेमाल करके छात्र आसानी से याद कर सकते हैं। हमारे केंद्र के कई छात्रों ने केंद्र की शिक्षण विधियों का इस्तेमाल करके रिकॉर्ड बनाए हैं। अपनी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कुमार ने कहा कि सफल प्रयास से उनकी एकाग्रता बढ़ी। केंद्र ने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया। उन्होंने मुझे सीखने की शक्ति प्रदान की, जिससे मेरी एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ा। मैं एक और विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार हूं। भगवद गीता संस्कृत में है, और इसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है।

## इन वजहों से साल दर साल भयावह होती जा रही दिल्ली में प्रदूषण की समस्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। हवा में स्थानीय प्रदूषण के साथ ही पराली के धुएं की हिस्सेदारी 30 फीसदी तक पहुंच चुकी है। हवा में बुधवार को प्रदूषण का स्तर सात गुना तक दर्ज किया गया। घटते तापमान और बढ़ती आर्द्रता ने प्रदूषण की स्थिति को और खतरनाक बना दिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार सुबह से पूरे दिल्ली एनसीआर में ग्रैप के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है। इसके तहत कई तरह की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। कई प्रयासों के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या भयावह होती जा रही। कभी पराली के धुएं को दिल्ली के प्रदूषण की मुख्य वजह बताया जा रहा है, तो कभी गाड़ियों के धुएं को। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कई तरह के कदम भी उठाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये प्रदूषण की समस्या कई दशकों के अनियंत्रित विकास और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का परिणाम है। ऐसे में वायु प्रदूषण की मुख्य वजहों को समझने के साथ ही चरणबद्ध तरीके से इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने होंगे। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के प्रिंसिपल प्रोगाम मैनेजर (एयर पॉल्यूशन कंट्रोल) विवेक चटोपाध्याय कहते हैं कि दिल्ली में लगभग 6 महीने मौसम में बहुत अधिक बदलाव नहीं होता। मौसम स्थिर रहता है और हवा की गति धीमी रहती है। दिल्ली में 1990 के दशक में ग्लोबलाइजेशन के बाद गाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ी, इससे प्रदूषण की समस्या भी बढ़ी। 1998 से 2008 के बीच बड़ी संख्या में बसों और गाड़ियों को सीएनजी में बदले जाने के बाद प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी आई। रिकॉर्ड के मुताबिक 2010-2011 के करीब दिल्ली की हवा में पीएम 10 की मात्रा 200 से 250 के बीच रहती थी। दिल्ली में 2010-2011 से पीएम 2.5 के स्तर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान प्रणाली (सफर) ने रिकॉर्ड करना शुरू किया।

## श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति दिसानायके के गठबंधन की प्रचंड जीत, 225 में से 159 सीटों पर कब्जा



**कोलंबो।** श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के गठबंधन ने प्रचंड जीत दर्ज की है। दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन नेशनल पीपुल्स पावर ह्लक्कक्क ने 225 संसदीय सीटों में से 159 सीटों पर जीत दर्ज की है। विपक्षी नेता प्रेमदासा की पार्टी ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की है। अनुरा कुमारा दिसानायके को तमिल समुदाय के गढ़ उत्तर और पूर्व श्रीलंका में जबरदस्त समर्थन मिला है। माना जाता है कि श्रीलंका में आम चुनाव में जनता मौजूदा राष्ट्रपति की पार्टी का ही समर्थन करती है। राष्ट्रपति चुनाव के बाद होने वाले संसदीय चुनाव में यह ट्रेंड जरूर देखने को मिला है। एनपीपी को दो तिहाई बहुमत मिला है। यह श्रीलंका के इतिहास की सबसे बड़ी जीत में से एक है। सितंबर में राष्ट्रपति दिसानायके को 42 फीसदी मत मिले थे। मगर आम चुनाव में उनके गठबंधन एनपीपी को लगभग 62 फीसदी मत मिले हैं। राजपक्षे परिवार की श्रीलंका पोदुजना पेरामुना पार्टी को सिर्फ तीन सीटों पर जीत मिली है। बता दें कि राजपक्षे परिवार ने श्रीलंका को दो राष्ट्रपति दिए हैं। विपक्षी नेता सजीथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी ने 40 सीटों पर कब्जा जमाया है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की समर्थन वाली न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट ने सिर्फ पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन चुनाव परिणामों से श्रीलंका में राजनीतिक स्थिरता आएगी। हालांकि नई सरकार को कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। इसकी वजह है कि गठबंधन में शासन और नीति निर्माण का अनुभव रखने वाले नेताओं की संख्या कम है। सितंबर महीने में अनुरा कुमार दिसानायके ने राष्ट्रपति चुनाव जीता था। तब उनके पास संसद में सिर्फ तीन सीटें थीं। इस वजह से अनुरा ने संसद को भंग किया और जल्द चुनाव कराने का एलान किया था। श्रीलंका में राष्ट्रपति की कुर्सी पर दशकों से राजनीतिक विरासत वाले परिवारों का कब्जा था। हालांकि अनुरा एक सामान्य परिवार से आते हैं। उनके परिवार की कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि भी नहीं है।कोलंबो थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स की शोधकर्ता भवानी फोंसेका का कहना है, ÷राष्ट्रपति के पास अब सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ा जनादेश है, मगर लोगों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। बता दें कि 2022 में विदेशी मुद्रा की भारी कमी की वजह से श्रीलंका आर्थिक संकट के चपेट में आ गया था।


## तबाही के मूड में किम जोंग, खतरनाक Drone बनाने के दिए आदेश; आखिर क्या है नॉर्थ कोरिया का प्लान?

**सियोल।** उत्तर कोरिया अब आत्मघाती हमला करने वाले ड्रोनों का निर्माण करने जा रहा है। उत्तर कोरिया ने लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने के मकसद से डिजाइन किए गए विस्फोटक ड्रोन का टेस्ट किया है। समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को उत्तर की राज्य मीडिया की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने आत्मघाती हमलावर ड्रोन के प्रदर्शन परीक्षण का टेस्ट किया। जल्द ही बड़े पैमाने पर बड़े पैमाने पर उत्पादन की आवश्यकता पर जोर दिया। केसीएनए का हवाला देते हुए उत्तर कोरिया ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ड्रोन का इस्तेमाल अलग-अलग स्ट्राइकिंग रेंज में किया जाएगा, ताकि जमीन और समुद्र में दुश्मन के किसी भी लक्ष्य पर सटीक हमला किया जा सके।

# अब इंडोनेशिया की सोशल मीडिया सेलिब्रिटी का प्राइवेट वीडियो लीक, चर्चाओं ने पकड़ा जोर

**जिंदगी**

**कथित प्राइवेट वीडियो के लीक होने की खबर ने लोगों का ध्यान उनकी निजी जिंदगी की ओर मोड़ दिया है।**



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया की ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग क्षेत्र की प्रमुख हस्ती के तौर पर पहचान रखने वाली लिडिया ओनिक का कथित एक प्राइवेट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 12 मिनट से ज्यादा के इस वीडियो में दिखाई दे रही महिला लिडिया ओनिक से मिलती-जुलती लग रही है। हालाँकि, इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि यह वास्तव में लिडिया हैं या नहीं. वायरल हो रहे वीडियो ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। लिडिया ओनिक के लीक वीडियो की सच्चाई जानने के लिए लोग ऑनलाइन जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे ऑनलाइन सर्च में उछाल आया है। वायरल वीडियो के लिंक तेजी से सोशल मीडिया तेजी शेयर हो रहे हैं। लिडिया ओनिक को गेमिंग क्षेत्र की दुनिया में लिडिया सेतियावान के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल, लिडिया ओनिक पेशे से एक मशहूर गेमर और कंटेंट क्रिएटर हैं। लिडिया ओनिक ONIC Esports की ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ई-स्पोर्ट्स की दुनिया में अच्छी पहचान है। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके 1 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। इसी के साथ ओनिक अपने गेमिंग कौशल और कंटेंट के लिए मशहूर हैं। कथित प्राइवेट वीडियो के लीक होने की खबर ने लोगों का ध्यान उनकी निजी ज़िंदगी की ओर मोड़ दिया है। इस वायरल हो रहे वीडियो के कारण उनको निजी और अपने प्रोफेशनल जिंदगी में थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। लिडिया ओनिक के साथ की ये घटना पाकिस्तानी टिकटॉकर इम्शा रहमान और मिनाहिल मलिक से जुड़े इसी तरह के विवादों के बाद हुई है। इन दोनों टिकटॉकर के निजी वीडियो भी इंटरनेट पर हाल के हफ्तों में वायरल हुए थे। जिसने काफी सुर्खियां बटोरी थी। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने तमाम प्रकार के कमेंट किए थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिक-टॉक पर मशहूर इम्शा रहमान को ऐसे वीडियो सामने आने के बाद काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। वहीं, 22 वर्षीय पाकिस्तानी टिकटॉकर इम्शा रहमान निजता के उल्लंघन का शिकार हो गई। हालांकि, अभी इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि इंफ्लूएंसर इस मामले में कोई कानूनी कार्रवाई की या नहीं की। इस घटना के सामने आने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट को निष्क्रिय कर दिया था। इस फैसले के पीछे की वजह उन्होंने नकारात्मक टिप्पणियों की भारी बाढ़ को बताया था।

ठीक इसी तरीके से पाकिस्तानी इंफ्लूएंसर मिनाहिल मलिक पर भी अपने प्रेमी के साथ एक अंतरंग वीडियो लीक करने के आरोप लगे। लेकिन इस आरोप का मलिक ने खंडन किया था। इस वायरल वीडियो को लेकर मलिक ने संघीय जांच एजेंसी में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## लाइव टीवी पर किया था शख्स पर कुल्हाड़ी से हमला, ट्रंप ने उसे ही चुना रक्षा मंत्री

**ट्वीट**

**वीडियो को एक्स और फेसबुक यूजर्स की तरफ से हजारों बार ट्वीट और रीपोस्ट किया गया है और आने वाले दिनों में ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ सकती।**



**नई दिल्ली।**अमेरिका में चुनाव में जीत के बाद ट्रंप के आगामी मंत्रिमंडल को लेकर एक के बाद एक खबरें आनी शुरू हो गई हैं। हाल ही में पूर्व सैनिक और टीवी कलाकार पीट हेगसेथ को अपनी नई सरकार में रक्षा सचिव (मंत्री) के पद पर तैनात कर दिया है। वहीं अब पीट हेगसेथ को लेकर एक विवादित खबर सामने आई है, पीट हेगसेथ ने एक बार लाइव टीवी पर एक व्यक्ति को कुल्हाड़ी से मारा था। इस घटना से संबंधित क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हेगसेथ का लाइव टीवी पर एक ड्रमर को कुल्हाड़ी से मारते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। यह घटना 2015 में फॉक्स एंड फ्रेंड्स सेगमेंट के दौरान हुई थी। उनके हमले ने व्यक्ति को लगभग मार डाला था और हालांकि यह अभी भी ज्ञात नहीं है कि ड्रमर की तरफ से हेगसेथ के खिलाफ मुकदमा दायर करने के बाद क्या हुआ, यह अमेरिकी राजनीतिक परिदृश्य में बड़े पैमाने पर अराजकता और भ्रम पैदा करने और ट्रम्प हालांकि इनमें महत्वपूर्ण बात यह थी कि ढोल बजाने वाला ठीक था और उसके साथ कोई घातक दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन फिर भी उसने हेगसेथ पर मुकदमा दायर किया। इसके तुरंत बाद मामले को दबा दिया गया और घटना के बाद क्या हुआ इसकी अभी भी कोई जानकारी नहीं है। वीडियो को एक्स और फेसबुक यूजर्स की तरफ से हजारों बार ट्वीट और रीपोस्ट किया गया है और आने वाले दिनों में ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ सकती।

साथ ही मंत्रिमंडल के विकल्प के बीच एलन मस्क को लेकर भी लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प एलन मस्क को उनके गुणों के आधार पर और इतने लंबे समय तक ट्रम्प के वफादार होने के आधार पर अपने प्रशासन के बहुत करीब रखेंगे। इसलिए, मस्क को सह-प्रमुख के रूप में एक बिल्कुल नया संघीय विभाग दिया गया है।

## पहले फाड़ा बिल, फिर संसद में करने लगीं हाका डांस न्यूजीलैंड की महिला सांसद का वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की संसद में गुरुवार को जमकर बवाल हुआ, जहां एक अनूठा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। यहां संसद की सबसे युवा सांसद हाना-रावहिती ने एक बिल का ऐसा विरोध किया की उनकी वीडियो अब जमकर वायरल हो रही है। दरअसल, सांसद हाना ने जोशीले माओरी हाका डांस कर एक बिल का विरोध किया। ये विधेयक ब्रिटेन और माओरी के बीच की एक संधि से जुड़ा है। जब सांसद संधि सिद्धांत विधेयक पर मतदान करने के लिए 14 नवंबर को एकत्र हुए, तो 22 वर्षीय माओरी सांसद ने पारंपरिक माओरी हाका डांस करते हुए विधेयक की एक कॉपी फाड़ दी। सदन के अन्य सदस्य और गैलरी में बैठे दर्शक हाना-रावहिती करियारीकी मैपी-क्लार्क के साथ हाका डांस करने लगे, जिसके कारण स्पीकर गेरी ब्राउनली ने सदन के सत्र को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया। 1840 की वेटांगी संधि सरकार और माओरी के बीच संबंधों को निर्देशित करते हैं। इसमें जनजाति समूहों को ब्रिटिश प्रशासन को सत्ता सौंपने के बदले में अपनी भूमि को बनाए रखने और अपने हितों की रक्षा करने के व्यापक अधिकार मिलते हैं। बिल में ये निर्दिष्ट किया जाएगा कि ये अधिकार सभी न्यूजीलैंडवासियों पर लागू होंगे।

## कनाडा में पंजाबी सिंगरों के इलाके में 100 राउंड फायरिंग, 23 गिरफ्तार; 16 हथियार बरामद



**नई दिल्ली।** कनाडा के टोरंटो में एक म्यूजिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बाहर कम से कम 100 राउंड फायरिंग की गई। सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया और दो असॉल्ट-स्टाइल राइफलों सहित 16 फायरआर्म्स जब्त किए गए। जिस इलाके में गोलीबारी हुई, वहां शहर के पंजाबी संगीतकारों के स्टूडियो हैं। जब रात 11=20 बजे के आसपास हिंसा भड़की तो टोरंटो पुलिस एक असंबंधित जमानत से संबंधित जांच कर रही थी। एक चोरी की गाड़ी एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो के पास रुकी, तीन व्यक्ति बाहर निकले और स्टूडियो और आस-पास के लोगों पर गोलीबारी की। टोरंटो पुलिस ने इसको लेकर जवाब में कहा, एक प्रतिद्वंद्वी समूह के सदस्यों ने कथित तौर पर गोलीबारी की है। इस फायरिंग की घटना के पीछे किसका हाथ है इसकी जांच पुलिस कर रही है। ये घटना करीब तीन दिन पहले की बताई जा रही है। टोरंटो पुलिस के उपप्रमुख लॉरेन पोग ने इस हमले को लेकर कहा है कि सादे कपड़ों में एक अज्ञात वाहन में सवार अधिकारी गोलीबारी में फंस गए और उनके वाहन पर कई बार हमला होने के बावजूद वे बाल-बाल बच गए। पुलिस ने तुरंत हमले पर कार्रवाई करते हुए, चोरी की कार में बक्से लगाने के लिए अपने अज्ञात वाहन का इस्तेमाल किया, उन्होंने थोड़ी देर तक पीछा करने के बाद एक बंदूकधारी को पकड़ लिया। हालांकि, दो संदिग्ध इस मामले में भागने में सफल रहे और अभी भी लापता हैं। गोलीबारी से पहले सामने आए वीडियो में कई लोगों को आधुनिक फायर आर्म्स के साथ नाचते हुए दिखाया गया है। गिरफ्तारी के बाद, क्षेत्र की तलाशी ली गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में छिपाए गए 16 आग्नेयास्त्रों को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने भागे हुए संदिग्धों की तरफ से छोड़े गए कई हथियार बरामद किए और अन्य लोगों ने छत पर, रिकॉर्डिंग स्टूडियो के अंदर और यहां तक ??कि पास के कूड़ेदानों में छुपाए गए हथियार भी बरामद किए। इन आग्नेयास्त्रों में कई हैंडगन और दो उच्च शक्ति वाली राइफलें थीं। कई पंजाबी कलाकार क्षेत्र में रिकॉर्डिंग स्टूडियो का इस्तेमाल करते हैं। एपी ढिल्लों और गिप्पी ग्रेवाल जैसे लोकप्रिय पंजाबी संगीत कलाकारों को पहले भी इसी तरह की घटनाओं में निशाना बनाया जा चुका है।

## कारगिल शहीद धनंजय सिंह दी गयी श्रद्धांजलि

**आजमगढ़।** सराय वृंदावन निवासी कारगिल शहीद धनंजय सिंह की 19वीं श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर प्रयास सामाजिक संगठन के साथियों ने शहीद की प्रतिमा पर माला पुष्प चढ़ा करके सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। -कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जितेंद्र सिंह जी ने बताया कि हमारा यह बहादुर साथी कारगिल युद्ध के दौरान कश्मीर के लाल चौक पर दुश्मनों से लोहा लेते हुए भारत माता की आन बान शान के लिए शहीद हो गया। -मुख्य अतिथि के रूप में प्रयास सामाजिक संगठन के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि हमारे लिए आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन है कि भारत माता के ऐसे वीर सपूत जिनके कारनामों से देश का सीना चौड़ा हो जाता है श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होने का अवसर मिला तथा इन वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि तब मिलेगी जब हम इन शहीदों रास्ते पर चलते हुए उनके सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रयास सामाजिक संगठन के मंडल अध्यक्ष राणा बलबीर सिंह तथा प्रयास के पदाधिकारियों द्वारा शहीद की पत्नी श्रीमती बिंदु सिंह को अंगवस्त्र, मूमेंटो तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

# रामेश्वरम मेले में श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान करके किया दर्शन पूजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (जफराबाद)।** सिरकोनी क्षेत्र के सई गोमती नदी के संगम स्थल राजेपुर त्रिमुहानी में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान करके रामेश्वरम महादेव का दर्शन पूजन व जलाभिषेक किया। मेले में आस पास के गांवों के लोगो के अलावा अन्य जनपदों के लोगो ने भी स्नान कर दर्शन पूजन किया। मेले में भोर से ही लोगों ने संगम में स्नान करना शुरू कर दिया। मेला दिन बढ़ने के साथ साथ बढ़ने लगा। दोपहर होते होते हजारों लोग जमा होने लगे। पुरुषों ने मेले का मशहूर रेवड़ा खरीदा। महिलाओं ने श्रृंगार का सामान खरीदने में दिलचस्पी लिया। बच्चों ने खिलौने खरीदे। मेले में लगे झूले व चरखे का भी महिलाओं व बच्चो ने आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। थानाप्रभारी घनानंद त्रिपाठी लगातार मेले में चक्रमण करते रहे। उन्होंने कई मनबढ़ों को हुड़दंग मचाने पर पकड़ कर बैठाया। इस स्थान का महत्व गोस्वामी तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस में वर्णित पंक्ति सई उतरि गोमती नहाए, चौथे दिवस अवधपुर आए। राजेपुर स्थित पवित्र सई- गोमती नदी के संगम स्थल का आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होना सिद्ध करता है। यहां भरतजी ने अवधपुरी वापस जाते समय स्नान किया था। प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी तादाद में श्रद्धालु पुण्य लाभ की कामना से यहां संगम में डुबकी लगाते हैं। दोनों नदियों के तीनो पार राजेपुर, विजयीपुर व उदपुर में मेला लगने के कारण यह त्रिमुहानी मेले के नाम से भी प्रसिद्ध है। यहां कार्तिक पूर्णिमा के दिन भोर से ही स्नान ध्यान व रामेश्वर धाम में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो जाता है। जो पूरे दिन तक चलता रहता है। यहां लाई चिवड़ा व रेवड़े की खूब बिक्री होती है। भेड़ों की लड़ाई भी इस मेले का प्रमुख आकर्षण है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण लगने के कारण स्नानार्थियों की संख्या अधिक होने की संभावना भी जताई जा रही है।

## आमने सामने बाइकों की टक्कर में चार घायल

**जौनपुर (जफराबाद)** क्षेत्र के शिवपुर गांव के प्राथमिक स्कूल के सामने शुक्रवार को दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमे चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों में दो लोगों को गम्भीर चोटें आयी है।उन्हें रेफर कर दिया गया है। केराकत क्षेत्र के विजईपुर गांव निवासी प्रीतम कुमार 24 वर्ष पुत्र रामफेर गौतम अपने रिश्तेदारों शुभम कुमार पुत्र देवेश तथा प्रवीण कुमार पुत्र सजंय गौतम निवासी सोखीपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ को बाइक पर बैठाकर राजेपुर त्रिमुहानी का मेला दिखाने ले आया था। मेला दिखाने के बाद तीनों बॉइक से वापस घर जा रहे थे।ऊक्त स्कूल के सामने विपरीत दिशा से दिनेश कुमार पुत्र बेचूराम निवासी खरचलपुर बॉइक से आ रहा था। दोनो बाइकों की रफ्तार तेज बतायी जा रही है। दोनो बाइक अचानक आमने सामने टकरा गयी। जिसके बाद चारों सवार बॉइक सहित गिर गए। वहां पर मौजूद सखोई गांव निवासी छोटू सिंह ने चारों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर लाये। वहां पर कोई चिकित्सक नही था। काफी देर बाद एक चिकित्सक पहुंची। उन्होंने दिनेश कुमार तथा प्रीतम कुमार की चोट की हालत गम्भीर देखते हुए तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# बच्चों के सबसे पहले गुरु उनके माता-पिता है उसके बाद शिक्षक: रामनयन

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** तिवारीपुर सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य एस.एन. यादव, कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई। बाल दिवस के महत्व को अध्यापक अजय यादव एवं पद्मजा पाल ने अपने संबोधन में बखूबी बताया। अपने गीतों के माध्यम से सरिता मौर्य एवं राहुल तिवारी ने बच्चों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। शिक्षक व छात्र शीर्षक पर आधारित हास्य नाटिका जिसको विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया था सभी को खूब हंसाया। कार्यक्रम के बीच-बीच में विद्यालय में आयोजित विभिन्न एक्टिविटी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य एवं उप-प्रधानाचार्य एसएन यादव ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य ने बताया कि मैं आज बाल दिवस के अवसर पर अपने सभी छात्रों-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ और छात्र-छात्राओं से अपील करता हूं कि वह अपने ज्ञान और बुद्धि का प्रयोग अच्छे कामों के लिए करें। नकारात्मक चीजों से दूर रहें। बच्चों के सबसे पहले गुरु उनके माता-पिता है उसके बाद शिक्षक है। उन्हें शिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए और उनकी बताई बातों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए तभी वह सफलता की मंजिल को पा सकेंगे। माता-पिता व शिक्षक हमेशा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है, उसे अमल करना या अमल न करना आपके हाथ में है। जैसे कुम्हार मिट्टी के बर्तन को सही आकार देता है उसी प्रकार बच्चे भी मिट्टी की भांति अपने शिक्षकों द्वारा अनेक आकार में ढलते हैं। मैं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को धन्यवाद देता हूं। कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर दीपिका सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में- कोऑर्डिनेटर दिनेश यादव, रामचरण मौर्य, समीक्षा सिंह, किशन यादव, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, आरोही मोदनवाल, प्रेमा यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मेले में स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन, 500 मरीजों का नि:शुल्क जांच व दवा वितरण




**जौनपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पिलकिछा तिलवारी मेले में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। साथ मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरित किया गया.नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्षता कर रहे। पारसनाथ हॉस्पिटल ट्रामा सेन्टर बदलापुर के डॉ0यस0के0 पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है, मच्छर से बचे,डेंगू से बचने के लिये घर के आसपास साफ सफाई रखें। वहीं डॉ प्रशांत निषाद ने बदलते मौसम में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बेहतर उपाय बताया व सहयोगी डॉ द्रविण तिवारी नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ0 इंदल निषाद,डॉ0अमित उपाध्याय भी रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान मौजूद गांव प्रकाशचंद उपाध्याय, नरेंद्र उपाध्याय, भवानी प्रसाद शर्मा, शैलेन्द्र समेत कई लोग उपस्थित रहे।शिविर के आयोजक बृजेश दुबे बजरंग दल सयोंजक और अभिषेक शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।

### बच्चों को बेहतर परवरिश और संस्कार दें, माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं : स्वामी अनिरुद्धाचार्य



**जौनपुर।** पूर्वांचल की प्रसिद्ध माता शीतला चौकिया धाम में देव दीपावली की पूर्व संध्या पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज का आगमन देर शाम मंदिर प्रांगण में हुआ, कार्यक्रम आयोजक महंत विनय त्रिपाठी सहित सभी कार्य समिति के पदाधिकारियों ने उनका माल्यार्पण करके ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य जी ने माता शीतला रानी के दर्शन पूजन करने के पश्चात मंदिर के बगल में स्थित कुंड पर पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं वह सदैव खुश रहते हैं, माता-पिता अपने बच्चों को उनके जन्म से लेकर 3 साल तक बेहतर संस्कार और परवरिश देते हैं ताकि आगे चलकर वही बच्चे अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करें, उन्होंने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई इंसान नहीं है इसलिए अपने माता-पिता को दुख नहीं देना चाहिए। अनिरुद्धाचार्य जी के द्वारा कार्यक्रम में उनके द्वारा गाए गए भजन ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, सभी श्रद्धालु भजन पर झूमने को मजबूर हो गए। अनिरुद्धाचार्य जी ने कहा लोगों को नशे से सदैव दूर रहना चाहिए। इस दौरान सतानंद महाराज, बृंदावन, महामण्डलेश्वर कन्केश्वरी नंद गिरि माँ,सतीश जय कृष्ण तिवारी, विशाल भारद्वाज, कार्यक्रम आयोजक श्री शीतला ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष और महंत विनय त्रिपाठी, , विनीत सेठ, अमित गुप्ता, उर्वशी सिंह अंबुजा नंद, अनिल सोनकर संजय माली, छमई गुरु, जय बिंद माली, सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

### प्रसिद्ध कर्मकांडी ज्योतिषाचार्य पंडित रामनाथ तिवारी की सत्रहवीं पुण्यतिथि मनाई गई।

**जौनपुर।** धर्मापुर क्षेत्र के सरैयां गांव के प्रसिद्ध कर्मकांडी, ज्योतिषाचार्य पंडित रामनाथ तिवारी की सत्रहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान ग्रामीण और परिवार जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। क्षेत्र के सरैयां गांव में गुरुवार शाम को प्रसिद्ध कर्मकांडी, ज्योतिषाचार्य पंडित रामनाथ तिवारी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनके पुत्र विजय नारायण तिवारी और परिवार के सभी सदस्यों और ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विदित हो की दिवंगत पंडित रामनाथ तिवारी बहुत ही प्रसिद्ध कर्मकांडी और ज्योतिषाचार्य थे। यह अपने ज्ञान और विद्या के वजह से बहुत ही प्रसिद्ध थे। पंडित रामनाथ तिवारी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत के रेल मंत्री पंडित कमला पति त्रिपाठी के बेहद करीबी थे। परिवार जनों द्वारा इनकी सत्रहवीं पुण्यतिथि मनाई गई।

### अमन और रुद्र ने आरपी रस्तोगी क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज क्लब ने साई क्लब को एक विकेट से हराकर गंगा डिग्री कॉलेज अंडर-14 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में अमन खान (47 नाबाद एवं दो विकेट) और रुद्र प्रताप (6-0-44-5) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गंगा डिग्री कॉलेज सोरांव मैदान पर खेले गए मैच में साई क्लब ने 24.5 ओवर में 113 रन (अभिषेक मिश्र 35, हर्षित 21, रुद्र प्रताप 5/44, अवनीश सिंह 2/10, अमन खान 2/22) बनाये। जवाब में आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज क्लब ने 22 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन (अमन खान 47 नाबाद, सिद्धार्थ 15, शिवा 3/03, अभिषेक वर्मा 3/16) बना लिए। रुद्र प्रताप को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

# छात्रों का धरना पांचवें दिन भी जारी



**अवधनामा संवाददाता**

**आरओ-एआरओ परीक्षा को लेकर फंसा है पेच**

**प्रयागराज।** आरओ-एआरओ परीक्षा को भी वन डे वन शिफ्ट में करने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों का धरना उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट नंबर दो पर शुक्रवार को भी जारी है। प्रतियोगी छात्र रात भर सड़क पर डंटे रहे। यहां पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है और छात्र आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। शुक्रवार को सुबह प्रदर्शनकारी छात्रों की संख्या कम होने के कारण दूसरी लेन पर वाहनों का आवागमन भी शुरू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस प्री परीक्षा के लिए नई तिथि का एलान कर दिया है। परीक्षा 22 दिसंबर को होगी। पहले यह परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित थी। एक दिन में परीक्षा कराने के लिए छात्रों ने आंदोलन किया था। लाठीचार्ज और बवाल के बाद आयोग को छात्रों की मांगों के आगे झुकना पड़ा और एक दिन में परीक्षा कराने का एलान करना पड़ा। आरओ एआरओ परीक्षा को एक दिन में कराने के लिए आंदोलन पांचवे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। आयोग पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी आरओ-एआरओ परीक्षा को भी एक दिन में कराने की मांग पर अड़े हैं। आयोग के सचिव ने कहा कि आरओ-एआरओ के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा कराने का निर्णय लिया जाएगा, लेकिन छात्र मानने के लिए तैयार नहीं हैं। चाहते हैं कि आयोग एक दिन परीक्षा कराने का नोटिस जारी करे, जिस तरह से पीसीएस को कराने का जारी किया गया है।

### दो गुट में बंटे छात्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने धरने पर बैठे छात्र दो गुटों में बंट गए हैं। पिछले पांच दिनों से धरने का नेतृत्व कर रहे छात्रनेता पंकज पांडेय ने आंदोलन खत्म करने का एलान किया है। वहीं छात्रों का दूसरा गुट आरओ-एआरओ की परीक्षा एक दिन में कराने की अपनी मांग पर अड़ा है धरना खत्म करने के लिए तैयार है। धरना स्थल को पुलिस फोर्स ने चारों तरफ से घेर लिया।

## छात्राओं ने लगाए विभिन्न प्रकार के स्टाल

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** बाल दिवस के अवसर पर आज न्यू एरा पब्लिक स्कूल सिधारी आजमगढ़ के प्रांगण में विद्यालय के द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिसका आनंद बच्चों के साथ-साथ अभिभावक एवं अतिथि गणों ने लिया। इसी क्रम में विद्यालय में आए मुख्य अतिथि श्री शशांक सिंह (जिला दिव्यांग अधिकारी) विशिष्ट अतिथि डी.सी त्रिपाठी (जिला प्रोविजन अधिकारी) श्री रजनीश श्रीवास्तव, संजय शाही एवं श्रीमती सरिता पाल (महिला कल्याण विभाग) आदि ने बच्चों के द्वारा लगाए गए स्टॉल पर खरीदारी करते हुए बहुत ही खुशी का इजहार किया। मुख्य अतिथि शशांक सिंह के द्वारा चयनित बच्चों को पुरस्कार मेडल वितरित किया गया तथा मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की द्य इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रदीप तिवारी प्रिंसिपल तुषार तिवारी वाइस प्रिंसिपल गुलिस्ता शेख। एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय पांडे जी ने किया।

# कैबिनेट मंत्री नंदी के अकाउंटेंट से 2.08 करोड़ की ठगी

**साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, खाता फ्रीज करने का प्रयास कर रही पुलिस**



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अकाउंटेंट रीतेश श्रीवास्तव से साइबर ठगों ने 2.08 करोड़ रुपए की ठगी की है। बुधवार को वॉट्सऐप पर मंत्री नंदी के बेटे की फोटो लगाकर साइबर ठग ने अकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव को मैसेज किया। ठगों ने लिखा कि मैं जरूरी बिजनेस मीटिंग में हूं। यह मेरा नया नंबर है, तुरंत रुपए ट्रांसफर कर दो।

साइबर ठगों ने अकाउंटेंट को तीन बैंक अकाउंट की डिटेल भेजी और उसी में रुपए ट्रांसफर करने को कहा। बिना जांच- पड़ताल किए अकाउंटेंट ने जल्दबाजी में 2.08 करोड़ रुपए ट्रांसफर भी कर दिए। बाद में ठगी की जानकारी हुई तो प्रयागराज के साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक खलबली मची। ठगी की सूचना साइबर सेल थाना पुलिस को बुधवार रात करीब 11:30 बजे दी गई। मामला कैबिनेट मंत्री से जुड़ा होने के कारण एक बारगी आला पुलिस अधिकारी भी सकते में आ गए। साइबर पुलिस रातभर जालसाजों के बैंक खातों का डिटेल खंगालने में जुटी रही।

साइबर पुलिस की जांच में पता चला कि जालसाज ने ठगी के लिए तीन बैंकों के खातों का इस्तेमाल किया है। इनमें आईसीआईसीआई, एचडीएफसी समेत एक अन्य बैंक का खाता शामिल है। साइबर पुलिस ने तीनों खातों की जानकारी बैंक अधिकारियों से मांगी है। साइबर थाना प्रभारी राजीव तिवारी ने बताया कि संबंधित खाते फ्रीज कराने के लिए मेल किया है। ठगों का ब्योरा खंगाल रहे हैं।

## वीबीएस स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता



**प्रयागराज।** वी बी एस स्कूल पुराना फाफामऊ में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस एवं बाल दिवस के शुभ अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों ने स्कूल के प्रधानाचार्य बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जूनियर बच्चों के लिए क्रिकेट, कबड्डी, दौड़ एवं खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया और प्राइमरी के बच्चों के लिए खो खो, रस्साकशी, मेंढक दौड़ तथा जलेबी दौड़ आदि का आयोजन किया गया। खेल का संचालन रामचंद्र पटेल, अंबरीश, मिथुन, सोनी मैडम एवं अन्य सहयोगी अध्यापकों द्वारा प्रधानाचार्य पूजा मौर्य एवं मैनेजर आशुतोष सिंह के देखरेख में खेलकूद संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य पूजा मौर्य ने कार्यकम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया व सभी को बाल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मैनेजर आशुतोष सिंह ने अंत में बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि बच्चें ईश्वर का उपहार है, उन्हें अपने विचारों के साथ उड़नें दे। सभी बच्चें सीखते रहे, बढ़ते रहे. मुस्कुराते रहे।

## सूत्रकृमि हानिकारक ही नहीं लाभकारी भी: प्रो. अशोक

**प्रयागराज।** सीएमपी महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में आज परास्नातक पर्यावरण विज्ञान के तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सूत्रकृमि विषय में जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी शेरे कश्मीर विश्वविद्यालय, जम्मू कश्मीर से आये पादप रोग विज्ञान के प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह ने प्रदान की। प्रोफेसर सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि सूत्रकृमि मृदा, जल (मीठे एवं खारे) पेड़ पौधे के जड़, तना, पशु, मछलियों एवम् मनुष्यों के भीतर भी पाए जा सकते हैं। ज्यादातर सूत्रकृमि हानिकारक होते हैं, परंतु कुछ सूत्रकृमि कीटों को मारने हेतु जैव नियंत्रक कारको की बहती भी कार्य करते हैं तथा सूत्रकृमि मृदा की उर्वरता बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सिंह का परिचय डॉक्टर हेमलता पंत, असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्योति वर्मा ,असिस्टेंट प्रोफेसर ,जंतु विज्ञान विभाग, सी एम पी पीजी कॉलेज ने दिया। कार्यक्रम में आदित्य शर्मा, अनुराधा यादव, निधि गुप्ता और अर्पिता श्रीवास्तव सहित लगभग 25 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का आगमन आज

**प्रयागराज।** श्री शिवगंगा आश्रम की ओर से जानकारी दी गई है कि श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी ओडिसा स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती का 16 नवंबर को प्रयागराज आगमन होगा। शंकराचार्य सतना मैहर से ट्रेन द्वारा शाम को प्रयागराज के छिवकी जंक्शन पहुंचेंगे। शंकराचार्य 17 से 24 नवंबर तक झूंसी स्थित गोवर्धन मठ के प्रयागराज केंद्र श्री शिवगंगा आश्रम में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान प्रति दिन दोपहर साढ़े ग्यारह बजे दर्शन दीक्षा एवं संगोष्ठी और सायं साढ़े पांच बजे हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PYGS-WRL-102-24-2 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.11.2024 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.11.2024 at 10:40 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3543/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 09.12.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 12702024 दिनांक 15.11.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 20-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 2. 21-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 3. 22-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 4. 23-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025, 5. 24-Sr.DEN-IV-LKO-2024-2025 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(प्रथम)–सुल्तानपुर के तहत सुल्तानपुर– उतराटिया (छोड़कर) सेक्शन में पुलों की मरम्मत का कार्य।<br>2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/श्रीकृष्णानगर की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य।<br>3. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/लंबुआ की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य।<br>4. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी0वे0/–(द्वितीय)/सुल्तानपुर की शाखा के अन्तर्गत विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य।<br>5. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर के तहत जफराबाद (छोड़कर) से सुल्तानपुर–(छोड़कर) और अयोध्या कैंट (छोड़कर) से फूलपुर (छोड़कर) सेक्शन में पुलों की मरम्मत का कार्य |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 29,99,973.51; 2. Rs. 87,21,422.85; 3. Rs. 1,39,99,483.36; 4. Rs. 72,78,923.38; 5. Rs. 29,99,907.83 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 60,000.00; 2. Rs. 1,74,400.00; 3. Rs. 2,20,000.00; 4. Rs. 1,45,600.00; 5. Rs. 60,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: 25.11.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 5 तक के लिए: 09.12.2024 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3547/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या: NER- BSB0SnT-OT-31-2024**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक : 1 निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम** : NER-BSB0SnT-OT-31-2024: **कार्य का नाम** : वाराणसी मंडल में क्योसन मेक इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग के 07 स्टेशन (02 आईबीएच सहित) का 02 वर्षो के लिए विस्तृत वार्षिक अनुरक्षण कार्य । **विवरण : अनुमानित लागत** : ₹. 19864702.20 **बयाना की राशि** : ₹. 249300.00/– **निविदा प्रपत्र की कीमत** : ₹. 00.00/– **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: 24 माह **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय** : 09.12.2024 को 15.00 बजे **1.** ई–निविदा दिनांक 09.12.2024 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें

मंडल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार

मुजाधि/सिगनल–68 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच**

पत्रांक : 3081/8 काम/ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2024-25 दिनांकः 12.11.2024

**अल्पकालीन ई-टेण्डर निविदा सूचना प्रकाशन**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ''ए, बी एवं सी श्रेणी'' मार्ग कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण एवं तदोपरान्त पांच वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा-महसी। | | | | | | |
| 1 | बहराइच | नंदवल-जैतापुर मार्ग से नत्थूपुरवा मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 41.20 | 4.06 | 2715.00 | 06 माह |
| 2 | बहराइच | संगवा-समदा सं0मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य। (पांच वर्ष अनुरक्षण सहित) | 46.75 | 4.34 | 2715.00 | 06 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 18.11.2024 से पूर्व।
3. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से पांच वर्ष होगी।
4. दोष दायित्व अवधि पांच वर्ष है, जिसकी गणना कार्य पूर्णता तिथि से की जायेगी।
5. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
   - (क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाईन दिनांक 18.11.2024 से 29.11.2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
   - (ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
   - (ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 29.11.2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 29.11.2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोली जायेगा। विस्तृत विवरण http//etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
   - (घ) तकनीकी निविदा खोलने की 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी। त्रुटिपूर्ण/Non Qualitative अनावश्यक शिकायत पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जायेगी।
   - (ड़) शासनादेश संख्या 28/2023/1556/तेईस-7-2023-176 सा/2006 दिनांक 05-12-2023 एवं अद्यतन संशोधनो के अनुसार दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन में निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(इं. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
बहराइच

UPID-222383 Dated-14-11-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इं. भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,
बहराइच

# लखनऊ में उपमा के 7वें वार्षिक अधिवेशन में जुटेंगे देश के वित्तीय विशेषज्ञ

**लखनऊ।** माइक्रोफाइनेंस असोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश (उपमा) के द्वारा लखनऊ के एक स्थानीय होटल गोमती में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगामी दिनांक




18 नवंबर 2024 को लखनऊ के होटल ताज में आयोजित होने जा रहे उपमा के 7 वें वार्षिक अधिवेशन के बारे में जानकारी दी गयी। इस अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्री असीम अरुण माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन ने तथा मुख्य वक्ता के रूप में श्री दिनेश खारा पूर्व चेयरमैन स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया तथा माइक्रोफाइनेंस के भीष्म पितामह कहे जाने वाले श्री विजय महाजन ने अपनी सहमति प्रदान की है। सम्मलेन के समापन सत्र हेतु श्री कपिलदेव अग्रवाल माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास ने अपनी सहमति प्रदान की है। उपमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुधीर सिन्हा ने बताया कि आगामी 18 नवंबर को लखनऊ शहर में आयोजित होने जा रहे इस वार्षिक अधिवेशन में परिचर्चा का मुख्य और अति महत्वपूर्ण विषय चुना गया है और वह है ÷उत्तर प्रदेश में एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी अर्थ व्यवस्था के लक्ष्य को सफल बनाने में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों का क्या योगदान पर आधारित एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की जाएगी उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष सम्मलेन का उद्देश्य एक सतत एवं विश्वसनीय माइक्रो फाइनेंस मॉडल विकसित करना है माइक्रो फाइनेंस के स्वतः नियामक संस्था साधन के प्रमुख श्री जी जी मेमन सहित इस कॉन्फ्रेंस में शैक्षिक संस्थाओं के रिसर्च स्कॉलर, अनेक वित्तीय विशेषज्ञ, माइक्रो फाइनांस कंपनी के सीईओ के साथ साथ नाबार्ड, आरबीआई तथा सिडबी के वरिष्ठ अधिकारीगण भाग लेंगे। माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश (उपमा ) प्रति वर्ष अपना वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं संस्था इस वर्ष अपने स्थापना के 11 वर्ष भी पूरे कर रही है।

माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश की स्थापना 15 दिसंबर 2013 को हुई थी माइक्रो फाइनेंस संस्थाएं भारतीय रिज़र्व बैंक से रजिस्टर्ड होती हैं तथा समाज के सबसे कमजोर वर्ग को उनके गृह स्थल पर रोजगारपरक ऋण उपलब्ध कराती हैं एसोसिएशन के साथ समान क्षेत्र कार्य करने वाली लगभग तीस संस्थाएं जुडी हुई हैं।

## लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**लखनऊ।** लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड की सब्सिडरी कंपनी, री-सस्टेनेबिलिटी, ने 28 नवम्बर 2024 को अपनी 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर सफाई मित्रों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर और संचारी रोग जागरूकता कैंप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और उन्हें संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना था। इस शिविर में जोन 1,3,4, और 7 में कार्यरत लगभग 750 से भी अधिक सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर और नेत्र परीक्षण शामिल थे। इसके साथ ही, सभी सफाई मित्रों को निशुल्क दवाईयाँ वितरित की गईं और उन्हें संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मनोज सोनी, एमएसडब्ल्यू बिजनेस हेड ने कहा, ÷हमारे सफाई मित्र हमारे शहर की स्वच्छता की रीढ़ हैं, और हम उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत, 11 नवम्बर से 13 नवम्बर तक हम सफाई मित्रों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ संचारी रोगों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। इसके अलावा, 20 और 21 नवम्बर को प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पेंटिंग, वेस्ट टू वंडर, और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## बीएल एग्रो और लीड्स कनेक्ट ने कृषि भारत, लखनऊ में समर्थ 1.0 के शुभारंभ के साथ पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा दिया

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांड्स में से एक बीएल एग्रो और इसके कृषि प्रौद्योगिकी उद्यम लीड्स कनेक्ट ने जोखिम प्रबंधन, जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनऊ के कृषि भारत में समर्थ 1.0 लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव आईएएस श्री मनोज कुमार सिंह, नीदरलैंड के कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और प्रकृति मंत्री जान-कीस गोएट और उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस श्री के. रविंदर नायक मौजूद थे। कृषि मॉडलिंग और मानवता में परिवर्तन के लिए जोखिम आकलन पर संगोष्ठी समर्थ 1.0 नामक पहल का उद्देश्य कृषि में महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित वैज्ञानिक संवाद में प्रमुख हितधारकों को एकजुट करना है। समर्थ में वैज्ञानिक और तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न खंडों और क्षेत्रों से उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एकत्रित किया गया, ताकि कृषि पारिस्थितिकी तंत्र



और मूल्य शृंखला विकास में स्थायी समाधान के लिए एक सहयोगात्मक रोडमैप तैयार किया जा सके।

लीड्स कनेक्ट में अनुसंधान, विश्लेषण और मॉडलिंग के निदेशक डॉ. आलोक बी. मुखर्जी ने समर्थ के पीछे के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा, समर्थ सिर्फ़ एक शोध जर्नल से कहीं ज़्यादा है। यह वास्तविक, ज़मीनी प्रभाव पैदा करने का एक तरीका है। अंतःविषय दृष्टिकोण और स्थानीय इंटेलिजेंस के साथ उन्नत प्रौद्योगिकियों को जोड़कर, हम पारंपरिक एआई से आगे बढ़कर मज़बूत एआई को अपना रहे हैं। समर्थ कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र और जलवायु क्षेत्र में चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और अन्य हितधारकों को उनके काम में योगदान देने के लिए एक आह्वान है। सर्वश्रेष्ठ तीन शोध पत्रों की गहन समीक्षा करने के बाद एक बोर्ड द्वारा क्रमशः 50,000, 30,000 और 20,000 के पुरस्कार दिए जाएँगे। शोध से परे, समर्थ वास्तविक दुनिया की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए किसानों के साथ सीधे जुड़ाव के बारे में है। प्रत्येक संस्करण उन पायलट अध्ययनों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो ज़मीन पर ठोस, पर्यावरण अनुकूल बदलाव लाते हैं।

# डेटॉल क्लाईमेट रेजिलिएंट स्कूल ने डेटॉल स्कूल रेडियो पॉडकॉस्ट किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी रेकिट, ने अपने साझीदार प्लान इंडिया और ओहो रेडियो के साथ मिलकर अपने फ्लैगशिप अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत का पहला स्कूल रेडियो पॉडकास्ट लॉन्च किया, जो जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है यह एक समर्पित प्लेटफॉर्म है जो मिशन लाईफ-स्वास्थ्य और जलवायु लचीलापन के लिए सतत जीवनशैली को बढ़ावा देता है, और इसे उत्तराखंड के स्कूलों के बच्चों के साथ मिलकर को -क्रिएट किया गया है। इस पॉडकास्ट का शुभारंभ राजभवन, देहरादून में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की उपस्थिति में किया गया।

रेकिट के एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप डायरेक्टर रवि भटनागर ने कहा रेकिट में, हम विश्वास करते हैं कि वास्तविक परिवर्तन तब आता है जब व्यक्ति, विशेषकर युवा लोग, उन मुद्दों की जिम्मेदारी लेते हैं जो उन्हें और उनके समुदायों को प्रभावित करते हैं। मिशन लाईफ का झंडा उठाते हुए, डेटॉल क्लाईमेट रेजिलेंट स्कूल द्वारा डेटॉल स्कूल रेडियो पॉडकास्ट हमें जागरूकता और कार्रवाई को



जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जो समाज और पृथ्वी दोनों के लिए लाभकारी हों। डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया इन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और मुझे यह विजन वास्तविकता में बदलते हुए देखना गर्व की बात है। उत्तराखंड सरकार और हमारे भविष्य के समर्थकों के सहयोग से, हम एक स्वच्छ, हरा-भरा भविष्य बनाने के लिए एक शक्तिशाली आंदोलन शुरू करने की उम्मीद करते हैं।

अपने उद्घाटन भाषण में, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य पहलों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने कहा मैं रेकिट को इस पहल के लिए बधाई देना चाहता हूँ, जो सही समय पर शुरू की गई है, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 नवम्बर को उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जलवायु, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति पर आधारित 9 महत्वपूर्ण प्रतिज्ञाओं का आह्वान किया। उत्तराखंड जैव विविधता की एक अद्वितीय भूमि है, जहां प्रकृति और संस्कृति हर एक दिल की धड़कन में बसी हुई हैं। राज्य के त्योहार सिर्फ उत्सव नहीं होते, वे वास्तव में पृथ्वी के प्रति श्रद्धा होते हैं। इस संदर्भ में, डेटॉल का जलवायु लचीलापन स्कूल पहल राज्य की धरोहर को सम्मानित करती है, उत्तराखंड के बच्चों को प्रेरित करती है और राज्य की विशिष्टता को वैश्विक मंचों पर, जैसे इस वर्ष बाकू, अजरबैजान में यूएनएफसीसीसी कॉप 29 में, उजागर करती है। उनके माध्यम से उत्तराखंड की भावना पहाड़ों से बहुत दूर गूंजेगी, जो प्रकृति के प्रति उनके सक्रिय संरक्षण से दुनिया को भी हमेशा प्रेरित करेगी।

भारत सरकार के मिशन लाईफ पाठ्यक्रम की भावना को आत्मसात करते हुए, डेटॉल स्कूल पॉडकास्ट, जो डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया और ओहो रेडियो का एक संयुक्त प्रयास है, छात्रों और समुदायों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाएँ अपनाने के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य रखता है, ताकि एक स्वस्थ और अधिक लचीले भारत का निर्माण हो सके। यह पॉडकास्ट, जिसे आरजे काव्या द्वारा होस्ट किया गया है।

## फ़ीनिक्स यूनाइटेड मॉल में बाल दिवस की धूम, बच्चों ने कला प्रदर्शन से लोगों का मन जीता



**लखनऊ।** बाल दिवस के अवसर पर फ़ीनिक्स मॉल में बच्चों के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया गया जहाँ इनोवेशन ऑफ चेंज संस्था से आए बच्चों ने अपनी सुंदर कलाकारी से बने चित्रों का प्रदर्शन किया। इस समारोह में बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ़्ट के बेहतरीन मॉडल मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों की कला और क्राफ़्ट के हुनर को देख उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों तारीफ़ की। समारोह में बच्चों के लिए उनके पसंदीदा भोजन की व्यवस्था भी की गई।

बाल समारोह के अंत में ग्राहकों की ख़ुशियों को बढ़ाते हुए यहाँ बिग हेलो ब्रांड भी लॉन्च किया गया। अपने पसंदीदा ब्रांड की फ़ीनिक्स मॉल में शुरुआत का हिस्सा बनकर यहाँ उपस्थित ग्राहक ख़ुश नज़र आए। फ़ीनिक्स मिल्स लिमिटेड के सीनियर सेंटर डायरेक्टर श्री संजीव सरीन ने बताया, 'बच्चों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए हमने सुनिश्चित किया कि आज के दिन वो अपने हुनर का भरपूर प्रदर्शन कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम से आने वाली पीढ़ी की कला को मंच प्राप्त होता है और वे भविष्य में क्रिएटिव प्रयासों के लिए प्रेरित होते हैं। आज हमने यहाँ पर बिग हेलो ब्राण्ड भी लॉन्च किया। हम आशा करते हैं कि अब फ़ीनिक्स मॉल में ग्राहक अपने पसंदीदा ब्राण्ड के स्टोर से ख़रीदारी का लाभ उठा सकेंगे।

## खान अकैडमी ने भारत में सभी शिक्षकों के लिए निःशुल्क AI टूल खानमिगो लॉन्च किया

**बरेली।** खान अकैडमी, जो किसी को भी, कहीं भी, निःशुल्क, विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है, ने 14 नवंबर, 2024 से भारत में सभी शिक्षकों के लिए अपने निःशुल्क, AI-संचालित टूल, खानमिगो के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के हिस्से के रूप में, शिक्षक खानमिगो को एक शिक्षण सहायक के रूप में निःशुल्क एक्सेस कर सकेंगे। अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध, खानमिगो एक AI शिक्षण सहायक और छात्र ट्यूटर है जिसे शिक्षकों की दक्षता और छात्रों के अधिगम को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह लॉन्च खान अकैडमी की उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधनों को सभी भाषाओं में सुलभ और प्रभावशाली बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है।

शिक्षक खान अकैडमी के प्लेटफ़ॉर्म पर खानमिगो तक निःशुल्क पहुँच प्राप्त कर सकेंगे, जो पाठ की तैयारी को सरल बनाने, छात्रों की वैयक्तिकृत सहभागिता को बढ़ाने और कक्षा में अधिगम को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है। दुनिया भर में शिक्षकों द्वारा पहले से ही उपयोग किए जा रहे खानमिगो में विभिन्न कठिनाई स्तरों पर पाठ्यक्रम-संरेखित मूल्यांकन, क्रिएटिव लेसन आइडिया और संक्षिप्त अध्याय सारांश जैसी अनेक सहज सुविधाएँ हैं। इन उपकरणों के साथ, शिक्षक छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जिससे कक्षा में शिक्षण अधिक प्रभावशाली हो जाता है।

## पारले एग्रो की ओर से पेश है स्मूथ लस्सी, जो भारत के लस्सी बाजार में एक नए युग की शुरुआत है




**कानपुर।** पारले एग्रो, जिसे भारतीय बेवरेज़ मार्केट में इनोवेशन के लिए जाना जाता है, ने अपने बढ़ते हुए डेयरी पोर्टफोलियो में एक नया प्रोडक्ट स्मूथ लस्सी लॉन्च किया है, जो एक बार फिर भारतीय डेयरी कैटेगिरी को एक नया रूप देने के लिए तैयार है। इस रोमांचक लॉन्च का सपोर्ट एक बहुत बड़े मल्टी-चैनल कैंपेन द्वारा किया गया, जो लस्सी की कैटेगिरी में अब तक का सबसे बड़ा कैंपेन है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर वरुण धवन भी शामिल हैं।पारले एग्रो की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर नादिया चौहान ने स्मूथ लस्सी के लॉन्च पर बताया कि लस्सी एक ऐसा बेवरेज है जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और इसकी बाजार में अच्छी संभावनाएं हैं। स्मूथ लस्सी इस क्लासिक बेवरेज पर हमारी एक इनोवेटिव पहल है, जो एक प्रीमियम, मलाईदार और मजेदार प्रोडक्ट देता है जो परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से जोड़ता है। हमने गुणवत्ता और स्वाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पार करने के लिए स्मूथ लस्सी को सावधानीपूर्वक तैयार किया है। वरुण धवन के साथ हमारा कैंपेन उपभोक्ताओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे भीड़ भरे लस्सी बाजार में स्मूथ लस्सी को एक बेहतरीन विकल्प के रूप में पेश किया जा सके। इस दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य प्रोडक्ट की विजिबिलिटी को बढ़ाना और बेवरेज में इनोवेशन की अपनी लीडरशिप को मजबूत करना है। स्मूथ लस्सी के साथ, पारले लस्सी को खुशी और सुख के नए स्तर पर ले जाता है। इसमें 50% दही है, जिससे यह बहुत गाढ़ी और मलाईदार बनती है, और यह एक स्वादिष्ट और संतोषजनक पीने का अनुभव देती है। स्मूथ लस्सी में क्लासिक लस्सी का स्वाद है, साथ ही एक हल्का गुलाब का स्वाद, जो इसे ताजा और आरामदायक बनाता है। यह आराम के समय के लिए एकदम सही ड्रिंक है - चाहे वह एक क्विक ब्रेकफास्ट हो, एक फैमिली गेदरिंग हो, मेहमानों को सर्व करना हो या बस ताजगी का अनुभव करना हो। स्मूथ लस्सी को जो और भी खास बनाता है वो है इसकी पैकेजिंग। पारले एग्रो देश की एकमात्र ऐसी कंपनी है जो 180 मिलीलीटर के लिए 20 रुपये की कॉम्पिटेटिव कीमत पर कटिंग-एज एसेप्टिक पीईटी पैकेजिंग में लस्सी उपलब्ध कराती है।

## ओलम्पिक 2024 में 25 भारतीय पदक विजेताओं को एमजी विंडसर के साथ किया गया सम्मानित




**नई दिल्ली।** ओलम्पिक 2024 में भारतीय दल ने एक सम्मानजनक उपलब्धि हासिल करने में अदम्य साहस दिखाया और भविष्य के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी इस कड़ी मेहनत और सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के प्रयासों का सम्मान करने के लिए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने इन स्पोर्ट स्टार्स को नई एमजी विंडसर, जो भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी है, और जिसने भारतीय पैसेंजर इलेक्ट्रिक कार बाजार में एक बड़ी हलचल मचाई है, देकर सम्मानित किया है। भारत के ओलम्पिक पदक विजेताओं ने भाला फेंक, पिस्टल और राइफल शूटिंग, कुश्ती और हॉकी जैसे विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लिया और पदक जीते। इन प्रतिष्ठित ओलम्पियनों को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें उनकी नई एमजी विंडसर की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के डायरेक्टर पार्थ जिंदल, जेएसडब्लयू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिट्स राजीव छाबा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर बीजू बालेंदरन, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ ग्रोथ ऑफिसर गौरव गुप्ता, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर सतिंदर सिंह बाजवा और देशभर से आए एमजी के डीलर पार्टनर शामिल थे।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश में 32 नए शैक्षणिक केंद्रों के साथ करेगा शिक्षा का विस्तार

**लखनऊ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और राज्य के 22 अतिरिक्त नए शहरों तक अपनी पहुँच का विस्तार करने की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इनमें से 2 केंद्र क्लासरूम सेंटर के रूप में काम करेंगे, 20 आकाश लर्निंग सेंटर के रूप में काम करेंगे और 10 मौजूदा शहरों में सैटेलाइट सेंटर के रूप में काम करेंगे। इस विस्तार के साथ, आकाश अब अपने 66 केंद्रों के साथ उत्तर प्रदेश के 46 शहरों में छात्रों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। क्लासरूम सेंटर आज़मगढ़ और बड़ौत में खुलेंगे, जबकि आकाश लर्निंग सेंटर मऊ, जौनपुर, बलिया, सुल्तानपुर, बाराबंकी, ग़ाज़ीपुर, शाहजहाँपुर, देवरिया, मिर्ज़ापुर, बस्ती, कुशी नगर, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, हरदोई, गोंडा, बहराईच, बांदा, बिजनौर और मैनपुरी में स्थित होंगे।

आज प्रेसवार्ता करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड




(एईएसएल) के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने कहा हम उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और 22 नए शहरों में विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह हमारी नीति का हिस्सा है, जिसके तहत हम छोटे शहरों में रहने वाले छात्रों तक पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें हमेशा आकाश जैसे ब्रांड से विशेषज्ञ मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ये केंद्र न केवल छात्रों के सामने आने वाली पहुँच की समस्या का समाधान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने गृहनगर में बैठे-बैठे आकाश की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे, साथ ही स्थानांतरण के मामले में काफी लागत भी बचाएंगे। आकाश केंद्र उन्हें अपने स्वयं के स्कूल जाने, माता-पिता के प्यार, देखभाल और स्नेह के तहत अपने घर के आराम में रहने और अपने आस-पास अध्ययन करने का लाभ देंगे, जिससे कीमती समय, ऊर्जा और धन की बचत होती है।

10 सैटेलाइट सेंटर सिगरा, वाराणसी; मेडिकल रोड और तारामंडल, गोरखपुर; किदवई नगर, कानपुर और राजाजी पुरम, जानकी पुरम और इंदिरा नगर, लखनऊ; आगरा; प्रयागराज और मेरठ में स्थापित किए जाएंगे। सभी नए केंद्रों के अगले शैक्षणिक वर्ष से पहले चालू होने की उम्मीद है। विस्तार योजना का अनावरण आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल, रीजनल डायरेक्टर डॉ. ए.एच.आर. राव और डिप्टी रीजनल डायरेक्टर श्री डी.के. मिश्रा की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर कई फ्रैंचाइज़ी पार्टनर्स भी मौजूद रहे, जो प्रस्तावित स्थानों पर नए केंद्र स्थापित कर रहे हैं।

## विश्व सीओपीडी दिवस 2024: बीमारी का पता शुरू में ही लगाने और उसके प्रबंधन के लिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को समझना

breathe free
A Cipla INITIATIVE

**लखनऊ।** विश्व सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़) दिवस 2024 के भाग के रूप में, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम, अपने लंग फंक्शन को जानें÷ के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर-संचारी रोग (एनसीडी) का हिस्सा 74% है। सीओपीडी जैसी सांस की क्रोनिक बीमारी (सीआरडी) स्वास्थ्य परिणामों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, खासकर भारत में। सीओपीडी सबसे प्रचलित लेकिन कम पहचानी जाने वाली सांस संबंधी स्थिति है, जो लगभग 55 मिलियन भारतीयों को प्रभावित करती है और ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिजीज़ स्टडी 2019 के अनुसार देश में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है फेफड़े के कार्य के परीक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. बी. पी. सिंह, रेस्पिरेटरी, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन के स्पेशलिस्ट, लखनऊ ने कहा, सीओपीडी जैसी क्रोनिक श्वसन बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए बीमारी का शुरू में ही पता चल जाना और उपचार शुरू होना महत्वपूर्ण हैं।

## लुईस फिलिप ने शादियों के इस सीजन के लिये लखनऊ मे पेश किया "रॉयल वेंडिंग ट्रेज़र्स"



**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रतिष्ठित मेन्सवियर ब्रैंड लुईस फिलिप ने अपनी नई रॉयल वेडिंग ट्रेजर्स कलेक्शन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कलेक्शन आज के आधुनिक दूल्हे के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो पारंपरिकता को सम्मान देते हुए समकालीन स्टाइल को अपनाना चाहता है। यह कलेक्शन ब्रैंड की अद्वितीय कारीगरी और खूबसूरती को प्रदर्शित करता है, जो निश्चित रूप से दूल्हे के आत्मविश्वास और आकर्षण को शादी के खास दिन पर और बढ़ाएगा। लुईस फिलिप का खास 'रॉयल वेडिंग ट्रेज़र्स' कलेक्शन परंपरागत विवाह समारोहों की भव्यता एवं सांस्कृतिक समृद्धि को दिखाता है। इसमें डिजाइन के आधुनिक तत्वों को भी बड़ी ही आसानी से शामिल किया गया है। हर पीस एक सुंदर आर्ट वर्क प्रस्तुत करता है और इन्हें वेलवेट जैसे प्रीमियम फैब्रिक्स से कुशलतापूर्वक बनाया गया है। साथ ही खूबसूरत जड़ाई का काम भी इसमें हुआ है। बंदगले पर महीन एम्ब्रॉयडरी और सीक्विन्स का काम किया गया है, जोकि रॉयल मोटिफ्स से प्रेरित है।

## रे-बैन पेश करते हैं ट्रांज़िशन्स द्वारा पावर्ड चेंज



**नई दिल्ली।** ट्रांज़िशन्स द्वारा पावर्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम रे-बैन0 चेंज का लॉन्च किया है। रे-बेन चेंज रोशनी के अनुसार आपके स्टाइल में शानदार बदलाव लाता है। यह फ्रेम यूवी लाईट के संपर्क में आने पर अपने रंग को बदल लेता है और इस तरह इंडोर और आउटडोर में आपका लुक भी पूरी तरह से बदल जाता है।आपके साथ बदलने के लिए तैयार किया गया रे-बैन चेंज ओरिजिनल वेफेरर और वेफेरर0 ओवल की तरह अपने अनूठे पिगमेन्ट्स के साथ बेजोड़ ऑप्टिकल स्टाइल देता है।''रे-बैन निरंतर सीमाओं को पार करते हुए नए ट्रैंड्ज़ लाता रहा है और अपने डिज़ाइन में इनोवेशन को प्राथमिकता देता रहा है। ट्रांज़िशन्स की पावर और इसकी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ब्राण्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम- रे-बैन चेंज के माध्यम से आईवियर का नया अनुभव लेकर आया है।'' फेडेरिको बुफ़ा, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, एस्सिलोर लक्ज़ोटिका ने कहा। ''हम लैंसेज़ में लीडर, ट्रांज़िशन्स और फ्रेम्स में लीडर रे-बैन को एक डायनामिक प्रोडक्ट के रूप में लेकर आए हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने फंक्शनल आईवियर को फैशनेबल बनाने का मौका देता है।''सबसे आइकोनिक फ्रेम को मल्टीकलर्ड मेकओवर दिया गया है जो घर के भीतर पारदर्शी कलर से शुरू होकर धूमप में आने पर खूबसूरत रंग में बदल जाता है। रे-बैन चेंज (केवल फ्रेम) में उपलब्ध; रे-बैन चेंज ट्रांज़िशन्स0 (फ्रेम और लैंस) और रे-बैन ऑप्टिक्स चेंज (सभी ऑप्टिकल ज़रूरतों के लिए)।रे-बैन चेंज कलेक्शन रु 12,490/- की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है।

# पेड्रो पास्कल का 'ग्लैडिएटर द्धद्ध' के महान निर्देशक के साथ काम करने का सपना पूरा हुआ

पेड्रो पास्कल कई दमदार भूमिकायें निभाने के लिए मशहूर हैं और अब उन्हें बेहद चर्चित फिल्म निर्देशक रिडली स्कॉट के साथ काम करने का मौका मिला है। यह उनके लिए एक किसी सपने के सच होने जैसा है। पास्कल मुश्किल से मुश्किल किरदार में भी इमोशनल टच लाने में माहिर हैं और इस बार वह ग्लैडिएटर द्धद्ध में एकैशियस का किरदार निभा रहे हैं। यह किरदार काफी जटिल है और इसके मन में बहुत सारी उलझनें हैं। पास्कल अपनी अदाकारी से इस किरदार को बहुत ही खूबसूरती से पेश कर रहे हैं। पास्कल को ग्लैडिएटर फिल्म बहुत पसंद है और वह इस फिल्म के सीक्वल में काम करके खुश हैं। वे इस फिल्म में एक नई जान फूंकना चाहते हैं। ग्लैडिएटर की दुनिया में कदम रखने के बारे में पास्कल ने कहा-

पास्कल कहते हैं कि 'ग्लैडिएटर' जब पहली बार रिलीज हुई थी तब



उन्होंने इसे कई बार देखा था। उस निर्देशक के साथ काम करना उनके लिये एक सपने के सच होने जैसा है, जिसकी फिल्मों को वह देखते हुए बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, '÷मैं हमेशा से रिडली स्कॉट की फिल्में देखता आया हूँ और उनसे बहुत प्रभावित हुआ हूँ। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं उनकी किसी फिल्म में काम करूंगा। इस फिल्म में मेरा किरदार एकैशियस रोमन सेना का नेता है, इसलिए आप उसे खलनायक समझ सकते हैं। लेकिन असल में वह बहुत अच्छा इंसान है क्योंकि उसे पहली फिल्म की पसंदीदा किरदार लुसिला से बहुत प्यार है। यह फिल्म हमें बार-बार हैरान करती रहती है।÷

इस फिल्म में अपने पसंदीदा किरदार के बारे में पास्कल ने बताया कि वह लुसिला ही है। उन्होंने आगे कहा, मेरे हिसाब से वह सबसे पेचीदा है और हमेशा सबसे ज्यादा स्मार्ट भी रही है। पुरुषों की दुनिया में बने रहने के लिये उसे अपने अस्तित्व को समझना पड़ा है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कार्तिक पूर्णिमा व देव दीपावली के अवसर पर शुक्रवार को भोर में बांसी नदी, छोटी गंडक व नारायणी के विभिन्न घाटों पर लोगों ने श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महिलाओं व बच्चों ने मेले में खरीदारी की। इस दौरान जगह-जगह पुलिस बूथ पर पुलिस चौकस दिखी। यूपी-बिहार सीमा पर स्थित बांसी धाम घाट पर हर साल की तरह इस साल भी रौनक रही।

ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर यूपी-बिहार प्रशासन सतर्क रहा। घाट पर भींड न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। बांसी चौकी की पुलिस की ओर से विशेष चौकसी बरती गई। महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ पीएसी के जवान भी तैनात किए गए थे। मेले में पूरी रात पुलिस गश्त करती रही। गुरुवार को देर शाम से ही बासी, पनियहवा, शिवा घाट व हेतिमपुर घाट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। रात में प्राचीन राम जानकी मंदिर और आसपास के भवनों में ठहरे लोगों ने भजन, कीर्तन किया। शुक्रवार को सुबह स्नान का क्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान किया। महंत ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैद रही। बांसी मेले में बाहर से आए झूला, सर्कस, जादूगर आदि आकर्षण का केंद्र बने रहे। जिसमें खासकर बच्चों एवं युवाओं की अच्छी खासी भींड देखी गई। वहीं देर रात तक झूला के लिए लोगों का तांता लगा रहा। ऐतिहासिक बांसी मेले को लेकर स्थानीय बांसी पुलिस चौकी द्वारा विशेष चौकसी बरती गई थी। इस दौरान महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पीएसी के जवान भी भारी संख्या में मुस्तैद रहे।



बांसी नदी में स्नान करते श्रद्धालु



बंसी नदी में स्नान करने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

### बनारस से आए पुरोहितों ने की गंगा आरती

कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार की शाम को बांसी घाट पर गंगा आरती हुई। बनारस से पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती की।।

### बांसी-नारायणी के संगम स्थल पर लगा मेला

सेवरही में बांसी नदी के शिवा घाट व पिपरा घाट में बांसी व नारायणी नदी के संगम स्थल पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके अलावा पांडेय पट्टी, गौरी घाट, बिरवट व अहिरौली दान में भी लोगों ने स्नान और दान किया। बांसी घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा आरती की, घाटों पर मेला जैसा माहौल रहा। नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुकम्मल इंतजाम कराया गया था। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### सौ काशी एक बांसी

ऐसी मान्यता है कि काशी में अपने जीवन के अंतिम दिन बिताने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यहां नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पापो का नाश होकर पुण्य का भागीदार होता, लेकिन यूपी-बिहार की सीमा में बहने वाली बांसी नदी के विषय मे ऐसी मान्यता है ÷सौ काशी एक बासी÷ मतलब बासी नदी में एक बार डुबकी लगाने से काशी में सौ बार स्नान-ध्यान करने के बराबर पुण्य मिलता है। आदिकाल से चली आ रही इस मान्यता को मानते हुए कई राज्यों से श्रद्धालु कुशीनगर व बिहार बॉर्डर पर स्थित बांसी नदी तट पर आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में लोग बांसी नदी में स्नान कर पुण्य के भागीदार बनते है। बांसी का यह क्षेत्र भगवान राम और उनसे जुड़े स्मरण विभिन्न समय, काल और स्थान से जुड़ा है।

### घाटों पर लगा रहा श्रद्धालुओं का रेला



**ऊंचाहार, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित मेले में लगभग लाखों लोगों ने लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और घाटों पर मौजूद तीर्थ पुरोहित को दान दक्षिणा देकर के मेले का लुफ्त आनंद उठाया। मेले में नसीराबाद, जायस, लालगंज, प्रतापगढ और क्षेत्र से आए लोगों ने घरेलू वस्तुओ की खरीदारी की तो वहीं लोगों ने जलेबी की दुकानों पर भीड दिखाई। चारों तरफ घाटों पर पुलिस और राजस्व की टीम गोताखोरों के साथ नौका पर दिखाई पडे और मेला के व्यवस्था के लिए पुलिस मेले में कोतवाली कैंप कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील जनता से करती रही। लोगों ने मेले में लगे झूला का मजा लिया। मेले में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं मेले का मजा लिया और आनंद लिया। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया की मेले में आए लोगों के लिए रोशनी, शौचालय, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था की गई थी वही इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि संपूर्ण मेले में सुरक्षा व्यवस्था के कडे इंतजाम किए गए थे।

## श्री गुरूनानक देव ने संसार को पढ़ाया मानवता का पाठ

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है श्री गुरु नानक देव जी ने संसार को मानवता का पाठ पढ़ाया। उक्त वक्तव्य बाबा मनोहर सिंह ने साहिब श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए दिए।

नगर के चाणक्यपुरी मोहल्ले में शुक्रवार को गुरुपर्व पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री गुरु गोबिंद सिंह लंगर आयोजन समिति के तत्वावधान में सुबह श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के भोग पड़े।आरती और अरदास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंजाब के मोगा से पधारे बाबा मनोहर सिंह ने प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उनके उपदेश बताए। उन्होंने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी ने बताया है कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। बगैर किसी भेदभाव के दीन दुखियों की सेवा करना चाहिए। सभी उसी परम पिता की संतान हैं।भूखे को भोजन कराना हमारा परम कर्तव्य है। उनके जीवन वृतांत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। डॉ अर्जुन पांडे ने कहा की श्री गुरु नानक देव जी ने प्राणियों को शिक्षा दी कि ईश्वर एक है पाखंड और आडंबर से दूर रहने की नसीहत दी।संत कबीर को सबसे बड़ा चिंतक बताते हुए एक मुक्तक पढ़ा गुरू की बगिया में प्रकाश ही प्रकाश है। संजीव भारती ने आयोजन समिति के कार्यों पर प्रकाश डाला। अम्बरीष मिश्र ने श्री गुरु नानकदेव जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरा संसार उनकी ज्ञान ज्योति से प्रकाशित हुआ है वे किसी धर्म और संप्रदाय की सीमा से परे होकर प्राणियों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा हैं। पूरा संसार आज उनका प्रकाश पर्व मन रहा है।

## पेड़ से लटककर अधेड़ व्यक्ति ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर धुस निवासी एक अधेड़ वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। पेड़ से लटकते शव देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर धुस निवासी रामप्रवेश पुत्र जयप्रकाश कनौजिया उम्र करीब 40 वर्ष गांव के सटे नरायनपुर सिवान में एक ड्रेन नाला के पास फांसी लगाकर पेड़ से लटक गया। शुक्रवार को पेड़ से लटकते शव को देख ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। मौके से पहुंचे हाटा कोतवाल ने शव को उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टि मृतक व्यक्ति शराब का आदी था। शरीर पर कही चोट के निशान नहीं है। पत्नी और बच्चे अलग रहते हैं। अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बात मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह ने बताया कि प्रकरण में सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।



शराब का आदी था व्यक्ति, पत्नी और बच्चे रहते है अलग

## निर्धारित शुल्क से ज्यादा नहीं देने पर मेडिकल के छात्र को किया फेल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के एक प्राइवेट मेडिकल इंस्टीट्यूट पर बोर्ड द्वारा निर्धारित फीस से अधिक फीस नहीं देने पर डी फार्मा के छात्र को फेल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पूरे प्रदेश में एक मात्र ऐसा परीक्षार्थी है जिसे प्रेक्टिकल में फेल कर दिया गया है। अब पीड़ित छात्र जिलाधिकारी कुशीनगर, संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा वाराणसी, संयुक्त निदेशक बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन लखनऊ सहित सभी सक्षम अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच एवं अपने साथ संस्था द्वारा की गई अन्याय के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

देश की शिक्षा निजी हाथों के मकड़ जाल में इस कदर जकड़ हुआ है कि गरीब के होनहार बच्चों को उच्च शिक्षा सुलभ नही हो पा रही है। सीमावर्ती बिहार के जिगना मिश्र, गोपालगंज निवासी आदर्श कुमार ने बताया है कि वह कुशीनगर के हरपुर बेलही स्थित जेके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में डी फार्मा के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लिया तथा बोर्ड कर द्वारा निर्धारित 45250 रुपए जमा कर दिया। सीजनल परीक्षा में संस्था द्वारा बार बार एक लाख रुपए की मांग की जाने लगी। नहीं देने पर फेल कर देने की धमकी दी जाती रही। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण संस्थान द्वारा मांगी गई अतिरिक्त फीस नहीं देने पर संस्था ने प्रैक्टिकल में कम नंबर देकर फेल कर दिया। आदर्श कुमार प्रदेश के एक मात्र व्यक्ति है जो लिखित परीक्षा में बेहतर अंक पाने के बावजूद फेल कर दिए गए हैं। आदर्श कुमार का कहना है कि उसकी प्रतिभा को देखते हुए आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद पिता ने किसी तरह फीस की व्यवस्था कर उसे आगे की पढ़ाई जारी रखने का प्रयास किया था। लेकिन पूंजीवाद के हाथों का खिलौना बन चुके शिक्षा व्यवस्था में गरीबों को उच्च शिक्षा पाना मुश्किल लग रहा है।



जेके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस हरपुर बेलही का छात्र ने लगाया आरोप

## कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख के ऊपर लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा किया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको संबंधित विभाग को हैंड ओवर कर दिया जाए।

## चौकी के सामने खड़े ट्रक से बाईक सवार युवक भिड़े, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज रायबरेली।** कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने डलमऊ जा रहे मोटरसाईकिल सवार बहाई गांव के सामने सड़क पर खड़े ट्रक से जा भिड़े जिसमें बाईक सवार दो युवको की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बीती रात करीब 12 बजे का है। बहाई पुलिस चौकी के ठीक सामने हुए इस हादसे के लिये नागरिको ने पुलिस को दोषी ठहराया है।

जानकारी के अनुसार हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पैडेपुर गांव निवासी सुमित लोधी पुत्र रामू अपने दो साथियों अंतिम पुत्र हरचंद व सुशील पुत्र सुंदर के साथ गंगा स्नान के लिये डलमऊ जा रहा था। तभी सड़क के किनारे खड़े ट्रक से मोटर साईकिल सवार युवक जा भिड़े। घटना में अंतिम(18) व सुशील(22) की मौक पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सुमित(25) गंभीर रूप से घायल है। इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां सुमित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शवो को पोस्टमार्टम के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया है। गंगा स्नान को लेकर एक ओर जिला पुलिस प्रशासन भारी वाहनो का गंगा तटीय मार्गवर्ती इलाको से गुजरने पर रोक लगाकर यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद करने का दावा कर रहा था वही भारी वाहन रास्तो और ढाबो पर मार्ग के किनारे ही खड़े थे जिससे स्नानार्थियो को जान को हथेली में लेकर गंगा तटो पर पहुंचना पड़ा। पुलिस चौकी के ठीक सामने यह ट्रक मार्ग पर ही खड़ा था। जिसकी पुलिस ने पूरी तरह से अनदेखी की। फलस्वरूप दोनो युवको को अपनी जान देकर पुलिस की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा।



एसपी के निर्देशो के बावजूद दोनो युवको को चौकी पुलिस की लापरवाही का भुगतना पड़ा खामियाजा

### तहसीलदार सदर ने ज्ञापन लेकर धरना समाप्त कराया

**देवरिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिती के मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल के अगुआई में मेडिकल कालेज देवरिया में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार अठवा दिन धरना दिया। और तहसीलदार नायब को 13 सूत्री मांग पत्र सौंप कर नेताओं ने प्रशाशन को चेतवानी देकर कहा कि अगर हमारी मांगों पर 15 दिनों के अंदर विचार नही किया गया तो। हम लोग सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। मंडल उपाध्यक्ष अभय प्रताप शुक्ल ने कहा कि। देवरिया मेडिकल कालेज के प्राचार्य भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और शासन इनकी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने मे लगी है। इससे साफ जाहिर होता है की प्रदेश सरकार को जन समस्याओं से कोई भी लेना देना नहीं है सरकार केवल गुंडा माफिया, और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। शुक्ल ने कहा कि छात्र नेता प्राचार्य को पद मुक्त करने करने की लड़ाई लड़ रहे हैं और प्रदेश सरकार ने प्राचार्य का कार्यकाल बढ़ाकर यह जाहिर कर दिया की सरकार की नीति, आरोपियों के मनोबल को बढ़ाने की है।

### मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास

**रामकोला, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** रामकोला थाना क्षेत्र में एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हैवानियत का मामला प्रकाश में आया है। बगल के रहने वाले युवक ने बच्ची को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस संबंध में पीड़ित परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। रामकोला थाने में तहरीर देकर पीड़ित व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि गुरुवार की शाम चार बजे घर के बगल में मेरी 5 साल की बच्ची खेल रही थी कि उक्त घर का एक युवक जो मेरी मासूम बच्ची को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची रोते हुए घर आई तो उसके गुप्तांग से खून गिर रहा था। परिजन यह सब देश बदहवास हो गए और बच्ची से पूछने लगे बच्ची ने रोते हुए बगल के रहने वाले युवक की तरफ इशारा कर रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामकोला ने बताया कि तहरीर मिली है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। आरोपी युवक को पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई है।

### महुअवा खुर्द समिति में क्रय केंद्र बनाने की मांग

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड कप्तानगंज के महुआ खुर्द साधन सहकारी समिति को क्रय केंद्र नहीं बनाया गया है। जिससे गांव के किसानों को अपना धान बेचने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष गोरख सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर समिति को क्रय केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। पारित प्रस्ताव डिप्टी आरएमओ कुशीनगर नरेन्द्र तिवारी को भेजा है। प्रस्ताव की कॉपी कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे को देकर महुअवां में क्रय केंद्र बनाने का अनुरोध किया गया है। किसानों तथा समिति की मांग पर सांसद विजय कुमार दूबे ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर महुआ खुर्द में संचालित समिति को धान क्रय केंद्र बनाए जाने का निर्देश दिया है डिप्टी आरएमओ नरेन्द्र तिवारी ने बताया जनपद में 12 अतिरिक्त क्रय केन्द्र बनाया जाना है जिसके लिए एजेंसियों से प्रस्ताव मांगा गया है। प्रस्ताव आते ही वंचित समितियों को क्रय केन्द्र बना दिया जायेगा।

### छप्पर में लगी आग, पांच हजार रुपए का नुकसान



**महराजगंज (रायबरेली) अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के रानी का पुरवा मजरे मुरैनी गांव में तीन बजे के आस पास अज्ञात कारणों से घर पर रखे छप्पर में आग लग गई तेज धुआं और शोर शराबा पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया।गांव निवासी राम शंकर पुत्र घिरऊ के यहां छप्पर में उस वक्त आग लग गई जब वह खेतों में काम कर रहा था।धुआं का गुबार देख बडी तादाद में पहुंचे लोगों द्वारा किसी तरह-आग पर काबू पाया गया छप्पर के नीचे पंद्रह बोरी धान एक बोरी चावल पांच बोरी गेहूं भी रखा हुआ था जिसे ग्रामीणों द्वारा किसी तरह बाहर निकाला गया इस दौरान करीब पांच हजार रुपए का नुकसान हुआ है, लेखपाल रणविजय सिंह ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

### तालाब को भू माफियाओं ने पाटा, नालियां हुईं चोक

**महराजगंज (रायबरेली) अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव अतरेहटा में तालाब पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर पाट लिए जाने के बाद गांव की नालियों का पानी तालाब में जाना अब बंद हो गया है, अब नालियों का पानी सडक पर भरा हुआ है, गंदे पानी से निकलने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार है, ब्लाक स्तर से भी जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। वहीं गांव के लोग मार्ग से निकल नहीं पा रहे हैं, मार्ग पर घुटनों तक नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे तेज दुर्गंध भी आती है, आस पास के लोगो को रहने में दिक्कते आ रही है और लोग बीमार हो सकते हैं, विदित हो कि भू माफियाओं द्वारा तालाब को पाटते समय ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया था लेकिन सेटिंग गेटिंग के माध्यम से मामले को दबा दिया गया।



## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** जहां पूरे राष्ट्र में कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा स्नान के लिए उमड़ती है वही देवरिया जनपद के पूर्वी छोर पर प्रवाहित नारायणी नदी के मझौली राज्य से प्यासी घाट पर यह लोक मान्यता प्रचलित है कि 100 काशी ना एक प्यासी इसी क्रम में आज प्यासी घाट के तट पर आस्था का जन सैलाब उमर पड़ा इस अवसर पर प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा, नगर पंचायत मझौली राज की तरफ की तरफ से नगर पंचायत अध्यक्ष बिंदु मल्ल के द्वारा महिलाओं के स्नान के उपरांत कपड़ा बदलने के लिए व्यवस्था की गई थी और घाट की साफ सफाई पेयजल की व्यवस्था देखने को मिला।

सनातन धर्म में कार्तिक माह और पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह में गंगा स्नान और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व होता है। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का पुण्य फल प्राप्त होता है। इस दिन दीप-दान और मां लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा करने पर शुभ फलों की प्राप्ति में वृद्धि होती है। कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार हुआ था, मत्स्य अवतार को भगवान विष्णु के दस अवतारों में पहला अवतार माना जाता है।

कार्तिक पूर्णिमा का सिख धर्म में भी विशेष महत्व है क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। सिख धर्म में इसे गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा-पाठ और लंगर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा ऐसी भी धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्मा जी का अवतरण पुष्कर के पवित्र नदी में हुआ था। इस कारण हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों लोग पुष्कर नदी में स्नान, पूजा-पाठ और दीपदान करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व बताया गया है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का फल मिलता है।

### प्रशासनिक व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं में लगातार हो रही कमी: दिव्यानंद जी महाराज

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** डलमऊ के कार्तिक पूर्णिमा मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों में गंगा स्नान किया पूजा अर्चना की एवं अपने तीर्थ पुरोहितों को दान भी किया आई हुई महिलाओं ने मेले में खरीदारी की वही बच्चों ने लगे हुए झूले का भी आनंद लिया व्यवस्था को लेकर मेला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन एक दिन पूर्व से ही सतर्क रहा एडीएम प्रशासन ने भी मेला पहुंचकर जानकारी ली है। शुक्रवार को डलमऊ के किला घाट सडक घाट वीआईपी घाट रानी शिवाला घाट पटवारी घाट दीन शाह गौरा घाट, बडा मठ,छोटा मठ घाट श्मशान घाट एवं तराई घाट सहित लगभग 16 स्नान घाटों पर सुबह भोर से ही गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया एक दिन पूर्व से ही घाटों के किनारे रायबरेली जनपद के अतिरिक्त बाराबंकी व अन्य दूर दराज से आए श्रद्धालु डटे रहे और सुबह से ही हर-हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा नदी में डुबकी लगाई बडी संख्या में श्रद्धालुओं को लेकर नगर पंचायत व मेला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की गई थी। डलमऊ के राजकीय मेला व कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व से तैयारी की जा रही थी नाव नाविक गोताखोर, प्रकाश ,शौचालय एवं साफसफाई की व्यवस्था के लिए बडी संख्या में कर्मचारी लगाए गए थे लेकिन सुबह स्नान शुरू होने के कुछ ही घंटे बाद सफाई व्यवस्था धडाम हो गई घाटों की सफाई के लिए लगाए गए कर्मचारी मौके से नदारद दिखे जबकि घाटों पर चारों तरफ गंदगी जमा हो गई। डलमऊ स्थित बडा मठ में सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा डाल दिया जहां पर चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया एक दिन पूर्व से ही बडी संख्या में श्रद्धालु मठ में रुके हुए थे जो पूर्णिमा के दिन तक लगभग 25000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया बडा मठ के स्वामी दिव्यानंद जी ने बताया कि इस बार मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी देखी गई है जिसका जिम्मेदार उन्होंने प्रशासन को ठहराया है दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि इस बार लगभग डेढ लाख श्रद्धालु ही गंगा स्नान करने के लिए आए हैं जो पिछले वर्षों में यह संख्या काफी अधिक रहती थी जबकि उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि लगभग 3 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।



## चैतन्या टेक्नो विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टूंडला।** चैतन्या टेक्नो विद्यालय में विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बीएस राव की याद में यह आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एग्जीक्यूटिव एजीएम विक्रम रेड्डी और मुख्य अतिथि के रूप में दलबीर सिंह यादव माँ दुर्गा टेड्रर्स, अर्बन ठेका ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के एजीएम वामसी कृष्णा, प्रधानाचार्या शिव नागरानी, आरआई कपिल सक्सेना उपस्थित थे। एग्जीक्यूटिव एजीएम सर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है, और खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, स्केटिंग, टेबल टेनिस जैसे खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों में जोश दिखाई दिया सभी ने खेल की भावना से खेल खेला। इस आयोजन में केवल विद्यार्थियों को अपने हुनर दिखाने का मौका दिया बल्कि उन्हें आपसी भाईचारे और प्रतिस्पर्धा की भावना को भी विकसित किया गया।

# जिले में मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बहराइच बना ओवरऑल चैंपियन**

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुआ जिसमें बहराइच ओवरऑल चैंपियन बना कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय तथा विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष सिंह ने किया। इस दौरान जिला व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पाल ने बताया कि 14 व 15 नवंबर को मंडल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया। जिसमें सभी बच्चों के सामूहिक प्रयास एवं उनके शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बहराइच ओवरऑल चैंपियन बना। फखरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सराय काजी के बच्चों ने उद्घाटन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया एवं खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स खो-खो कबड्डी जूडो ताइक्वांडो आदि खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जनपद को मंडल चैंपियन बनने का गौरव दिलाया। फखरपुर के खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्राथमिक विद्यालय सरायकाजी के शिक्षक संजय यादव एवं विपिन सिंह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनका सहयोग देने के लिए शिक्षिका वंदना नेगी की भरपूर प्रशंसा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने सभी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा अरुण कुमार वर्मा राजकिशोर सहित,संजय यादव, चंद्रशेखर वर्मा, राजेश वर्मा, राहुल वर्मा, सुभाष प्रदीप एवं विपिन सिंह सहित सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

### तन और मन को संतुलित रखने में खेलना भी जरूरी: निशंक



**बहराइच।** जनपद के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई परिषदीय विद्यालयों की मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे युवा भाजपा नेता पयागपुर विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह और शिक्षा विभाग का हाथों को जोड़कर नमन करके आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस तरह के आयोजनों से मन को शांति के साथ साथ बचपन के वो दिन याद आ जाते हैं जो बीत गए शिक्षा के साथ साथ आज खेल बहुत जरूरी होता है जो तन और मन दोनों को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज बच्चों ने जिस तरह की प्रतिभाएं दिखाई उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है आज हमारी सरकार की पहल के कारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चे कॉन्वेंट को बराबर की टक्कर दे रहे हैं।

### भाजपा ने खेलों को दिया है मुख्य प्लेटफार्म : बृजेश



**बहराइच।** जनपद के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई परिषदीय विद्यालयों की मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष बृजेश कुमार पाण्डेय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का विकास और मन को नई ऊर्जा मिलती है।आज देश और प्रदेश में खेलो को मुख्य प्लेटफार्म देने में भारतीय जनता पार्टी का विशेष योगदान रहा है। आज खेलो के माध्यम से छात्रों के साथ साथ युवा अपने और अपने परिवार के साथ जिले और देश का नाम रौशन करते हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के खेलो के आयोजन लगातार होने चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक विकास भी बेहतर बना रहे।

## श्रीमद भागवत कथा में चतुर्थ दिवस मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**धनपतगंज, सुल्तानपुर।** पत्रकार संतोष पाण्डेय के ग्रामीण आवास पूरे पंडित आचार्य में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास मधुर जी ने समुद्र मंथन, बलिवामन चरित्र ,और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का श्रावण कराया। बलिवामन चरित्र के अंतर्गत पूज्य महाराज जी ने बताया कि जीवन में ऐसा समय न आए कि आपको किसी से कुछ मांगना पड़े , क्योंकि किसी से कुछ मांगने के लिए आपको छोटा बनना पड़ेगा। भगवान स्वयं जब बलि के यहां तीन पग भूमि मांगने के लिए गये तो विराट स्वरूप में नहीं बल्कि वामन रुप। भगवान से हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि हम पर इतनी कृपा करें कि कभी किसी से कुछ मांगना न पड़े, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अंतर्गत महाराज जी ने बताया कि जब जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती हैं संत,ब्राह्मण, गौमाता, और देवताओ को संकट पड़ता हैं भगवान का अवतार होता हैं और भगवान अधर्म का नाश करके धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर के एन आई के प्राचार्य डॉ आलोक कुमार सिंह, कालिका प्रसाद तिवारी, राम दीन तिवारी, बबलू तिवारी, राय साहब करौंदिया, बलवंत सिंह प्रधान, दीपक सिंह प्रधान, संदीप सिंह, पुष्कर तिवारी, समीर मिश्र और पाण्डेय परिवार सहित हजारों कथा भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रिसिया-बहराइच।

पत्रांक- 589/ख0वि0अ0/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक : 12 नवम्बर, 2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत रिसिया में पंचम् राज्य वित्त/पन्द्रहवॉ वित्त आयोग/केंन्द्रांश की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो हेतु फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 02.12.2024 को समय 01-00 बजे अपरान्हं तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.12.2024 अपरान्हं 12-00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निर्धारित मूल्य पर नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 02.12.2024 को समय 01-00 बजे तक निविदा पेटिका में डाली जा सकती है। निविदायें उसी दिन दिनांक 02.12.2024 को अपरान्हं 04-00 बजे कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

### पंचम् वित्त/पन्द्रहवा वित्त(केन्द्रीय वित्त) आयोग योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करनिया में बद्री के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 500000.00 | 10000.00 | 500 | 6 माह |
| 2 | जमुनहॉ में बड़गावॉ मार्ग पर विदूब नाथ के खेत के पास आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0/ केन्द्रांश | 500000.00 | 10000.00 | 500 | 6 माह |
| 3 | पूरेअलस्तखॉ में बदुल्लापुरवा जाने वाले मार्ग पर हयूम पाईप पुलिया एवं रिटरनिंगवाल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 898600.00 | 17972.00 | 500 | 6 माह |
| 4 | विकास खण्ड परिसर में सोकपिट का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 248400.00 | 4968.00 | 500 | 6 माह |
| 5 | सखौली में मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 6 | मटेरा में गोविन्द मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 7 | गौराधनौली के निहाल पुरवा में गुरूद्वारा के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 8 | मदारागढ़ी में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 9 | पड़रीतारा में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 10 | हुसैनपुर मो0 पुर में प्रा0वि0/ पं0भवन/ मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 11 | खुदादभारी में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 12 | भदवारा में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 13 | महरथा में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 14 | महरू में प्रा0वि0/पं0भवन/मन्दिर के पास वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 15 | परसाखरगमन के बटूीपुरवा में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 16 | मझौव्वा मुझेहना के प्रा0वि0 में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 17 | भैसहा ग्राम में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 18 | मटेरा के ग्राम भौखारा में जगदम्बा देवी इण्टर कालेज में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 19 | ग्रा0पं0 भैंसाही में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत उत्तमापुर में वाटर कूलर एवं पशु पेयजल स्थल का निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 340500.00 | 6810.00 | 500 | 6 माह |
| 21 | मुकाम में बी0डी0सी0 के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 302300.00 | 6046.00 | 500 | 6 माह |
| 22 | डिहवा के मजरा बेलभरिया में श्याम बिहारी के मकान से ट्रान्सफार्मर की ओर नाली निर्माण। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 243600.00 | 4872.00 | 500 | 6 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत भैंसहा में नाली निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 450000.00 | 9000.00 | 500 | 6 माह |
| 24 | अचरौरा में शब्बीर के घर से सुन्दर के घर व सुन्दर के घर से मन्दिर की ओर दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 998900.00 | 19978.00 | 500 | 6 माह |
| 25 | तारा देवी जगदम्बा देवी इण्टर कालेज के तरफ इ0ला0 निर्माण। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 26 | गौंदौरा में गुड्ई के घर से प्रहलाद के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 862000.00 | 17240.00 | 500 | 6 माह |
| 27 | टपली के घर से जगदीश के बाग तक इण्टरलाकिंग निर्माण। | 15वॉ0वि0/केन्द्रांश | 762400.00 | 15248.00 | 500 | 6 माह |
| 28 | रायपुर में सामुदायिक शौचालय मार्ग के दोनों तरफ नाली निमार्ण कार्य। | 15वॉ0वि0 / केन्द्रांश | 572800.00 | 11456.00 | 500 | 6 माह |
| 29 | सियाराम के घर से राम समुझ के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 15वॉ0वि0/केन्द्रांश | 999900.00 | 19998.00 | 500 | 6 माह |
| 30 | नरसिंहडीहा में मिर्चिहा बाबा मन्दिर पर सोलर लाईट स्थापना। | पंचम् राज्य वित्त | 200000.00 | 4000.00 | 500 | 6 माह |
| 31 | रामसूरत के घर से रमेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 999600.00 | 19992.00 | 500 | 6 माह |
| 32 | थनईगॉव डामर रोड से चमारनपुरवा गॉव तक खड़जा निर्माण। | पंचम् राज्य वित्त | 996700.00 | 19934.00 | 500 | 6 माह |
| 33 | गिरधारी महरा के घर से बहबोलिया डामर रोड तक खड़जा निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 996700.00 | 19934.00 | 500 | 6 माह |
| 34 | खण्ड विकास अधिकारी आवास की रंगाई-पोटाई आदि कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 500000.00 | 10000.00 | 500 | 6 माह |
| 35 | ग्राम डिहवा में टाटा भट्ठा के पास मार्ग पर खड़जा निर्माण। | पंचम् राज्य वित्त | 165200.00 | 3304.00 | 500 | 6 माह |
| 36 | प्राइमरी स्कूल से बच्चा सिंह के खेत तक खड़जा मरम्मत कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 739000.00 | 14780.00 | 500 | 6 माह |
| 37 | पडरीतारा में राजेन्द्र त्रिपाठी के खेत से पप्पू महाराज के खेत तक खड़जा निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 708400.00 | 14168.00 | 500 | 6 माह |
| 38 | अचरौरा में मस्जिद से शब्बीर के बाग की तरफ इ0ला0 निर्माण। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 39 | शंकरपुर चौराहे पर श्रमिक स्थल पर इ0ला0 व नाला निर्माण। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 40 | भौखारा में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 41 | रघुनाथपुर मटेरा में डब्बू अग्रवाल के पास पुलिया व नाला निर्माण। | पंचम् राज्य वित्त | 300000.00 | 6000.00 | 500 | 6 माह |
| 42 | विकास खण्ड कार्यालय में 10 के0वी0ए0 सोलर पावर प्लाट आफग्रिड की स्थापना का कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 1672000.00 | 33440.00 | 1000 | 6 माह |
| 43 | कस्तूरबा गॉधी विद्यालय में 05 के0वी0ए0 सोलर पावर प्लाट आफग्रिड की स्थापना का कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 838600.00 | 16772.00 | 500 | 6 माह |
| 44 | डामर रोड से सतगूरू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 45 | राजाराम के घर से दुक्खू के घर तक वाया रोजन अली के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 862000.00 | 17240.00 | 500 | 6 माह |
| 46 | निबियां में प्यारे के घर से कालिका मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 47 | पक्की सड़क से सज्जन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 998900.00 | 19978.00 | 500 | 6 माह |
| 48 | सज्जन के घर से अरूण कुमार सिंह के घर की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 998900.00 | 19978.00 | 500 | 6 माह |
| 49 | पक्की सड़क से सुखदेव सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 997900.00 | 19958.00 | 500 | 6 माह |
| 50 | परसुपुर के मजरा भगवानपुर में हाजी जाहिद के घर से पक्की सड़क की ओर इ0लाकिंग निर्माण कार्य। (द्वितीय भाग) | पंचम् राज्य वित्त | 999800.00 | 19996.00 | 500 | 6 माह |
| 51 | पक्की सड़क से राजपति के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 996900.00 | 19938.00 | 500 | 6 माह |
| 52 | बहुद्वेशीय साधन सहकारी समिति विशुनापुर का जीर्णोद्वार कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 980000.00 | 19600.00 | 500 | 6 माह |
| 53 | भूलपुरवा में डामर रोड से गॉव के अन्दर तक इण्टरलाकिंग। | पंचम् राज्य वित्त | 999000.00 | 19980.00 | 500 | 6 माह |
| 54 | बहुद्वेशीय साधन सहकारी समिति खैरीडिकौली का जीर्णोद्वार कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 980000.00 | 19600.00 | 500 | 6 माह |
| 55 | क्षे0पं0 के अन्तर्गत ग्रा0 पं0 अचरौरा, उटघनियां, कमलाजोत एवं पटनाघुसियारी में विभिन्न स्थलों पर हाईमास्क लाईट स्थापना का कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 664000.00 | 13280.00 | 500 | 6 माह |
| 56 | क्षे0पं0 के अन्तर्गत ग्रा0 पं0 बलभद्दरपुर, मझौव्वामुझेहना, भैंसाही, बंगलाचक एवं बभनीसैदा में विभिन्न स्थलों पर हाईमास्क लाईट स्थापना का कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 664000.00 | 13280.00 | 500 | 6 माह |
| 57 | क्षे0पं0 के अन्तर्गत ग्रा0 पं0 शंकर, भौखारा, पड़रीतारा, अमवामौलवी, समोखन एवं सैदा में विभिन्न स्थलों पर हाईमास्क लाईट स्थापना का कार्य। | पंचम् राज्य वित्त | 664000.00 | 13280.00 | 500 | 6 माह |
| | योग :- | | 37702500.00 | 754050.00 | 29000.00 | |

**निवदिा की शर्ते :-**

1- प्रत्येक कार्य के लिए धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में ख0वि0अ0 रिसिया के नाम बंधक करते हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2- निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी तथा दरे प्रतिशत के आधार पर अंकित होगी।
4- उपरोक्त कार्यो में से कोई एक कार्य या सभी कार्य कराये जाने का अन्तिम निर्णय धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
5- शासकीय नियमों के अनुसार आयकर, जी0एस0टी0 एवं अन्य कटौती भुगतान के समय की जायेगी।
6- बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का आधार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7- निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य न पूर्ण कराने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8- कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर ठेकेदार के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जायेगी तथा बिल से कटौती कराने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
9- धनराशि की उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश निर्गत किया जायेगा।
10-कार्य के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी लेखाकार पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**रिसिया-बहराइच।**

# बिरसा मुण्डा की भाजपाइयों ने मनाई जन्म जयन्ती

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर भगवान बिरसा मुण्डा की जन्म जयन्ती भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गयी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 के दशक में एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सुगना पुर्ती (मुंडा) और माता का नाम करमी पुर्ती (मुंडा) था। साल्गा गाँव में प्रारंभिक पढ़ाई के बाद वे चाईबासा विद्यालय में पढ़ाई करने चले गए। बिरसा मुंडा को उनके पिता ने मिशनरी स्कूल में यह सोचकर भर्ती किया था कि वहाँ अच्छी पढ़ाई होगी लेकिन स्कूल में ईसाईयत के पाठ पर जोर दिया जाता था 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों ने कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को लगातार जल-जंगल-जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे। हालाँकि आदिवासी विद्रोह करते थें, लेकिन संख्या बल में कम होने एवं आधुनिक हथियारों की अनुपलब्धता के कारण उनके विद्रोह को कुछ ही दिनों में दबा दिया जाता था। यह सब देखकर बिरसा मुंडा विचलित हो गए, और अंततः 1895 में अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के ख़िलाफ़ लड़ाई के साथ-साथ जंगल-जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह मात्र विद्रोह नहीं था। यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। उन्होने कहा कि धीरे-धीरे बिरसा मुंडा का ध्यान मुंडा समुदाय की गरीबी की ओर गया। आदिवासियों का जीवन अभावों से भरा हुआ था। और इस स्थिति का फायदा मिशनरी उठाने लगे थे और आदिवासियों को ईसाईयत का पाठ पढ़ाते थे। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि गरीब आदिवासियों को यह कहकर बरगलाया जाता था कि तुम्हारे ऊपर जो गरीबी का प्रकोप है वो ईश्वर का है। हमारे साथ आओ हमें तुम्हें भात देंगे कपड़े भी देंगे। उस समय बीमारी को भी ईश्वरी प्रकोप से जोड़ा जाता था। 20 वर्ष के होते होते बिरसा मुंडा वैष्णव धर्म की ओर मुड़ गए जो आदिवासी किसी महामारी को दैवीय प्रकोप मानते थे उनको वे महामारी से बचने के उपाय समझाते और लोग बड़े ध्यान से उन्हें सुनते और उनकी बात मानते थें। आदिवासी हैजा, चेचक, साँप के काटने बाघ के खाए जाने को ईश्वर की मर्जी मानते, लेकिन बिरसा उन्हें सिखाते कि चेचक-हैजा से कैसे लड़ा जाता है। वो आदिवासियों को धर्म एवं संस्कृति से जुड़े रहने के लिए कहते और साथ ही साथ मिशनरियों के कुचक्र से बचने की सलाह भी देते। धीरे धीरे लोग बिरसा मुंडा की कही बातों पर विश्वास करने लगे और मिशनरी की बातों को नकारने लगे। बिरसा मुंडा आदिवासियों के भगवान हो गए और उन्हें धरती बाबा कहा जाने लगा। लेकिन आदिवासी पुनरुत्थान के नायक बिरसा मुंडा, अंग्रेजों के साथ साथ अब मिशनरियों की आँखों में भी खटकने लगे थे। अंग्रेजों एवं मिशनरियों को अपने मकसद में बिरसा मुंडा सबसे बड़े बाधक लगने लगे।

# प्रतिभाओं का सदैव सम्मान करना चाहिए : इंदु सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहा है, और समय-समय जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है, इसी श्रृंखला में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा दिनांक 13.11.2024 को 21 मेद्यावी बच्चों को छात्रवृत्ति वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा के करकमलों द्वारा आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज रेनुसागर के मेद्यावी छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान किया। दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदु सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रतिभाओं का सदैव सम्मान करना चाहिए और उन्हें आगे बढानें में सहयोग करना हमारा प्रमुख दायित्व है।उन्होंने मेद्यावी छात्र एवं छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि आप समय के महत्व को पहचानें और परिश्रम सें आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम की गाडी के बौनट पर बर्थडे पार्टी मनाने वालों पर हुयी कारवाई



**मौदहा हमीरपुर।** उपजिलाधिकारी के वाहन की फलैशर लाईट व हूटर चालू कर केक काटने का विडियो सोशल मीडिया मे वायरल हुआ जिस का संज्ञान लेते हुए अनाधिकृत रूप से फलैशर लाईट जलानें के पर दोषियों के विरुद्ध थाना मौदहा में सुसंगत धाराओ में ऐफ आई आर पंजीकृत करा दी गयी है तथा वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है जांच के बाद दोषीयो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उपजिलाधिकरी मौदहा द्वारा दी गयी।

### नौ दिवसीय रामकथा आज से, तैयारियां पूरी

**मौदहा हमीरपुर।** शनिवार से कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय बुंदेलखंड रामोत्सव महाकुंभ का शुभारंभ हो रहा है जिसमें श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।नौ दिवसीय रामकथा में काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणनंद तीर्थ जी महाराज कथा के माध्यम से भगवान राम की महिमा का गान करेंगे।जिसके चलते शुक्रवार को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी ने रामकथा आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में स्वामी जी स्वागत किया जाएगा जिसके बाद काफिले के साथ स्वामी जी गायत्री तपोभूमि स्थित आवास में 10 बजे पहुंचेंगे और 12 बजे शोभायात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे और 4 बजे श्री राम कथा का शुभारम्भ होगा।

### स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को कुचला



**बिवाँर (हमीरपुर)** बृहस्पतिवार देर शाम लगभग साढ़े सात बजे, उमरी के बाहर बिवांर-उमरी रोड़ पर स्कॉर्पियो गाड़ी बाइक सवार को रौंदते हुए उसकी बाइक पर चढ़ गई। दुर्घटना में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया।घटना स्थल पर मौजूद भीड़ में से कुछ लोगों ने घायल बाइक सवार की पहचान आदर्श (25) पुत्र ज्ञानसिंह निवासी ग्राम पुराजहान थाना मुस्करा बताई ,वहीं लोगों द्वारा स्कॉर्पियों निवादा गांव की बताई गई। बताया गया कि घायल युवक अपने बहनोई के धान मड़ाई करवा कर बिवाँर की ओर से उमरी गांव होते हुए पुराजहान ,अपने घर लौट रहा था और स्कॉर्पियो उमरी की ओर से बिवाँर की ओर जा रही थी उसी दौरान उमरी गांव के बाहर प्रजापतियों के डेरा के पास शमशान घाट के सामने यह दुर्घटना हुई।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियों चालक घायल युवक का इलाज करवाने ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस दुर्घटना के लगभग आधा घण्टे बाद निवादा गांव के पास दूसरी सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें बाइक सवार नीलू पुत्र मुन्ना कुशवाहा निवासी मझगवाँ ,रोड़ पर पड़ी गाय से टकराकर घायल हो गया।बताया वह भी अपनी बाइक से निवादा किसी काम से आया हुआ था ,जो नशे में भी समझ आ रहा था। बताया घायल को छानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### भैंसों को ठूंसकर ले जाते चार लोग गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** डीसीएम ट्रक में भूसे की तरह ठूंसकर भैंसों को महोबा से उन्नाव ले जाते समय पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हिंदू संगठनों की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने चारों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है और मवेशियों को सुरक्षित रखा गया है। गुरुवार को डीसीएम ट्रक (संख्या यूपी 78 के एन 6430) में 28 भैंसों को भूसे की तरह ठूंसकर महोबा से उन्नाव ले जाया जा रहा था। हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने हाईवे पर फैक्ट्री एरिया के पास डीसीएम ट्रक को रोक लिया। पुलिस ने ट्रक में सवार चालक राजा, निवासी कानपुर, और हेल्पर दिलशाद, इरशाद, और वसीम को मौके से गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। भैंसों को पुलिस चौकी में सुरक्षित रखा गया है।

### तेज रफ्तार आटो अनियंत्रित होकर पलटी, नौ घायल



**मौदहा हमीरपुर।** तेज़ रफ़्तार आटों पलटने से आधा दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मौदहा पहुंचाया गया जहां चार की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं आटो चालक मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के कपसा रोड स्थित उरदना गांव के समीप देशी शराब की दुकान के पास टिकरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो क्र90ज्ञ6478 अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार 9 सवारियां घायल हो गई, जिन्हें राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चार की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं आटों चालक मौका देखते ही रफूचक्कर हो गया। हादसे में घायल हुए सुपसना 14 वर्ष, शशि 17 वर्ष, पिंकी 19 वर्ष, दिव्या 17 वर्ष, चुन्नी 65 वर्ष, कौशल्या 50 वर्ष, आरती 40 वर्ष व शिव प्यारी 70 वर्ष घायल हो गए। जिनमें सुपसना, चुन्नी, कौशल्या व शिव प्यारी को गंभीर हालत में ज़िला अस्पताल के इलाज हेतु रेफर कर दिया। उक्त सभी घायल उर्दना व सिजवाही के निवासी बताए गए है।

### डीएवी विद्यालय में ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**सोनभद्र/बीजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में बाल दिवस के अवसर पर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहंदनगर परियोजना प्रमुख पंकज मेदिरत्ता एवं वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा अनीता मेदिरत्ता का स्वागत विद्यालय की छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चंदन लगाकर किया। तत्पश्चात प्राचार्य राजकुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि द्वय ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की लोककला चित्रण, पॉट डेकोरेशन, मेजर लैंडफार्म्स, चंद्रयान, नये संसद का मॉडल, अयोध्या का राम मंदिर, इंडस्ट्री के प्रकार, उपभोक्ता अधिकार, बैडमिंटन कोट, संगीत के वाद्ययंत्रों का मॉडल, विराम चिन्ह का मॉडल आदि के साथ अनेकानेक वर्किंग मॉडल एवं पेंटिंग्स का शानदार प्रदर्शन किया गया।

### भाजपा नगर मंडल की निर्वाचन कार्यशाला संपन्न

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर रोड स्थित मारकंडेश्वर गार्डन में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की निर्वाचन कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें नगर के 51 बूथों के गठन से लेकर मंडल अध्यक्ष तक के निर्वाचन का प्रशिक्षण दिया गया। बताया 15 नवम्बर से 30 नवंबर तक सभी बूथों का निर्वाचन संपन्न होना है। मंडल चुनाव अधिकारी सरस्वती शरण द्विवेदी, सह संयोजक मनीष गौतम, मंडल प्रभारी प्रमोद वर्मा, सदस्यता संयोजक पुरषोत्तम बुधौलिया, पूर्व विधायक अंबेश कुमारी, मुनीम बाबू अग्रवाल, शिवरतन विश्वकर्मा, सुनील नगायच, बृजेंद्र सोनी, केके बंटी, राकेश मिश्र सहित नौ शक्तिकेंद्र चुनाव अधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष सहित दर्जनों बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# खन्ता पिकनिक स्पाट का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



- खन्ता पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु निर्माण कार्य शीघ्र किया जाये प्रारम्भ : जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने खन्ता पिकनिक स्पाट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खन्ता पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु नामित यू.पी.पी.सी.एल. के कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु निर्माण कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये और निर्माण कार्य के त्वरित गति से पूर्ण किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पिकनिक स्पाट को विकसित करने हेतु भूमि सम्बन्धित जो भी समस्याएं हों, उसका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबन्धक से निर्माण कार्य की लागत व पिकनित स्पाट को विकसित करने हेतु बनाये गये स्टीमेट के सम्बन्ध में जानकारी ली, तो परियोजना प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि 498.12 लाख की लागत से पर्यटन स्थल को विकसित किया जायेगा।

## स्वयं की सुरक्षा के लिए किया जागरुक



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु महिला थाना प्रभारी सुश्री निर्मला द्वारा ग्राम रहीन में जाकर महिलाओं/ बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किये गए।

# प्रकाश उत्सव जयंती पर भजन कीर्तन करते हुए नगर में निकली शोभा यात्रा

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रावटसगंज में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव जयंती समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस दौरान गुरुद्वारा साहब को फूल माला झालर बत्ती से सजाया गया इसी क्रम में कई दिनों तक प्रभात फेरी भी निकल गई नगर में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद भाई- सुरजनत सिंह वह दया सिंह द्वारा भजन कीर्तन का गायन किया गया। इसके बाद जालंधर से आए रागी जाता भाई सतनाम सिंह व उनके साथियों द्वारा शबद कीर्तन कथा का गायन किया गया तत्पश्चात सरदार जसवीर सिंह ने गुरु नानक देव जी के बारे में बताया गुरु साहब का जन्म सन 1469 मैं तलवंडी नामक स्थान में हुआ था बाद में इनका नाम ननकाना साहब हो गया यह स्थान वर्तमान में पाकिस्तान में है इस समय समाज में नैतिकता गिर चुकी थी अंधविश्वास छुआछूत पूर्ण व्यवस्था उच्च नीच में समाज भरा हुआ था सब कर्म ने विदेशी आक्रमण कार्यो को आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने भारत पर आक्रमण करके गुलाम बना लिया भारत की स्वतंत्रता समाप्त हो गई हम सदियों तक पराधीन रहे वह इसके कारण हमारी सोच मानसिकता स्थानी रूप से गुलाम हो गई हमारा आत्म विश्लेषण व स्वाभिमान जैसे गुण कहीं खो गया इसको दूर करने के लिए गुरु साहिब ने पंगत व संगत की प्रथा चलाई जिससे छुए छू दूर हो वह बराबरी का बोध हो समाज में नारी को सम्मान देने की बात की अपनी कमाई का दसवां हिस्सा समाज में भलाई का आकार करने के लिए खर्च करने को कहा श्री गुरु नानक देव जी ने अपनी बात ना उपदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगभग 14 वर्षो तक पैदल ही एशिया महाद्वीप की यात्राएं भी की गुरु जी ने अपने कार्यो को ईमानदारी से करने के लिए कहा तथा किसी का हक न करने की बात करी दुनिया में सभी जीव बराबर हैं उनका रचयिता एक है अतः कोई बुरा या भला कैसे हो सकता है अवल अल्लाह नूर उपाया कुदरत दे सब बंदे एक नूर ते सब जग उपजियां कौन भले कौन मंदे तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति हुई वह प्रसाद वितरण हुआ।

# पूरा गुरुद्वारा बोले सो निहाल के नारों से गुंजायमान हो गया

**वहाज अली निहाल**



- सर्वधर्म सद्भाव के अग्रदूत गुरूनानक देव जी का प्रकाशोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया
- सतगुरू नानक प्रगट्या, मिटी धुंध, जग चानन होआ

**इटावा।** गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में हिन्दुओं के गुरू मुसलमानों के पीर गुरूनानक शाह फकीर ''सर्वधर्म सद्भाव के अग्रदूत'' मानवता के उपासक श्री गुरूनानक देव जी का प्रकाशोत्सव बड़ी ही श्रद्धा उल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। पिछले पंद्रह दिनों से प्रकाशोत्सव पर्व को मनाने की तैयारियों चल रही थीं, नगर में प्रभात फेरी, शबद कीर्तन का गायन प्रारम्भ हो गया तथा साथ ही साथ गुरुद्वारा में श्री अखण्ड पाठ साहिब की श्रृंखला प्रारम्भ हो गयी थी, जिसका कि समापन शुक्रवार अर्धरात्रि प्रकाशोत्सव के पश्चात शबद कीर्तन व कवि दरबार के साथ ही गुरूद्वारा में हुआ तथा बहुत ही आकर्षक आतिशबाजी की गयी। श्री गुरुनानक जन्मोत्सव पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारे में सदर विधायिका श्री मती सरिता भदोरिया ने मत्था टेक कर संगत को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरूनानक देव जी के उपदेशों से प्रेरित सिख समाज के द्वारा की जाने वाली सेवा चाहे युद्ध का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो, देश की सेवा हो जिस पर सम्पूर्ण सिख समाज के लोग हिम्मत, लगन और मेहनत के साथ समर्पित होकर कार्य करते हैं। उन्होंने गुरबानी की पंक्तियाँ सुनाकर संगत में ऊर्जा का संचार कर दिया जिससे पूरा गुरुद्वारा बोले सो निहाल के नारों से गुंजायमान हो गया। उन्होंने सभी को श्री गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से गुरद्वारा में सदर विधायिका श्री मती सरिता भदोरिया को तरनपाल सिंह कालड़ा ने सरोपा, शॉल भेंट कर स्वागत किया। गुरूद्वारा कमेटी श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा गुरमति प्रचार सभा इटावा के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालड़ा ने गुरुद्वारा में अपने सम्बोधन में बताया कि गुरुनानक साहिब ने मनुष्य के लिये समानता का रास्ता बनाया, उन्होंने समझाया कि हम सब एक पिता के बच्चे हैं, इसलिये हम सब बराबर हैं, मनुष्य को हिन्दू-मुसलमान में बाँटना वर्ण में बॉटना ऊँच-नीच समझना बहुत बड़ा अधर्म है, गुरु साहिब ने संगत व पंगत की परम्परा को चलाकर मानवता को एकता व बराबरी का प्रचार किया और गुरुग्रन्थ साहिब में अंकित किया। उन्होंने कहा अब्बल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बन्दे, एक नूर ते सब जग उपजया कौन भले को मन्दे समाज व धर्म की सभी बुराईयों के प्रति सचेत भी किया व गुरूनानक देव जी ने मानव सेवा को सर्वश्रेष्ठ सेवा कहा। उन्होंने बताया कि श्री गुरुनानक देव जी के उपदेश श्री गुरुग्रन्थ साहिब में अंकित हैं, भाषा बहुत ही सरल सहज व बोधगम्य है। गुरूनानक साहिब की वाणी में निर्मल और शीतल विचारों व भावों का प्रवाह है। मनुष्य की हर समस्या जैसे चिन्ता, दुविधा, निराशा, असफता, डर, अहंकार आदि का हल श्री गुरुग्रन्थ साहिब में दर्ज है। उन्होंने कहा कि श्री गुरुग्रन्थ साहिब में अंकित वाणी केवल सिखों का ही मार्गदर्शन नहीं करती बल्कि सारी मानवता को सही दिशा देने में समर्थ है।

# बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह।

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न रूपों में अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई और अन्य ऐतिहासिक पात्रों के रूप में प्रस्तुत होकर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के के डी सी महाविद्यालय इटावा के प्राचार्य, डॉ.महेंद्र सिंह ने बाल दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनमें नैतिकता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का विकास करना हम सभी का कर्तव्य है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं और उनके अंदर नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न करती हैं।

# मप्र का कारोबारी यूपी की धरती सीमा क्षेत्र के बाहर कर रहा अवैध खनन

- मध्य प्रदेश के पट्टे की आड में यूपी की धरती से किया जा रहा बालू का खनन



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा, नरैनी।** बिल्हरका गांव में सीमावर्ती मध्यप्रदेश के खनन माफिया केन नदी में पोकलैंड मशीन लिफ्टर मशीन से अवैध खनन कर रहे हैं। गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ने एसडीएम सहित सम्बंधित अधिकारियों से मामले की शिकायत की है।

सीमावर्ती क्षेत्र में केन नदी पर लगातार बालू का अवैध खनन कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुचाया जा रहा है। इसके पूर्व भी यहा अवैध खनन की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन खनन माफिया की राजनैतिक और प्रशासनिक पकड़ के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे हौसले बुलंद हैं तभी तो दिनदहाड़े नदी में पोकलैंड मशीन उतार कर खनन किया जा रहा है। बिल्हरका गांव के पूर्व ग्राम प्रधान मंगल सिंह ने बताया कि गांव के नदी घाट से लगभग एक किलोमीटर दूर बालू का धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। बताया कि उन्होंने उपजिलाधिकारी से मिलकर मामले की शिकायत की है साथ ही खनिज विभाग के एमओ, नायब तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी को अवैध खनन के फोटो ह्वाट्सएप के माध्यम से भेज कर जानकारी दी है। वही जनपद की सीमा क्षेत्र से मध्य प्रदेश के इलाके में केन नदी पर पानी के अंदर लिफ्तर डाल कर अवैध रूप से खनिज नियमावली का उलंघन कर बालू निकासी की जा रही है। खनिज माफिया लगातार जलीय जीवों सहित केन किनारे फसल और सब्जी की बाड़ी लगाने वाले लोगो की जबरन फसलों का नुकसान कर रहे है। अधाधुंध बालू की निकासी करने वाले खनिज माफिया लगातार आतंक पर उतारू है उनके प्रशानिक पकड़ ,पैसे और रसूख के आगे सभी नतमस्तक हैं।

# अंजुमन हाई स्कूल में पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाई स्कूल में पंडित जवाहर लाल नेहरू जी का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर गुलपोशी के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। प्रधानाचार्य श्री अतहर ने छात्रों को पंडित जवाहर लाल नेहरू से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंडित नेहरू जब बाल्यावस्था में थे तो एक दिन जब वो स्कूल से वापस अपने घर पर लौटे तो उन्होंने देखा कि पिंजरे में तोते बहुत जोर जोर से चीख रहे है तो पंडित नेहरू ने बिना कुछ सोचे उन तोतों को आजाद कर दिया, उनके इस काम को माली ने देख लिया माली ने उनपर बहुत चिल्लाया और कहा कि अब मैं मालिक को क्या जवाब दूंगा, इस पर पंडित नेहरू ने कहा कि हिंदुस्तान की जनता भी इसी तरह से अंग्रेजों से आजादी छह रही है जिस तरह से ये तोते आजादी चाहते थे। उन्होंने कहा कि एक बार पंडित नेहरू अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में किसी स्थान का दौरा कर रहे थे तो वह पर एक वृद्ध महिला ने उनकी कार रोक ली और कार से पंडित नेहरू को उतरवा लिया फिर उस महिला ने कहा कि तुम नेताओं को तो आजादी मिल गई हम गरीब जनता को कब आजादी मिलेगी? इस पर पंडित नेहरू ने कहा कि ये आजादी नहीं तो और क्या है कि अब आप एक प्रधानमंत्री का काफिला रोक कर उससे सवाल कर सकती हो, इस बात से वह महिला और जनता बहुत प्रभावित हुई थी। आगे उन्होंने बताया कि एक बार कुछ बच्चे पंडित नेहरू के पास ऑटोग्राफ लेने के लिए आए और उनके सामने अपनी डायरी लिख दी, पंडित नेहरू ने डायरी पर ऑटोग्राफ कर दिए इस पर छात्रों ने कहा कि अपने तारीख तो डाली ही नहीं, तब पंडित नेहरू ने उर्दू में तारीख लिख दी। इस पर छात्रों को बहुत ताज्जुब हुआ कि आपने ऑटोग्राफ तो इंग्लिश में दिए है और तारीख उर्दू में क्यों लिखी? इस पर पंडित नेहरू ने कहा कि अपने मेरे हस्ताक्षर ऑटोग्राफ यानी अंग्रेजी भाषा में चाहे थे और तारीख यानी उर्दू भाषा का प्रयोग किया था, मैने वही किया जो आपने चाहा इस पर वहां पर हर कोई हंस पड़ा था। ये थी उनकी शब्दों पर पकड़। अंत में प्रधानाचार्य ने छात्रों द्वारा लगाए गए स्टाल का उद्घाटन किया और बच्चों को मिक्की माउस का आनन्द लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आमिर खान ने किया।

### मुख्यमंत्री ने 04 दिवसीय 'कृषि भारत' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

# नीदरलैण्ड व उ.प्र. के मध्य हुआ एम.ओ.यू.

अवधनामा ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया
- मुख्यमंत्री को उ.प्र. माइक्रो इरिगेशन प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्राप्त आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट भेंट
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उ.प्र. में नेचुरल फार्मिंग का कार्यक्रम शुरू किया गया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'कृषि भारत' कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में तकनीक के आदान-प्रदान, कृषि व उद्यमिता को जोड़ने, फसलों के विविधीकरण और किसानों की आमदनी को बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उत्तर प्रदेश ने कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन व डेयरी सेक्टर में अपने उत्पादन को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। लेकिन इनमें अभी भी अनेक सम्भावनाएं विद्यमान हैं। कृषि में तकनीक का इस्तेमाल करके हम वर्तमान उत्पादन को तीन से चार गुना अधिक बढ़ा सकते हैं।

मुख्यमंत्री यहां 'कृषि भारत' के शुभारम्भ कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने 04 दिवसीय 'कृषि भारत' कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष नीदरलैण्ड की राजदूत मारिसा गेरार्ड व प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एम.ओ.यू. का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश माइक्रो इरिगेशन प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्राप्त आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई.) प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कृषि क्षेत्र में डिजिटल कृषि और टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए किसानों की आमदनी को बढ़ाने के दृष्टिगत 'कृषि भारत' कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। सी.आई.आई. एग्रोटेक इण्डिया वर्ष 2000 से 'कृषि भारत' कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। यह आयोजन पहली बार चण्डीगढ़ से हटकर उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रहा है। इस दृष्टि से यह कार्यक्रम काफी मायने रखता है। चार दिवसीय 'कृषि भारत' कार्यक्रम में नीदरलैण्ड भागीदार देश है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, स्पेन, युगांडा, यू.के. आदि देश इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़े विषय-विशेषज्ञ व स्टेक होल्डर्स 'कृषि भारत' कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि भारत कार्यक्रम देश के अलग-अलग एग्रो क्लाइमेटिक जोन के अन्नदाता किसानों व लोगों को एक-दूसरे से अपने अनुभव, तकनीक को साझा करने व कुछ नया सीखने का मंच प्रदान करता है। इस दिशा में नीदरलैण्ड की राजदूत मारिसा गेरार्ड ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अच्छा कार्य किया है। उत्तर प्रदेश व नीदरलैण्ड के मध्य एक एम.ओ.यू. यहां पर हुआ है। इसी प्रकार से यहां पर जी.टू.जी. के साथ-साथ बी.टू.बी. के भी कुछ एम.ओ.यू. सम्पन्न हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ जनसंख्या निवास करती है, जो देश की कुल आबादी का 17 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में देश की 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि है। प्रदेश में प्रचुर जल संसाधन की उपलब्धता है। परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश देश का 20 प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास की दिशा में अनेक प्रयास प्रारम्भ किए हैं। उत्तर प्रदेश में 06 कृषि विश्वविद्यालय केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से संचालित हैं। राज्य में 89 कृषि विज्ञान केंद्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में कृषि विज्ञान केन्द्रों की संख्या और भी बढ़ेगी। प्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स के सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस अच्छे ढंग से कार्य कर रहे हैं।

## स्वच्छता के सन्देश के साथ मना 'बाल दिवस'

अवधनामा ब्यूरो

- स्वच्छ भारत - स्वच्छ उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में सहायक स्वच्छ सारथी क्लब

**लखनऊ।** स्वच्छता का महत्व और उसके मूल्यों को आत्मसात कराने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी निकायों में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से 'बाल दिवस' को स्वच्छता का सन्देश देकर मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को एसटीपी, एफएसटीपी प्लांट, एमआरएफ सेंटर और वेस्ट टू वंडर पार्क पर एक्सपोजर विजिट करायी गयी और साथ ही स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न आईईसी गतिविधियों के माध्यम से उन्हें जागरूक भी किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील के साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। जिससे स्वच्छ भारत - स्वच्छ उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में उनके योगदान को साकार किया जा सके। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों को निकायो द्वारा सम्मानित भी किया गया। भारतीय संस्कृति, अच्छी सेहत और गुणवत्तापूर्ण जीवनशैली बनाए रखने के लिए स्वच्छता महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को सफल लोगों की आदत का भी श्रेय दिया जा सकता है। विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उनके स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को स्थापित करने के लिए 'बाल दिवस' पर प्रदेश की नगरीय निकायों में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्कूल, कॉलेजो और विश्वविद्यालयों के छात्रों को एफएसटीपी प्लांट, एमआरएफ सेंटर और वेस्ट टू वंडर पार्क पर एक्सपोजर विजिट करायी गयी। जहां उन्हें सेप्टिक के गाद को जैविक खाद में परिवर्तन की विधि, कूड़े के प्रकार जैसे सूखा और गीला और निष्प्रयोज्य वस्तुओं को सुन्दर आकृति में परिवर्तित कर पुनः प्रयोग के बारे में बताया गया।

### लोरी के रूप में मां के मुंह से उपजा बाल साहित्य

**लखनऊ।** साहित्य अकादेमी दिल्ली के दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन हिंदी संस्थान के निराला सभागार में चले बाल साहिती के सत्रों में संगोष्ठी, काव्य समारोह के संग पुरस्कृत लेखकों ने अनुभव साझा किये। संगोष्ठी के अध्यक्षीय उद्बोधन में ओड़िया विद्वान दाश बेनहुर ने कहा कि बाल साहित्य 18वीं सदी में नहीं शुरू हुआ, लोरी के रूप में मां के मुंह से बाल साहित्य का उदय हुआ। आश्चर्य है कि बाल साहित्य नज़रअंदाज होता रहा है। विडम्बना है कि प्रथम प्रधानमंत्री साहित्य अकादेमी के पहले अध्यक्ष रहे, पर उनके समय में बाल साहित्य पुरस्कार नहीं शुरू हो पाये। बच्चों के लिए लिखते समय मां की तरह सोचना और आगे बढ़ना चाहिए। अजय कुमार शर्मा के संचालन में चली संगोष्ठी में बांग्ला रचनाकार उल्लास मलिक ने बांग्ला बाल साहित्य के लेखन का हवाला देते हुए उसके इतिहास को सामने रखा। स्थानीय साहित्यकार जाकिर अली रजनीश ने कहा कि विज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बहुत सी बाल कहानियों ने नुकसान अधिक

## सितम्बर और अक्टूबर में 76 मरीजों को दी गई एक करोड़ की मदद

- गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही मुख्यमंत्री आर्थिक मदद योजना
- हर महीने अधिक से अधिक लोगों को आर्थिक सहायता दिलाने का किया जा रहा है प्रयास



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर सितम्बर और अक्टूबर महीने में प्रयागराज के साथ ही विभिन्न क्षेत्र के गम्भीर बीमारियों के शिकार 76 मरीजों को एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए की आर्थिक मदद दिलाई गई। जिससे कई लोगों को नई जिंदगी मिली। वहीं कईयों का बेहतर ईलाज हुआ। गम्भीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी खजाना पूरी तरह खोल दिए जाने और आम जनता का विश्वास बढ़ने के कारण मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मदद पाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जुलाई और अगस्त महीने में मंत्री नन्दी की पहल पर जहां 66 मरीजों को एक करोड़ तीस लाख 33 हजार 962 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। वहीं सितम्बर और अक्टूबर महीने में आर्थिक मदद की धनराशि एक करोड़ 69 लाख 90 हजार 962 रूपए का आंकड़ा पार करते हुए एक करोड़ 70 लाख तक पहुंच गई है।

मंत्री नन्दी के पहल पर प्रत्येक महीने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्र व जनपदों के गम्भीर रूप से बीमार दो से तीन दर्जन लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी बेहतर से बेहतर ईलाज करा सकें और अपना जीवन बचा सकें। मंत्री नन्दी ने कहा कि क्षेत्र की जनता का सुख दुख हमारा सुख दुख है। इसलिए पूरा प्रयास यही रहता है कि पैसे के अभाव में बेहतर ईलाज न हो पाने के कारण किसी की जान न जाए और लोग अपनों को न खोएं। इसलिए गम्भीर रूप से बीमार लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

### तीन दिवसीय आर्यकुंभ का आयोजन

**लखनऊ।** आर्य समाज के संस्थापक तथा महानचिंतक महार्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज स्थित आर्य गुरूकुल महाविद्यालय में कल से विराट आर्य महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के स्वामी जी के अनुयायियों का बड़ी संख्या में आगमन होगा। स्वामी जी की जयंती को स्मरणोत्सव दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें केरल के राज्यपाल मो0 आरिफ खान, कल्कि पीठाधीष्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन सहित अन्य महानुभाव पधारेंगें। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 16 नवम्बर को अपराह्न 3:00 बजे करेंगें। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम करहल रोड़ स्थित आर्य गुरूकुल महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

## "सहकारी संगठनों में नवाचार, तकनीकी एवं कुशल प्रशासन" विषय पर गोष्ठी

- 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का द्वितीय दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में ''सहकारी संगठनों में नवाचार, तकनीकी एवं कुशल प्रशासन'' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता बी.एन. सिंह, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उ.प्र. द्वारा की गई। विचार गोष्ठी में बैंक की गत 05 वर्षों में की गई उपलब्धियों के बारे में बैंक के प्रबंध निदेशक श्री शशि रंजन कुमार राव ने विस्तृत रूप से अवगत कराया कि बैंक की वित्तीय स्थिति में गत 05 वर्षों से निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत सरकार द्वारा सूचना प्रोद्योगिकी के माध्यम से सहकारिता के सुदृढ़ीकरण एवं पारदर्शिता लाने के लिए कंप्यूटरीकरण एवं डिजीटीलाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है जिसमें बैंक की 323 शाखाओं, 18 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय का कंप्यूटरीकरण का कार्य कराया जाना है। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के विशेषकर लघु एवं सीमान्त कृषकों को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र की योजनाओं में ऋण वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों के लिए अनेकों रोजगारपरक योजनाएं संचालित कर ऋण वितरण किया जा रहा है। विचार गोष्ठी में डॉ. राम कोमल, प्रधानाचार्य, आईसी सी एम.आर.टी लखनऊ, ने विस्तृत रूप से गोष्ठी के विषय पर आधारित पीपीटी के माध्यम से प्रेजेन्टेशन दिया। सहकारिता के क्षेत्र में कृषकों एवं सदस्यों के साथ पारदर्शिता एवं विश्वास बनायें रखने के लिए ब्राण्डिंग की आवश्यकता पर अति महत्व दिया गया।

अनीता मेयकर, नाबार्ड प्रतिनिधि ने सहकारिता के क्षेत्र में नाबार्ड द्वारा लागू की जा रही नई तकनीकी एवं भविष्य के लिए कार्यकुशलता, सहकारिता में डेटाबेस, कृषकों पर आसानी से पहुंच आदि पर तकनीकी रूप से किये जा रहे कार्यों के बारे मे भी अवगत कराया गया।

## 'नौजवानों का आंदोलन भले ही खत्म हो गया मगर भाजपा का चरित्र नहीं बदला'



### शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**लखनऊ।** शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को पश्चिम विधानसभा के राजाजीपुरम में शीतला देवी वार्ड में शहर कमेटी पदाधिकारियों की बैठक हुई। शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी सरकार में लगातार बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और अराजकता पर चर्चा करने के साथ ही नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार अपने वादों के खिलाफ काम कर रही है। रोजगार की बात की थी तो आज बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई खत्म करने की बात की थी आज महंगाई सबसे अधिक है। अराजकता खत्म करने का वादा किया था जो इनकी सरकार बनने के बाद और अधिक हो गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम जनता की आवाज बन कर लड़ाई लड़ रही है।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रयागराज में नौजवानों का आंदोलन भले ही खत्म हो गया हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी का चरित्र नहीं बदला है। भाजपा सरकार की मंशा यही है कि कैसे नौजवानों को धोखा दिया जाए। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने एक बयान में कहा कि अगर भाजपा सरकार की मंशा साफ और ईमानदार होती तो परीक्षा एक साथ कराने का निर्णय आ गया होता। लेकिन अभी भी कमेटी बना कर किसी तरीके से नकल माफियाओं और भ्रष्टाचारियों को बढ़ाने की तैयारी में हैं। आंदोलन जरूर समाप्त हुआ है, लेकिन जब-जब भाजपा को अवसर मिलता है नौजवानों के खिलाफ षडयंत्र कर के साजिश करने का काम करती है। हमें नौजवानों के साथ हमदर्दी है। हम हर तरह से नौजवानों के संघर्ष के साथ खड़े हैं। नौजवान जब-जब नौकरी मांगता है तो सरकार उनकी बात नहीं सुनती और लाठीचार्ज करती है। श्री अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में 19-19 पेपर लीक हो गये लेकिन सरकार नकल माफियाओं पर कार्रवाई न कर उनके हित में परीक्षा कार्यक्रम ला रही है। श्री अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे जितनी कोशिश कर ले हम युवाओं के साथ हैं और युवाओं के साथ किसी भी स्थिति में अन्याय नहीं होने देंगे।

## हजरत फातिमा जहरा की शहादत की याद में मजलिस-ओ-मातम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स) की शहादत की याद में शुक्रवार को इमामबाड़ों, कर्बलाओ व मस्जिदों में मजलिस ओ मातम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही उनके ताबूत की जियारत कराई गयी। रौजाए जैनबया टिकैत राय तालाब में मजलिस को मौलाना एहतिशाम हुसैन रिजवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत फातिमा जहरा (स) औरतों के लिए हर दौर में मिसाली किरदार हैं। इससे पूर्व हसन मिर्जापुरी ने अपने कलाम पेश किये। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मजलिस को मौलाना अफजल हैदर रिजवी ने खिताब किया। मजलिसों का आयोजन अंजुमन उम्मुल बनीन ने किया है। कर्बला दियानत उद दौला बहादुर काजमैन रोड में महिलाओं की मजलिस को जकिरा निगार फातिमा ने खिताब किया। मजलिस के बाद हजरत फातिमा जहरा (स) के ताबूत की जियारत कराई गई। अजाखाना वेकारुन्निसा न्यू नजफ में आयोजित मजलिस को मौलाना नासिर हुसैन ने खिताब किया। मस्जिद राहते सुल्तान नूरबाड़ी में मजलिस को मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत कराई गई। इमामबाड़ा आसिफउद्दौला हुसैनाबाद में मौलाना मिर्जा मोहम्मद राशिद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी मोहम्मद बशाश ने तिलावते कुराने पाक से किया। बारगाहे हुसैनी टापे वाली गली में मौलाना हाशिर जैदी ने मजलिस को खिताब किया। कदीम शबीह पुराना नजफ निवासगंज में मजलिस को मौलाना सईदुल हसन नकवी ने खिताब किया।

### दुखतरे रसूल का मातम आज

कर्बला दियानत उद दौला काजमैन रोड में शनिवार को रात 8 बजे मौलाना कम्बर अली रिजवी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद कर्बला परिसर में जुलूस की जियारत कराई जाएगी। मजलिस का आगाज कारी मिर्जा मोहम्मद फुरकान तिलावते कुराने पाक से करेंगे।

### मौलाना सज्जाद नोमानी देश की साम्प्रदायिक एकता के प्रतीक

**लखनऊ।** सेव वक्फ इंडिया ने प्रसिद्ध धर्मगुरु और आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नोमानी पर एक राजनैतिक दल के समर्थकों की टिप्पणी का विरोध किया है। संगठन के उपाध्यक्ष रिजवान मुस्तफा ने अपने एक बयान में कहा कि मौलाना सज्जाद नोमानी एक नेक विद्वान और देश की साम्प्रदायिक एकता के प्रतीक हैं। उनका अपमान किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रिजवान मुस्तफा ने कहा कि मौलाना सज्जाद नोमानी हमेशा इंसानियत, भाईचारे और शांति के संदेश को बढ़ावा देते हैं, उन पर अपमानजनक टिप्पणियां न केवल शर्मनाक हैं बल्कि समाज के बुनियादी मूल्यों के खिलाफ भी हैं। रिजवान मुस्तफा ने मौलाना के खिलाफ की गयी टिप्पणियों को समाज को बांटने वाली मानसिकता का परिणाम बताया। रिजवान मुस्तफा ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से मामले में हस्तक्षेप कर समर्थकों को अनुशासन में रहने की सीख देने की अपील की है।

## खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा कई प्रभावी व ठोस कदम उठाए गए हैं। खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थो के उत्पादन व विपणन के लिए भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं इस क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं व अनुदान आदि की व्यवस्था भी की गयी है। आर फ्रैंक के निदेशक एस के चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ मिलिंग टेक्नोलॉजी के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 एकड़ ज़मीन लखनऊ में रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को दी गई है। जिस पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस के निर्माण के लिए बुधवार को एक त्रिपक्षीय एम ओ यू फ़ूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट, सेंट्रल फ़ूड टेक्नोलॉजी रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मध्य साइन किया गया। इस सेंटर फॉर एक्सीलेंस का निर्माण रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए एक सोसाइटी का गठन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेंटर के निर्माण से रोजगार के अवसर प्रदेश में बढ़ेंगे एवं रोजगार के लिए प्रदेश के युवाओं को तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त होगी। ज्ञातव्य है कि खाद्य एवं प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण औद्योगिक नीति-2023 पिछले वर्ष लागू की गयी थी।

### 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर होगा अभियान

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान का 16 से 30 नवम्बर 2024 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' के साथ समापन होगा। स्वच्छता पखवाड़ा को 2017 से भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारतीय डाक विभाग में अत्यधिक प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर गुजरात परिक्षेत्र, अहमदाबाद के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन एक नई दिशा में अग्रसर हो रहा है, जिसके तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम को पूरे देश और समाज में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान अपनाया गया है। इस थीम के अंतर्गत डाक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सभी नागरिकों को स्वच्छता की जिम्मेदारी समझाने और सफाई की आदतों को एक सामाजिक मूल्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर तालीमी बेदारी प्रोग्राम आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बज़्म ए ख्वातीन के तत्वाधान में जनाना पार्क अमीनाबाद मे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर तालीमी बेदारी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। दीपाली, लूसियाना, विशनुमति सेन, जीनत वाहिद, अनवर जहां, मैमूना बेगम आदि वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के तालीमी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तालीम के द्वारा उन्होंने आजादी के बाद नये भारत की तामीर की, क्योंकि उनका मानना था कि तालीमी आजादी भी जरुरी है, इसलिए वह कौमी तालीमी व्यवस्था के हामी थे, इस अवसर पर बज़्म ए ख़्वातीन की अध्यक्ष बेगम शाहनाज सिदरत ने कहा कि वह ईस्ट और वैस्ट को मिलाकर ऐसा निजाम चाहते थे जिससे नई और पुरानी दोनों तालीम से नई नस्ल फायदा उठा सके, उनकी नजर में तालीम की बुनियाद नैतिक मूल्यों पर होना चाहिए, वह मादरी जबान मे तालीम चाहते थे। वह मुस्लिम महिलाओ को तालीम के जबरदस्त समर्थक थे, वह गैर इस्लामी पर्दे के खिलाफ थे, और चाहते थे कि वह भी आत्मनिर्भर बनें, औरतों की तालीम के जरिए वह भारतीय समाज में ऐसी नस्ल तैयार करना चाहते थे जो देश और समाज के लिए फख्र का सबब बन सके।

## सुल्तानुल मदारिस की दीवार पर दुकानों के लिए बनाए निशान का मौलाना सैफ अब्बास ने किया विरोध

- इस तरह के कामों से धार्मिक और शैक्षिक संस्थानों का वातावरण बाधित होगा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मदरसा सुल्तानुल मदारिस के पास नगर निगम के फुटपाथ पर दुकानों के लिए बनाए निशान और नम्बरिंग के विरोध में मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। मौलाना ने कहा कि धार्मिक स्थलों के पास इस तरह से दुकानें स्थापित करने से धार्मिक स्थलों की पवित्रता और गरिमा को ठेस पहुंचेगी और यह कार्रवाई माहौल प्रभावित करेगी। मौलाना ने कहा कि इस तरह के कामों से धार्मिक और शैक्षिक संस्थानों का वातावरण बाधित होगा और इससे आने-जाने वाले लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। मौलाना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन से इस तरह की किसी भी कार्रवाई को वापस लेने और धार्मिक स्थलों के आस-पास ऐसी गतिविधियों के संचालन को रोकने की अपील की। उन्होंने कहा की यह धार्मिक लिहाज़ से काफी महवत्पूर्ण स्थल है इसके पास हार्ट अस्पताल लड़कियों का स्कूल और गुफरानमाब इमामबाड़ा भी है जिससे की यहाँ पर यह अवैध क़ब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा उन्होंने कहा की इस मदरसा पर मेडिकल कॉलेज की नज़र पहले से ही है ऐसे में होशियार रहने की ज़रुरत है क़ौम के हर फर्द उलेमा का फ़र्ज़ है इसको बचाने के लिए आगे आये।

वहीं मदरसा सुल्तानिया के मौलाना इस्हाक़ हुसैन ठुद्द कहा की मदरसा की दीवार पर दुकानों का नंबर लिखे जाने पर उन्होंने मौके पर मौजूद नगर निगम कर्मचारियों से कड़ा विरोध जताया है उन्होंने कहा की मदरसा हुसैनाबाद ट्रस्ट के अधीन है इसलिए कल एडीएम / सचिव से भी बात करेंगे।

## बक्शी का तालाब में 200 बेड का बनेगा छात्रावास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ के परिसर में 200 बेड (100कमरे) के छात्रावास के निर्माण हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन

द्वारा प्रदान की गयी और इसके लिए प्रथम क़िस्त के रूप में रू 4करोड़ 75 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदान की गयी है।

जारी शासनादेश में कहा गया है कि इस कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ द्वारा प्रस्तुत आगणन रू0 1907.55 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग, योजना भवन, लखनऊ द्वारा मूल्यांकित धनराशि रू0 1773.46 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-60- अन्यभवन-051-निर्माण-03-दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ में 200 बेड के छात्रावास का निर्माण-24-वृहद निर्माण कार्य मद में प्राविधानित बजट व्यवस्था रू0 950.00 लाख सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू0 475.00 लाख की स्वीकृति निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन की गयी है।

जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टयों एवं मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पादित किया जायेगा।